सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-99 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 16 सितम्बर 2023
29 सफर, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

न्यूज डायरी

26 आईपीएस बने

लखनऊ। प्रांतीय पुलिस सेवा के 26 अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा काडर में प्रोन्नत कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी कर दिया। बता दें कि इससे पहले 21 अगस्त को आयोजित विभागीय प्रोन्नत समिति की बैठक में वर्ष 1993 और 1994 बैच के 26 अधिकारियों को आईपीएस काडर में प्रोन्नत करने की सहमति बनी थी। राष्ट्रपति की अनुमति मिलने पर इन सभी को आईपीएस काडर में प्रोन्नति प्रदान की गई है।

हाईकोर्ट पहुंची सरकार

प्रयागराज। नफरती भाषण देने के मामले में माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को मिली जमानत रद्द कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट ने विधायक अब्बास अंसारी को नोटिस जारी करते हुए मामले को 31 अक्तूबर को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह की अदालत ने दिया है। सरकार की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत ने जमानत देते वक्त उसके आपराधिक इतिहास को नजरंदाज किया है।

निपाह वायरस का कहर

नई दिल्ली। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस के संक्रमण से दो लोगों की मौत हो चुकी है और चार अन्य लोग संक्रमित हैं। आईसीएमआर ने भी अब निपाह वायरस के संक्रमण को लेकर चिंता जताई है। आईसीएमआर के डीजी राजीव बहल ने कहा है कि निपाह वायरस में मृत्यु दर 40-70 प्रतिशत के बीच है। आसान भाषा में इसे समझें तो कह सकते हैं कि निपाह वायरस से संक्रमित 100 लोगों में से 40-70 लोगों की जान जाने का खतरा है। राजीव बहल ने कहा कि कोरोना संक्रमण में मृत्यु दर सिर्फ 2-3 प्रतिशत थी। ऐसे में निपाह वायरस के संक्रमण की गंभीरता का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। राजीव बहल ने कहा कि निपाह संक्रमण को फैलने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यूपी में निवेश करें स्टील क्षेत्र के उद्यमी

सीएम योगी ने इंडियन स्टील एसोसिएशन द्वारा आयोजित समिट को किया संबोधित

- प्रदेश का माहौल निवेश के लिए अनुकूल: सीएम
- यूपी में निवेश की सुरक्षा की गारंटी सरकार की

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। सही मायने में कहा जाए तो यूपी अब भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

सीएम योगी शुक्रवार को इंडियन स्टील एसोसिएशन द्वारा होटल ताज में आयोजित समिट को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का बेहतरीन वातावरण है। सीएम योगी ने निवेशकों आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके निवेश की सुरक्षा की गारंटी सरकार की है। इसके साथ ही उन्होंने निवेशकों को सरकार की तरफ से हर तरह का सहयोग दिए जाने की बात भी कही। सीएम योगी ने कहा कि विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। आज प्रदेश में पर्व और त्योहारों में कोई दंगा-फसाद नहीं होता है। वीवीआईपी की विजिट बहुत सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होती है। 2019 के प्रयागराज कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे, लेकिन कहीं कोई आराजकता नहीं फैली। उन्होंने कहा कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश ने एक लंबी छलांग लगाई है। आज निवेश मित्र के रुप में देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफार्म उत्तर प्रदेश के पास है। सीएम योगी ने कहा कि 25 सेक्टर की पॉलिसी उत्तर प्रदेश ने जारी की है। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ होने वाले एमओयू की मॉनिटरिंग 'निवेश सारथी' पोर्टल के माध्यम से की जा रही है।

> सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बेहतर हो चुकी है। 2017 के पहले प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे। आज नौ एयरपोर्ट पूरी तरह से क्रियाशील हैं, जिनमें तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। इस वर्ष के अंत तक हम लोग 10 नए एयरपोर्ट को क्रियाशील कर देंगे, जिनमें अयोध्या और जेवर दो नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में काफी कार्य हुए हैं। वर्तमान में 13 एक्सप्रेस-वे संचालित और प्रस्तावित हैं।

सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान हमने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निर्माण की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है।

शादी के बाद दूसरी महिला के साथ रहना गलत नहीं

- दूसरी महिला के साथ रहना पति को तलाक से वंचित नहीं करता: दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी से अलग होने के बाद लंबे समय तक किसी अन्य महिला के साथ रहने वाले पति को क्रूर नहीं कहा जा सकता है। जब दोबारा मिलने की कोई संभावना न हो। ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वे 2005 से अलग-अलग रह रहे थे और दोबारा मिलने की कोई संभावना नहीं थी।

लंबे समय से मतभेद और पत्नी द्वारा की गई आपराधिक शिकायतों ने पति को परेशान कर दिया। अदालत ने कहा कि विवाद पति और उसके परिवार के सदस्यों के अनादर से उत्पन्न होते हैं। बार-बार होने वाले झगड़ों के परिणामस्वरूप मानसिक पीड़ा होती है, जिसका कोई समाधान नहीं है और पत्नी का आचरण निर्विवाद रूप से क्रूरता के बराबर है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने 13 सितंबर के एक आदेश में कहा कि इस तरह के लंबे समय तक मतभेदों और आपराधिक शिकायतों ने प्रतिवादी-पति के जीवन को शांति और वैवाहिक रिश्ते से वंचित कर दिया, जो किसी भी वैवाहिक रिश्ते का आधार हैं।

पुलिस-वकील विवाद: हापुड़ के एसीपी और सीओ हटाए गए

- बरेली व सहारनपुर में हुआ ट्रांसफर
- बृहस्पतिवार को खत्म हुई थी हड़ताल

लखनऊ। राज्य सरकार ने अधिवक्ताओं की मांग पर हापुड़ के एडिशनल एसपी और सीओ का तबादला कर दिया है। बता दें कि बृहस्पतिवार को आंदोलनरत अधिवक्ताओं के साथ उच्चस्तरीय बैठक में हड़ताल खत्म करने की सहमति बनी थी। अधिवक्ता संगठनों ने अपनी बाकी मांगों के अलावा हापुड़ में तैनात पुलिस अधिकारियों को हटाने को भी कहा था।

शुक्रवार को अधिवक्ताओं के काम पर वापस लौटने के बाद राज्य सरकार ने उनकी मांग को मानते हुए दो पीपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। आदेश के मुताबिक हापुड़ के एडिशनल एसपी मुकेश चंद्र मिश्रा का तबादला बरेली में एडिशनल एसपी ग्रामीण के पद पर किया गया है। वहीं बरेली के एडिशनल एसपी ग्रामीण राजकुमार को हापुड़ भेजा गया है। इसी तरह हापुड़ में तैनात सीओ अशोक कुमार सिसौदिया का तबादला सहारनपुर किया गया है। वहीं सहारनपुर में तैनात जितेंद्र कुमार शर्मा को हापुड़ भेजा गया है। लखनऊ में हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश में चल रही वकीलों की हड़ताल समाप्त हो गई थी। बृहस्पतिवार शाम उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन और सरकार के अधिकारियों के बीच हुई बातचीत में सरकार ने पांच सूत्री मांगों पर सहमति दी। सरकार के आश्वासन के बाद एसोसिएशन ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा की।

हवा में और बढ़ेगी भारत की ताकत

मोदी सरकार ने दी 12 सुखोई-30 एमकेआई जेट खरीद को हरी झंडी

- नौसेना के लिए जहाजों की खरीद को भी मंजूरी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लिए 12 सुखोई-30 एमकेआई की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा भारत में निर्मित किया जाएगा। रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि 11,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना में विमान और संबंधित ग्राउंड सिस्टम शामिल होंगे। विमान में आवश्यकता के अनुसार 60 स्वदेशी से अधिक स्वदेशी सामग्री शामिल होगी। उन्होंने बताया कि ये भारतीय वायु सेना के सबसे आधुनिक सुखोई-30 एमकेआई विमान होंगे जो कई भारतीय हथियारों और सेंसर से लैस होंगे। एसयु-30 एमकेआई भारतीय वायुसेना में सबसे ताकतवर विमान माना जाता है। भारतीय वायुसेना के पास 272 सक्रिय एसयु-30 एमकेआई हैं, इस विमान में दो इंजन हैं और दो चालको के बैठने की जगह है। इनमें से कुछ विमान को सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस को लॉन्च करने के लिए भी अपग्रेड किया गया है।

सुखोई विमान 3,000 किलोमीटर तक हमला कर सकता है। जबकि इसकी क्रूज रेंज 3,200 किलोमीटर तक है और कॉम्बेट रेडियस 1,500 किलोमीटर है। वजन में भारी होने के बावजूद यह लड़ाकू विमान अपनी तेज़ गति के लिये जाना जाता है। यह विमान आकाश में 2,100 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से फर्राटा भर सकता है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद को भी मंजूरी दे दी है जो हाइड्रोग्राफिक संचालन करने में इसकी क्षमताओं को काफी बढ़ाएगा। डीएसी ने भारतीय वायु सेना के प्रस्तावों के लिए आवश्यकता स्वीकृति भी प्रदान की, जिसमें संचालन के लिए सटीकता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए डोर्नियर विमान का एवियोनिक उन्नयन (अपग्रेडेशन) शामिल है। स्वदेशी रूप से निर्मित एएलएच एमके-4 हेलीकॉप्टरों के लिए एक शक्तिशाली स्वदेशी सटीक निर्देशित हथियार के रूप में ध्रुवास्त्र शॉर्ट रेंज एयर-टू-सरफेस मिसाइल की खरीद को डीएसी द्वारा मंजूरी दे दी गई है।

पंचतत्व में विलीन हुए मेजर आशीष

- पत्नी ज्योति व बेटी वामिका ने किया सैल्यूट
- तिरंगे से लिपट रोए पिता लालचंद

पानीपत। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए मेजर आशीष का अंतिम संस्कार उनके गांव बिंझौल में किया। मेजर के पार्थिव शरीर को पहले पानीपत के आवास पर लाया गया है। जहां अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ा रहा है। जिसके बाद सैन्य अधिकारी और परिवार वाले मेजर के पार्थिव शरीर को लेकर गांव बिंझौल पहुंचे। मेजर की अंतिम यात्रा को पानीपत शहर के बीच बाजार से निकाला गया ताकि शहरवासी मेजर आशीष अंतिम दर्शन कर सके। गांव के युवा बाइकों के जत्थे के साथ पार्थिव शरीर के आगे जुलूस के रूप में चले। मुख्य गलियों में तिरंगा लगाए गए। मेजर के पैतृक गांव बिंझौल के श्मशान घाट में उनको राजकीय सम्मान दिया गया। सेना के अधिकारियों, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने उनको पुष्प चक्र भेंट किया। वहीं पत्नी ज्योति व बेटी वामिका समेत परिवार के लोगों ने उनको सैल्यूट किया। उनके बाद पिता लालचंद व चचेरे भाई मेजर विकास ने उनको मुखाग्नि दी।

ज्ञानवापी परिसर में 41वें दिन एएसआई का सघन सर्वे जारी रहा

एएसआई साक्ष्यों की सूची बना कर जिला प्रशासन को सौंपेगा

वाराणसी। वाराणसी के ज्ञानवापी में वजूस्थल को छोड़कर संपूर्ण परिसर का सर्वे अब काफी अहम हो गया है। इस सर्वे के मिलने वाले ऐतिहासिक साक्ष्यों पर एएसआई की मुहर के बाद जिला प्रशासन संरक्षण करेगा। साक्ष्य अभी ज्ञानवापी परिसर में जरूर रहेंगे लेकिन इस पर जिला प्रशासन का मालिकाना हक होगा।

डीएम की निगरानी में इन साक्ष्यों को सूची बनाकर एएसआई की टीम सुपुर्दगी देगी। साक्ष्य की सुपुर्दगी मिलने के बाद डीएम की गठित टीम इसकी हर दिन निगरानी करेगी और न्यायालय के आदेश पर इसे पेश करेगी। हालांकि एएसआई अपना जल्द पूरा करने में जुटी है और छह अक्तूबर को कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेगी। शुक्रवार को भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम 41 वें दिन का सर्वे जारी रहा। जिला न्यायालय की ओर से चार सप्ताह का समय मिलने के बाद अब कम समय ही बचा है। अगले 20 दिनों में टीम को सर्वे पूरा करने का लक्ष्य लेकर टीम विभिन्न पहलुओं पर जांच करेगी। टीम ने सर्वे की रफ्तार बढ़ाने के साथ माह के अंत तक पूरा सर्वे करने का लक्ष्य रखा है। विशेषज्ञ तहखाने के अंदर साक्ष्य खंगालने के साथ उसकी सूची भी तैयार करेगा। परिसर के अंदर मिलने वाले साक्ष्य और सर्वे की अलग रिपोर्ट बनेगी, जिसकी एक कापी जिला प्रशासन को भी दी जाएगी। जिला जज ने छह अक्तूबर तक सर्वे की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

मामन खान दो दिन की पुलिस रिमांड पर

नूंह। फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को नूंह जिला अदालत ने पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस कस्टडी डिमांड पर भेजा है। पुलिस ने मामन खान को गुरुवार देर रात राजस्थान से गिरफ्तार किया था। इसके बाद शुक्रवार को उसे नूंह जिला कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। कोर्ट में पेशी के समय सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। हरियाणा पुलिस ने फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को नूंह हिंसा की साजिश रचने के मामले में राजस्थान से गिरफ्तार किया था। एडीजीपी ममता सिंह ने इसकी जानकारी दी थी। हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में शुक्रवार सुबह 10 बजे से 16 सितंबर की रात 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं।

रण के लिए भाजपा के सेनापति तैनात

यूपी में भाजपा ने 66 जिलाध्यक्ष बदले, 32 जिलाध्यक्षों पर दोबारा भरोसा जताया

- जिलाध्यक्षों में अगड़ों पर दांव, पिछड़ों को भी तवज्जो
- 30 ओबीसी, 20 ब्राह्मण, चार महिलाओं को दी कमान

लखनऊ। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के रण के लिए जिलाध्यक्षों के रूप में अपने सेनापतियों की टीम तैनात कर दी है।

चुनाव से ठीक छह महीने पहले घोषित जिलाध्यक्षों की सूची में पार्टी ने अगड़ों को तवज्जो दी है। लेकिन, पिछड़ों को भी पूरी तरजीह देकर सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनानेका प्रयास किया गया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी 80 सीटें जीतने और 60 फीसदी वोट हासिल करने का लक्ष्य रखा है। पार्टी ने अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए करीब दो महीने की मशक्कत के बाद जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इन्हीं 70 फीसदी नए चेहरों की टीम के साथ पार्टी ने चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया। इसी टीम के ऊपर लोकसभा चुनाव का पूरा दारोमदार होगा। लिहाजा पार्टी ने प्रत्येक क्षेत्र में वोट बैंक व जातियों के सामाजिक समीकरण को देखकर प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। पार्टी के 98 जिलाध्यक्षों की सूची में अगड़ी जातियों से 57 लोग शामिल हैं। इनमें ब्राह्मण समाज से 21, ठाकुर समाज के 20, वैश्य समाज के 8, कायस्थ समाज के 5 और भूमिहार समाज से 3 जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं पिछड़े वर्ग से कुल 36 लोगों को जिलों की कमान सौंपी गई है। इसमें पार्टी ने अपने परंपरागत जाट, गुर्जर, कुर्मी, सैनी, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा, लोधी और पाल समाज को पूरा मौका दिया है। पार्टी के एक जिम्मेदार नेता का कहना है कि वर्तमान में इंडिया गठबंधन के कई नेता सनातन विरोधी बयान देकर जातीय खाई बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

> **कामकाज के बूते बची सीट**
>
> भाजपा ने जिन 29 जिलाध्यक्षों को फिर मौका दिया है वह अपने कामकाज के बूते सीट बचाने में कामयाब रहे हैं। कुछ मौजूदा जिलाध्यक्षों को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का वरदहस्त भी था। स्थानीय सांसद और विधायक उन्हीं के पक्ष में थे। सूची में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के करीबी लोगों को भी मौका दिया गया है।

आजम खां के घर से बैगों में दस्तावेज भरकर ले गई जांच टीम

तीसरे दिन भी जारी रही छापेमारी

रामपुर। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां और उनके करीबियों के खिलाफ आयकर विभाग की जांच तीन दिन तक जारी रही। शुक्रवार शाम को जांच दल सपा नेता के घर से कई बैगों में दस्तावेज भरकर अपने साथ ले गई। कार्रवाई बुधवार सुबह से शुरू होकर शुक्रवार शाम तक चली। इसके बाद आजम ने मीडिया से कहा कि अफसरों को सभी सवालों के जवाब दे दिए गए हैं। जौहर ट्रस्ट के नाम पर हुए लेनदेन की जांच करने के लिए आयकर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह सपा नेता आजम खां, ट्रस्ट से जुड़े लोगों और करीबियों के घरों पर छापे मारे। यह कार्रवाई दिन और रात चलती रही। इस बीच टीम ने कई लोगों से पूछताछ भी की। विभाग के सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान अहम जानकारी हाथ लगी है। इस संबंध में अधिकृत रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई। आयकर विभाग की टीम ने रामपुर के अलावा लखनऊ, सीतापुर और गाजियाबाद सहित अन्य शहरों में कार्रवाई की। उधर, आयकर विभाग की टीम को जौहर यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर में दर्ज आंकड़ों की जांच के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियर को बुलवाया गया। सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की।

फसलों की रखवाली कर रहे किसानों पर जंगल से निकले हाथियों ने किया हमला

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। निघासन क्षेत्र की बेलरायां रेंज में फसलों की रखवाली कर रहे किसानों पर जंगल से निकले हाथियों ने हमला कर दिया। जान बचाकर भागते समय तीन ग्रामीण गिरकर घायल हो गए। इनमें से किसान रामपाल को हाथी ने उठाकर पटक दिया और उसके पैर पर पैर रख दिया। इससे उसका पैर टूट गया परिजनों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। रामपाल की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग के रेंजर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए वन विभाग की टीम को रवाना कर दिया पूर्व प्रधान ध्रुव वर्मा ने बताया कि खेतों की रखवाली कर रहे लोगों ने भुलनपर गांव के किनारे मंदिर के पास धान और गन्ने के खेतों में रात दो बजे हाथियों के होने की सूचना दी।

सूचना मिलते ही ग्रामीण लाठी-डंडा, पटाखा और आग जलाने के लिए फूस वगैरह लेकर मंदिर के पास पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख हाथी चिंघाड़ने लगे। हाथियों के चिंघाड़ने पर ग्रामीणों ने आग जलाई और पटाखे दगाए पटाखे की आवाज सुनते ही हाथी भड़क गए और ग्रामीणों पर हमलावर हो गए। हाथियों से बचने के लिए ग्रामीण गांव की तरफ भागे लेकिन हाथियों ने रामपाल वर्मा को उठाकर पटक दिया और उसके पैर पर पैर रख दिया। इससे रामपाल का पैर टूट गया। वहीं कौशल उर्फ़ गोचली, अंकुर वर्मा, सर्वेश को भी काफी चोटें आई। ग्रामीणों के और शोर मचाने और पटाखे दगाने पर जंगली हाथी जंगल की तरफ चले गए। हाथियों के जाने के बाद ग्रामीण घायलों को उठाकर निघासन सीएचसी ले गए। जहां से रामपाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि कौशल, अंकुर वर्मा और सर्वेश का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। हाथियों के हमले में ग्रामीणों के घायल होने से ग्रामीणों में रोष है।

पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला आया सामने

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवक ने उसके साथ दरिंदगी की। पुलिस ने पीड़ित बच्ची का मेडिकल चेकअप कराया वहीं, आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी पांच वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि उसी गांव का पड़ोसी युवक बच्ची को बहला फुसलाकर टॉफी देने के बहाने अपने घर ले गया। कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर तक बच्ची घर नहीं पहुंची। इसके बाद परिजनों को चिंता हुई और उसकी तलाश शुरू की गांव में तलाश करने के बाद लड़की पड़ोसी के कमरे में खून से लथपथ मिली। उसके कपड़े अस्त व्यस्त मिले। पीड़ित पिता ने बच्ची की हालत देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। घटनास्थल पर गहनता से छानबीन की मासूम बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया। एसपी गणेश प्रसाद साहा और सीओ ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। इस घटना से गांव में दहशत और लोगों में भारी नाराजगी है।

75,000 रुपये की मोटर साइकिल को किया गया कुर्क

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खीरी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अपराध से अर्जित की गई संपत्ति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके क्रम में को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पूर्व मे प्राप्त आदेश के अनुपालन मे अभियुक्त रामबाबू मिश्रा पुत्र शिवशंकरलाल मिश्रा नि0सिकन्द्राबाद रोड मोहल्ला पटेल नगर थाना गोला जिला खीरी सम्बन्धित मु0अ0स0 0027/2023 धारा 2ख (ii)/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना हैदराबाद जिला खीरी को उ0प्र0 गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के अन्तर्गत अभियुक्त द्वारा लूट जैसे अपराध कारित कर अनुचित धनोपार्जन कर अर्जित की गयी मोटर साइकिल पल्सर रंग काला लाल पट्टी रजि0न0 P 31 BX 4038 कीमत करीब 75,000 रुपये को तहसीलदार गोला विनोद कुमार गुप्ता व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कुर्क किया गया।

25 मोबाइलों को किया बरामद

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सर्विलांस सेल और क्राइम ब्रांच टीम ने अलग-अलग दिनों में लोगों के खोए 25 मोबाइलों को बरामद किया है। शुक्रवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुलिस आफिस में मोबाइल स्वामियों को बुलाया और उन्हें मोबाइल वापस सौंप दिए हैं। खोये मोबाइल मिलने से धारकों के चेहेरे पर खुशी देखी गई। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि जिले के 25 लोगों ने अलग-अलग दिनों में शिकायती पत्र दिया था कि उनके मोबाइल खो गए हैं। इन सभी मोबाइलों का पता लगाकर बरामद करने के निर्देश साइबर सेल और क्राइम ब्रांच की स्वॉट टीम को दिए गए थे। दोनों टीमों ने सभी 25 मोबाइलों को बरामद किया है। बरामद मोबाइलों की कीमत करीब 03 लाख 49 हजार रुपये है। मोबाइल पाकर धारकों के चेहरे खुल उठे।

दो नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। थाना मैलानी पुलिस द्वारा मु0अ0सं 343/2023 धारा 302/201 भादवि में नामजद/वांछित 02 नफर अभियुक्तों 1.नदीम खां उर्फ छोटे पुत्र शमसुद्दीन उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कुकरा थाना मैलानी जनपद खीरी 2.पूनम उर्फ परवीन पत्नी स्व0 आफाक खां उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम कुकरा थाना मैलानी जनपद खीरी को कुकरा तिराहे भीरा ङ्कगोला रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों नदीम उर्फ छोटे व पूनम उर्फ परवीन उपरोक्त दोनों की निशादेही पर मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रयुक्त 01 अदद आलाकत्ल चाकू खून सना व 01 अदद डमरू वाली सीमेन्ट की ईट बरामद किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ के दौरान आपसी प्रेम संबंध के कारण प्रेमी नदीम खां उर्फ छोटू व मृतक आफाक की पत्नी पूनम उर्फ परवीन द्वारा आफाक की हत्या करना बताया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण का चालान न्यायालय भेजा गया है।

लेखपाल के विरुद्ध कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

लखीमपुर खीरी। धौरहरा तहसील के एक लेखपाल के विरुद्ध कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। लेखपाल पर आरोप है कि अंधपुर गांव में हुए अग्निकांड के बाद लेखपाल ने मुआवजा व आवास दिलाने के नाम पर पीड़िता से 20,000 रुपए रिश्वत के तौर पर ले लिए थे। धौरहरा तहसील और ईसानगर थाना क्षेत्र के अंधपुर गांव में आग लग गई थी। अग्निकांड में फूलकुमारी पत्नी विश्वकर्मा भार्गव का घर और गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। हलका लेखपाल राकेश कुमार भार्गव ने पीड़िता को अग्निकांड का मुआवजा और सरकारी आवास दिलाने के नाम पर तीन किश्तों में 20,000 रुपए ले लिए। फिर भी पीड़िता को न मुआवजा मिला न आवास। इस पर पीड़िता अपने पति के साथ लेखपाल से मिलने उसके घर गई। तब लेखपाल ने अभद्रता की। इस मामले में पीड़िता ने कार्रवाई के लिए कोर्ट में अपील की। कोर्ट के आदेश पर ईसानगर पुलिस ने लेखपाल के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

बीईओ अमावां ने प्राइवेट विद्यालयों का किया निरीक्षण, खुली पोल

- अमावां क्षेत्र में प्राइवेट स्कूलों का हाल, मान्यता पांच की और पढ़ा रहे इंटर
- बीईओ की छापेमारी में प्राइवेट विद्यालयों की खुली पोल, सबको नोटिस जारी

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। अमावां क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की बाढ़ सी आ गई है। क्षेत्र में एक के बाद एक करके बिना मानक के ही प्राइवेट विद्यालय खुलते जा रहे हैं। मानक के विपरित चल रहे विद्यालयों की लगातार शिकायत मिलने पर शुक्रवार को बीईओ अमावां रत्नामणि मिश्रा ने क्षेत्र के प्राइवेट विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालयों के निरीक्षण में बीईओ अमावां ने पाया कि प्राइवेट विद्यालयों की मान्यता महज पांचवीं तक है और कक्षाओं का संचालन इंटर तक किया जा रहा है। बिना मान्यता के ही इंटर तक विद्यालयों को संचालित किए जाने पर नाराज बीईओ ने सभी प्रबंधकों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।

खण्ड शिक्षाधिकारी अमावां रत्नामणि मिश्रा ने शुक्रवार को अमावां क्षेत्र के संकुल बल्ला में संचालित प्राइवेट विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन मिला। बघई अहलवार ग्रामसभा के पूरे महादेवन गांव स्थित शिवहर्ष पब्लिक स्कूल की मान्यता महज पांचवीं क्लॉस तक वहीं यहां पर इंटर तक की कक्षाओं का संचालन पाया गया। थुलवासा में स्थित शिव गोविंद विद्यालय जिसकी मान्यता महज पांचवीं क्लॉस तक है, यहां पर कक्षाओं का संचालन इंटर तक पाया गया। इसके अलावा ज्ञान विद्या मंदिर जिसकी मान्यता आठवीं क्लॉस तक है, यहां पर कक्षाओं का संचालन इंटर तक पाया गया। इसके अलावा मदरसा के रूप में संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल जिसकी मान्यता दसवीं तक है, यह इंटर तक संचालित पाया गया। बीईओ अमावां को सभी विद्यालयों में कार्यरत स्टॉफ में भी शिक्षक बिना डिग्री के ही पढ़ाते हुए मिले। बीईओ रत्नामणि मिश्रा ने सभी विद्यालयों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं, उन्होंने कहा कि अगर विद्यालयों का संचालन मान्यता से अधिक कक्षाओं का होता है तो एसडीएम व अन्य उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराते हुए विद्यालयों का संचालन बंद कराया जाएगा। बीईओ अमावां ने पाया कि यहां इंटर तक पढ़ने वाले अधिकतर बच्चे स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल घूराडीह और धुन्नी सिंह स्मारक विद्यालय पूरे गुमान में पंजीकृत है। उन्होंने इन दोनों ही विद्यालयों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

पलटा ई. रिक्शा, स्कूली बच्चे घायल

सीतापुर। बिसवां क्षेत्र के मंशाराम चुंगी के निकट स्कूली बच्चों को ले जा रहा ई रिक्शा पलट गया। इस हादसें 6 से अधिक स्कूली बच्चे घायल हो गए। घायलों में एक बालिका भी शामिल है। दो बच्चो की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद सभी घायल बच्चो का बिसवां सीएचसी में भर्ती कराया गया। सभी बच्चे बिसवां के ग्राम राजडीह स्थित बीएनएसडी स्कूल जा रहे थे। इधर बिसवां सीएचसी में डॉक्टरों ने दो बच्चों की नाजुक हालत को देखते हुए, उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया है। घायल बच्चों में कांति देवी पुत्री मनोहर लाल उम्र करीब 19 वर्ष, वर्षित पुत्र वीरेंद्र कुमार उम्र करीब 13 वर्ष, अवनीश पुत्र वीरेंद्र कुमार उम्र करीब 7 वर्ष निवासी कोव्वाखेरा तहसील बिसवां शामिल हैं।

छात्र व छात्राओं ने निपुण असेसमेंट टेस्ट में किया प्रतिभाग

सीतापुर। विकास खंड कसमंडा क्षेत्र के 142 परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार निपुण असेसमेंट टेस्ट कराया गया। प्राथमिक स्तर से कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

इस परीक्षा में लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा छात्र व छात्राओं ने प्रतिभा किया। परीक्षा पूर्ण होने के बाद ओएमआर सीट को सरल एप के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करना था। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्याओं को लेकर अध्यापकों को नेटवर्क समस्या से अपलोडिंग करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष मिश्रा ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या आई है। जिससे सरल एप पर ओएमआर सीट अपलोडिंग करने में दिक्कतें आई है।

17 सितंबर तक चलेंगे कार्यक्रम

सीतापुर। आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्रांतीय गणित विज्ञान मेला व सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम दिनांक 17 सितंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम सदर ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर राम सिंह, प्रदेश निरीक्षक विद्या भारती, एसडीएम सदर सीतापुर, प्रधानाचार्य राम निवास सिंह,उप प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी,श्रीधर मिश्रा, आशीष गुप्ता जी, नेपाल सिंह, मिनांक्षी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

सीतापुर। जन्माष्टमी समारोह का समापन महोली क्षेत्र के ग्राम भुड़कुड़ा में विशाल दधि उत्सव के साथ किया गया। इस अवसर पर डीजे की धुन पर यात्रा में शामिल भक्त रंग गुलाल उड़ाते हुए निकले। श्रीकृष्ण भगवान के जयकारों के साथ बाबा बैजनाथ धाम पहुंचे। जहां दर्शन पूजन कर यात्रा फिर वापस गांव पहुंची। जहां इसका समापन किया गया। समापन पर सभी श्रद्धालुओं को ग्राम प्रधान ने प्रसाद वितरण किया। आकर्षक झांकियां ने नागरिकों का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण भगवान की आकर्षक झांकियां ट्रैक्टर ट्रालियों पर सजाई गई थी। वही यहां पर जन्मोत्सव समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी संपन्न कराए गए। जिसमें ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

गांवों में कुटीर उद्योग की भांति धधक रही शराब की भट्ठियां, जिम्मेदार मौन

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। तहसील क्षेत्र के शिवगढ़ थाना अंतर्गत गांवों में कुटीर उद्योग की भांति धधक रही शराब की भट्ठियों पर जिम्मेदार मौन हैं, शिकायत या फिर बड़े स्तर पर चलाए जाने वाले अभियान के अंतर्गत खाना पूर्ति करते हुए मामूली कार्रवाई कर जिम्मेदार इस ओर से मुंह मोड़ ले रहे हैं, पिछले वर्ष हुए पहाड़ पुर शराब कांड से यदि जिम्मेदार सीख लिए होते तो शिवगढ़ थाना क्षेत्र में जिम्मेदारों की सरपरस्ती में खुलेआम शराब की भट्ठियां ना धधकती लगातार हो रही चोरियां और क्षेत्र में नशेड़ियों के सक्रिय होने से तंग आ कर महराजगंज विकास खंड क्षेत्र के पाराकलां ग्राम प्रधान ने क्षेत्र में धधक रही अवैध शराब की भठ्ठीयों को लेकर मुख्यमंत्री और एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की गुहार लगाई है, वहीं क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है, कि सीओ महराजगंज के सिथिल

पर्यवेक्षण का नतीजा भी है, कि उनके मातहतों को किसी प्रकार का भय नहीं है, और शिवगढ़ क्षेत्र में खुलेआम शराब की भट्ठियां धधकती है,और खुलेआम शराब बिकती है, और नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है, स्थानीय आबकारी व पुलिस अफसर सब जानते हुए भी अंजान है,और कागजों पर कार्रवाई का ढिंढोरा पीटकर मुख्यालय तक रिपोर्ट भेज रहे हैं, किंतु सच्चाई ये है, कि अफसर अवैध शराब बनाने वालों पर कार्रवाई के बाबत कार्यालय से निकलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।

शराब के कारोबार से आजिज ग्राम प्रधान पाराकलां गीता ने मुख्यमंत्री और एसपी को पत्र लिखकर कहा है, कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मन्नू मजरे पाराकलां बोधी खेड़ा नया पुरवा लोनार हरिपुर तौली सहित दर्जनों जगहों पर अवैध शराब का गोरखधंधा कुटीर उद्योग की भांति फल फूल रहा है, कारोबारियों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है, प्रधान ने पत्र में दो अवैध शराब कारोबारियों का जिक्र भी किया है, जिनका नाम बबली पत्नी सुनील कुमार बैजनाथ पुत्र पितई शामिल हैं, वहीं कारोबारियों से महिनवारी वसूलने में लालता चौहान सिपाही का नाम भी प्रकाश में आया है।

गल्ला मंडी में आढ़त पर पौने दस लाख की लूट

- पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। शुक्रवार को शहर कोतवाली इलाके में बाइक सवार सशस्त्र बदमाशों ने एक गल्ला व्यापारी से पौने दस लाख रुपए लूट लिए। दिन दहाड़े हुई लूट की इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था को सवाल खड़े हो रहे हैं। बाइक सवार बदमाशों ने गल्ला व्यापारी से दिनदहाड़े लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। वारदात से आक्रोशित व्यापारी मंडी परिसर के अंदर ही धरने पर बैठकर घटना के जल्द खुलासे की मांग कर रहे हैं।

शहर कोतवाली इलाके के नारायण नगर निवासी पप्पू गुप्ता की गल्ला मंडी में आढ़त है। व्यापारी पप्पू का कहना है कि उन्होंने शुक्रवार की दोपहर स्टेट बैंक ऑफइंडिया सिविल लाइन स्थित मेंन ब्रांच से करीब 9 लाख 50 हजार रुपये निकाले। जिसके बाद कैश बैग में रखकर अपने मुनीम विनोद के साथ बाइक से अपनी आढ़त का निकले। व्यापारी व मुनीम आढ़त पर पहुंचे ही थे कि इसी बीच पल्सर बाइक सवार दो बदमाश आ धमके। इससे पहले कि पप्पू गुप्ता कुछ समझ पाते, बदमाश व्यापारी के हाथ से

रुपयों भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद मंड़ी के व्यापारी आक्रोशित हो उठे। व्यापारियों ने परिसर में ही धरना देना शुरू कर दिया। व्यापारी पुलिस से घटना की खुलासे की मांग करने लगे। घटना की जानकारी पाकर एएसपी प्रकाश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एएसपी ने व्यापारियों को वारदात के जल्द राजफाश का भरोसा दिया। एएसपी ने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एक सीसीटीवी में बदमाश भागते हुए कैद हुए है। एएसपी प्रकाश कुमार का कहना है कि शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से जल्द ही खुलासा किया जाएगा। फिलहाल इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

सीतापुर। विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत महराज नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को सीतापुर आंख अस्पताल के द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। समाजवादी छात्र सभा के जिला कोषाध्यक्ष शुभम रस्तोगी के द्वारा शिविर कराया गया। आयोजनकर्ता शुभम रस्तोगी ने बताया की नेत्र शिविर में कुल 160 रोगियों ने पंजीकरण कराया। जिसमें से 50 मोतियाबिन्द के मरीजों को सीतापुर आंख अस्पताल की बस से ऑपरेशन हेतु सीतापुर ले जाया गया। नेत्र शिविर में आंख अस्पताल से आयीं डाक्टर प्राकृति त्रिपाठी ने मरीजों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी। इस मौके पर फूल सिंह, दिव्या जयसवाल, मो समी एवं गाँव के तमाम लोग उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस कमेटी में सदस्यता अभियान की घोषणा

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। भारतीय युवा कांग्रेस रायबरेली ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय तिलक भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन कर युवा कांग्रेस कमेटी संगठन में एक महीने की सदस्यता अभियान की घोषणा की। जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान 15 सितंबर से प्रारंभ होकर 12 अक्टूबर तक चलेगा युवा कांग्रेस की सदस्यता के लिए 18 वर्ष से 36 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित है। आज लोकतंत्र दिवस के अवसर पर सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओ से के माध्यम

से रायबरेली जिले के नौजवानों से आग्रह करना चाहता हूं कि देश को लोकतांत्रिक भारत की दिशा में हमारे आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए जहां सामाजिक न्याय, कल्याण और समृद्ध अर्थव्यवस्था बनाने में कांग्रेस पार्टी का सहयोग करें। भारतीय युवा कांग्रेस संगठन आपको बेहतर भारत के लिए हमारी लड़ाई से अपडेट रहने में मदद करेगा और आपके हितों और कौशल से संबंधित स्वयंसेवी अवसरों के बारे में भी आपको सूचित करेगा। जब से देश में बीजेपी की सरकार आई है तब से बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है आजाद भारत में आज बेरोजगारी सबसे ज्यादा हो गई है। बीजेपी ने देश में सरकार बनने से पहले देश के युवाओं से हर साल 2 करोड़ नौकरियां का वादा किया था लेकिन 9 साल से ज्यादा बीत जाने के बाद भी आज नौजवानों के हाथ खाली हैं और इस सरकार ने उन्हें दर-दर की ठोकरे खाने के लिए छोड़ दिया है।

भारतीय युवा कांग्रेस देश के हर नौजवानों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी

सभी सम्मानित नौजवान साथियों से अनुरोध करते हैं कि देश के हर मुद्दे की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी के साथ आकर राहुल गांधी जी के संघर्ष को मजबूत कर इस देश में एक स्वतंत्र और मजबूर लोकतंत्र पुनः स्थापित करने में सहयोग प्रदान करें।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल बाजपेई, मोहित सिंह, लाल गोपाल यादव, प्रमोद कुमार, अखिलेश यादव, रमेश कुमार, अमर सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

30 सितम्बर तक करें आवेदनः विजय प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया है कि समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्थापित न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों एवं ब्लॉक संसाधन केन्द्रों के पुनर्गठन के सम्बन्ध में प्रति विकास खण्ड 05 अकादमिक रिसोर्स पर्सन के चयन की प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। जनपद में एआरपी के अवशेष रिक्त पदों पर चयन हेतु बेसिक शिक्षा परिषद उप्र के नियन्त्रणाधीन जनपद हरदोई के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/संविलयन (कम्पोजिट) विद्यालयों में कार्यरत् शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र सम्बन्धित विकासखण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 30 सितम्बर 2023 को सायं 05.00 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। एआरपी के पदों हेतु विषयवार निर्धारित अर्हताए होनी चाहिए। एआरपी (सामाजिक अध्ययन) स्नातक में कला संवर्ग में निर्धारित विषय-समाज शास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थ शास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्यविज्ञान, सांख्यिकी, कृषि। एआरपी (हिन्दी)-स्नातक में कला संवर्ग के अंतिम वर्ष मे हिन्दी अनिवार्य, एआरपी (गणित)-स्नातक पीसीएम संवर्ग (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित) तथा एआरपी (विज्ञान) -स्नातक जेडबीसी संवर्ग (जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) होना चाहिए। अर्हता वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता, प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक विद्यालय में न्यूनतम 5 वर्ष का शिक्षण अनुभव, सेवा निवृत्त होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हों। किसी भी प्रकार की जाँच गतिमान न हो और न ही पूर्व मे किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैंक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

गाजियाबाद। जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में हरिओम, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग श्री राजेन्द्र, सहायक आयुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, श्री जाफर अली, प्राविधिक सहायक, भूगर्भ जल विभाग, श्री एन0के0 पाण्डेय, सहायक पर्यावरण अभियन्ता, श्री रामदत्त, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), श्री मुरली सिंह, ए0डी0ए0ओ0, कृषि विभाग, श्री अशोक कुमार गुप्ता, वन विभाग एवं श्री आकाश वशिष्ठ, विषय विशेषज्ञ, नामित सदस्य द्वारा प्रतिभाग लिया गया। बैठक में पोर्टल पर नोटीफाइड

क्षेत्र के एन0ओ0सी0 निर्गमन / नवीनीकरण हेतु प्राप्त 29 आवेदन एम0एस0एम0ई0 श्रेणी के 04 एन0ओ0सी0 आवेदन, एम0एस0एम0ई0 श्रेणी के 28 कूप पंजीकरण आवेदन, सहित कुल 61 आवेदनों पर विचार किया गया। जिनमें से 47 आवेदन स्वीकृत एवं 16 आवेदनों पर अस्वीकृत की कार्यवाही की गयी।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि साहिबाबाद इण्डस्ट्रियल एरिया में हो रहे भूजल दोहन के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाये, एवं जिन फर्मो / संस्था द्वारा पूर्व में प्राप्त एन0ओ0सी0 के सापेक्ष कम्प्लायंस प्रस्तुत की गई हैं, एवं जिनके द्वारा कम्प्लायंस प्रस्तुत नही की गई हैं, उनकी जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करें।

अजीत सिंह बब्बन को मिली जिलाध्यक्ष की कमान

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जारी की सूची, बधाई देने वालों का लगा तांता

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारीयां तेज़ कर दी है। महीनों से जिलाध्यक्ष बदले जाने की सुगबुगाहट को ख़त्म कर इसका संकेत दिया दिया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन को हरदोई में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने हरदोई समेत 15जिलाध्यक्षों को बदले जाने की घोषणा की है। बताते चलें कि जिलाध्यक्ष बदले जाने को लेकर भाजपा में काफी दिनों से सुगबुगाहट चल रही थी। नए जिलाध्यक्ष के बारे में जानने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं समेत जनपदवासियों में उत्सुकता थी। भाजपा के तमाम नेताओं ने अध्यक्ष बनने के लिए पार्टी मुख्यालय से लेकर सांसद व विधायकों तक के चक्कर काटे। कुछ ने संघ का तो कुछ ने भाजपा के बड़े नेताओं का सहारा लिया। पार्टी कार्यकर्ताओं समेत जनपदवासियों को जिला अध्यक्ष की सूची जारी होने का काफी जोरों से इंतजार था। हर कोई अपने अपने खेमे के जिलाध्यक्ष बनने का दावा कर रहा था। कुछ लोग तो निवर्तमान जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा के कार्यकाल बढ़ाने की बात कर रहे थे, लेकिन इन सबको दरकिनार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने हरदोई समेत 15 जिलाध्यक्षों की घोषणा की है।

पूर्व मंत्री मुन्नालाल मौर्य की मनाई 58वीं जयंती, बांटे गए मरीजों को फल

अवधनामा संवाददाता

खागा/फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष स्थित रामपाल मौर्य पीजी कॉलेज सभागार में विकास पुरुष स्व. मुन्ना लाल मौर्य की 58 वीं जयंती पर वक्ताओं ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा की अलख जगाने के लिए भी उन्हें हमेशा याद किए जाने की बात की गई और कहा गया कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा, वही दहाड़ेगा। इसके पहले उनकी धर्मपत्नी एवं सपा विधायक ऊषा मौर्य के नेतृत्व में पूर्व मंत्री की समाधि पर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन हुआ।

सभागार में पूर्व मंत्री मुन्ना लाल मौर्य की आयोजित जन्म जयंती पर मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट ने कहा कि श्री मौर्य जीवन भर समता मूलक समाज की स्थापना, सांप्रदायिक सद्भाव, गरीबों के उत्थान के लिए काम करते रहे। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम एकजुट होकर देश को बचाने का काम करें। पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल ने कहा कि स्व. मुन्ना लाल मौर्य की सोंच, विचारधारा, चिंतन बिल्कुल अलग था और वे पार्टी से ऊपर उठकर गरीब, अमीर सभी के दुख दर्द को दूर करने का प्रयास करते थे। फतेहपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा कि उन्होंने गांव से लेकर देश की राजनीति तक अपना प्रभाव छोड़ा। वे बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलकर मानवता की सेवा में लग रहे। सपा के सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी व जिला महासचिव मंजर यार ने संयुक्त रूप से कहा कि वे सरल व्यक्तित्व के धनी और बेहद मिलनसार थे। पूर्व मंत्री की पत्नी एवं हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र की सपा विधायक ऊषा मौर्य ने कहा कि लगातार संघर्ष एवं जनता के आशीर्वाद ने उन्हें विधायक बनाया। उन्हें सिर्फकाम करते रहना है। उन्हें जनता के अलावा किसी से डर नहीं लगता। समाजवादी संघर्ष करना जानते हैं। लोगों से अनुरोध किया कि 2024 में पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। विधायक समेत अन्य नेताओं ने सदर अस्पताल के अलावा सीएचसी हुसैनगंज व हथगाम में जाकर मरीजों से भेंट की और फल वितरित किए। कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज के मुख्य द्वार के पास स्टॉल लगाकर राहगीरों को भोजन कराया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री के सुपुत्र विकल्प मौर्य, आदित्य मुन्ना मौर्य, संगीता राज पासी, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, फरमानुल हक, राजेश चौधरी, नरसिंह यादव, देवी दीन मौर्य, गुरु प्रसाद चौरसिया, विवेक सिंह यादव, देव कुमार दीक्षित, शादाब कमर भी मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करतीं विधायक ऊषा मौर्या व अन्य

ट्रेजरी ऑफिसर को दिए साफ सफाई के कड़े निर्देश

फर्रुखाबाद। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा कोषागार फतेहगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक रिसीविंग रजिस्टर बनाया जाए किस-किस विभाग के कितने बिल दाखिल किए गए हैं उनका अंकन किया जाए उसके पश्चात संबंधित पटेल सहायकों को बिल ट्रांसफर किए जाएं यही प्रक्रिया बिल वापसी के दौरान अमल में लाई जाए। मंत्री द्वारा समस्त पटलो, सिंगल लॉक कक्ष एवं डबल लॉक कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कार्यालय में गंदगी देख एवं पत्रावलियों का अभिवस्थित रखरखाव देख नाराजगी व्यक्त और वरिष्ठ कोषाधिकारी को कार्यालय की बेहतर साफ सफाई एवं पत्रावलियों का रखरखाव ठीक ढंग से करने के निर्देश दिए। डबल लॉक कक्ष के सामने कबाड़ा देख उसको नीलाम कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि निष्प्रयोजित पेपरो का शासनादेश के अनुसार निस्तारण किया जाए।

मोबाइल की दुकान से भीषण चोरी, नगदी समेत 12 लाख का मोबाइल ले उड़े चोर

अवधनामा संवाददाता

हाटा, कुशीनगर। कस्बे के गौरी बाजार तिराहे पर एम जी मोबाइल की दुकान से भीषण चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। यहां दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लगभग 12 लाख का विभिन्न कंपनियों का मोबाइल व 22 हजार नगदी चोरी कर चंपत बने। इस भीषण चोरी ने पुलिसिया गश्त की पोल खोल दी।

पुलिस के लगातार गश्त के बावजूद चोरी का मामला सामने आ रहा है। उधर इस भीषण चोरी से अन्य दुकानदारों में दहशत का माहौल है। चोरी की सूचना पर पुलिस ने जायजा लिया। आस पास के दुकानों में लगे सीसी कैमरों को देख पुलिस ने शीघ्र घटना का पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया। नगर पालिका हाटा के वार्ड संख्या 8 पगरा कालिका राव नगर निवासी सचिन कुमार राव की मोबाइल की दुकान एमजी मोबाइल गैलरी के नाम से बाघनाथ में सड़क के किनारे स्थित है। हर रोज की भांति वह

- पुलिसिया गश्त की खुली पोल, व्यापारियों में दहशत का माहौल

गुरूवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया। शुक्रवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो चोरी का वारदात देख हैरान रह गया। चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद दुकान का शटर गिरा दिया था।

घटना की सूचना पर नगर पालिका अध्यक्ष रामानन्द सिंह, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष टुनटुन राव आदि मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पीड़ित सचिन कुमार राव ने पुलिस को तहरीर सौंपकर 22 हजार रूपया नकदी व 12 लाख रूपये के लगभग 60 मोबाइल सेट की चोरी होने की जानकारी दी है। सीसी टीवी कैमरे में देखने पर शुक्रवार की सुबह 3.38 मिनट से 4.16 मिनट तक चोरों की हलचल दुकान पर दिखाई दिया। घटना में 5 से 6 युवक कैमरे में दिखाई दिए।

इस संबंध में कोतवाल हाटा ने बताया कि तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

चंद्रलोक गेस्ट हाउस में प्रशासनिक छापा

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। प्रशासन लगातार कुशीनगर परिक्षेत्र में पड़ रहे होटलों पर छापेमारी कर प्रशासन जिस्मफरोशी के

- आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए दो दर्जन से अधिक जोड़े
- प्रशासन के लगातार छापेमारी से होटल संचालकों में हड़कंप

धंधे पर लगाम लगाने का प्रयास कर रही है। शुक्रवार को कस्बा स्थित चंद्रलोक गेस्ट हाउस में एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के साथ छापेमारी छापेमारी के दौरान दो दर्जन से अधिक लड़के लड़कियां आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए।

पकड़े गए युवक युवतियों को एक बस में भरकर थाने लाया गया जहां इनके खिलाफ कार्रवाई चल रही है। लगातार हो रही गेस्ट हाउस में छापेमारी से होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। वही इन जिस्मफरोशी करने वालों में जरा सा भी भय नहीं दिख रहा है। रोजाना अवैध कार्यों में लिप्त लोग भी पकड़े जा रहे हैं। बता दें कि भगवान बुद्ध की धरती पर जिस्मफरोसी का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासनिक छापेमारी के बाद भी धंधेबाज बेखौफ जिस्मफरोसी का धंधा चला रहे है। पिछले दिनों अवधनामा अखबार ने लगातार देह व्यापार पर खबर प्रकाशित करता रहा है। इसको संज्ञान में लेकर पिछले एक सप्ताह से प्रशासन होटलों, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस व कुछ घरों में छापेमारी कर युवक युवतियों को पकड़ कर जेल भेज चुके है। बीते मंगलवार को एसडीएम योगेश्वर सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह के नेतृत्व में कसया नगर के जैन बिल्डिंग के समीप व सपहा रोड स्टेट बैक के पास मकानों के अलावा कुशीनगर, नेशनल हाईवे पर स्थित होटल रिद्धि सिद्धि, ब्लू हैवन और राज श्री होटल में छापामारी की गई, जहां तकरीबन दो दर्जन युवक-युवतियां पकड़े गए। बताया जाता है कि होटलों में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। इस दौरान प्रशासन ने होटलों के कागजात भी जांच किए, इसके बाद रिद्धि सिद्धि, ब्लू हैवन और राज श्री होटलों को सील कर दिया। मौके पर अधिकारियों ने पूछताछ की और पकड़े गए जोड़ो को थाने लेकर चली गई। इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम कसया व सी ओ कुंदन सिंह द्वारा चंद्रलोक गेस्ट हाउस में छापेमारी की गई जहां दो दर्जन से ज्यादा युवक युवतियां रंगे हाथो पकड़े गए। जिन्हे बस से थाने लाया गया। सभी के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है। अब देखना यह है कि इन जिस्मफरोशी के धंधों पर पूर्ण रूप से लगाम लग पता है या छापेमारी तक ही सिमट जायेगा। छापेमारी के दौरान पकड़े गए युवक युवतियों को थाने लाया गया जहां इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

कसया के उपजिलाधिकारी योगेश्वर व सीओ कुन्दन सिंह बुद्ध नगरी में अवैध रूप से बेखौफ संचालित देह व्यापार के कारोबार के प्रति गंभीर है। इन अधिकारियों ने अवैध कारोबारियों को चेतावनी दिया है कि किसी भी सूरत मे देहव्यापार बर्दाश्त नही किया जायेगा। इन्होंने कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस धंधे मे लिप्त कारोबारियों को किसी भी हालत मे बक्शा नही जायेगा।

शहीद स्मारक पर आप ने अनंतनाग में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। शुक्रवार को शहीद स्मारक सैनिक कल्याण वोर्ड पर बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अनंतनाग में शहीद हुए करनाल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौनेक, डीएसपी हुमायूं भट् राइफलमैन रवि कुमार को श्रद्धांजलि दी, अमर शहीदों पर पुष्प वर्षा एवं फूलमाला पहनाकर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सभी पदाधिकारी ने सावधान होकर राष्ट्रगान किया और श्रद्धा स्वरूप 2 मिनट का मौन रखा। सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी कर्नल रवींद्र सिंह जी ने शाहिद कर्नल मनप्रीत सिंह मेजर आशीष धौनेक, डीएसपी हुमायूं भट् तथा राइफल मैन रवि कुमार जी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किस प्रकार आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए, सभी ने उनकी वीरता कोई याद किया और सदैव देश हित में काम करने की प्रेरणा ली। शहीद स्मारक फतेहगढ़ में सैकड़ो की संख्या में फर्रुखाबाद के शहीदों के नाम और पता लिखे हुए जो कि हम सबको देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने के लिए प्रेरणा देते हैं। तथा हम सभी उन सैनिकों के आभारी रहेंगे जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देश की खातिर दिया है। जिला अध्यक्ष इंजी नीरज प्रताप शाक्य ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया की सैनिक की शहादत सर्वोच्च बलिदान है। हम सभी को उनकी इस शहादत के लिए सदैव कृतार्थ रहना चाहिए तथा उनके परिवार तथा बच्चों के लिए हर संभव सहायता हमें तथा हमारी सरकार को करनी चाहिए जिस प्रकार आम आदमी पार्टी मुखिया माननीय केजरीवाल जी प्रत्येक शहीद के आश्रित को एक करोड रुपए देते हैं। हम सरकार से गुजारिश करते हैं कि प्रत्येक शहीद के परिवार को एक करोड रुपए तथा उनके आश्रितों को आजीवन पेंशन दी जाए। यह हमारी जिम्मेदारी है जिससे सैनिक का परिवार भविष्य में सम्मानजनक जीवन जी सके और सैनिक द्वारा देखे गए सभी सपने पूरे हो। जो देश सैनिक का सम्मान करता है वह देश दुनिया का सिरमौर कहलाता है।

रामगंगा का पानी खेतों में आने से ग्रामीण परेशान

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। रामगंगा नदी मे तेजी से बढ़ रहे जलस्तर से अमृतपुर तहसील क्षेत्र के लोग परेशान हैं पिछ्ले दो दिनों से रामगंगा नदी का पानी खेतों मे घुसने से लोग परेशान हैं जिससे रामगंगा नदी के किनारे बसे लोगों की रात की नींद हराम हो गई है। गंगा नदी की बाढ़ झेल चुके तहसील क्षेत्र के लोग पहले ही बहुत परेशान हो चुके हैं।

गंगा नदी की बाढ़ की जद मे आने वाले खेतों की फसलें पहले ही नष्ट हो चुकी हैं अब रामगंगा नदी के किनारे के गांवों मे भी रामगंगा का पानी भरने लगा है जिससे लोग खासे परेशान नजर आ रहे हैं लोगों को खेत में खड़ी फसलों के डूबने का डर सता रहा है गंगा नदी की बाढ़ मे पहले ही हरा चारा घास नष्ट हो गई थी जो अभी भी तैयार नहीं हो पाई है जिससे पशुपालक रामगंगा नदी के किनारे के खेतों से चारे की व्यवस्था करके लाते थे परंतु रामगंगा नदी की बाढ़ से इन खेतों मे भी चारा घास आदि समाप्त हो जायेगा जिससे पशुपालकों के सामने चारे की विकट समस्या पैदा हो जायेगी। रामगंगा नदी का पानी अमैयापुर की पुलिया पर चलने लगा है जिससे लोगों आवागमन मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है रामगंगा नदी पानी अमैयापुर, बड़ागांव परतापुर, हरपालपुर, कोलासोता, भावन, गैलहर, बजीरपुर, चिड़िया महोलिया, आदि गांवों खेतों मे घुसने लगा है कोलासोता, हरपालपुर के खेतों मे रामगंगा नदी कटान कर रही है अलादपुर के भटौली गांव के पास रामगंगा के कटान से ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है। रामगंगा नदी का पानी राजेपुर कड़हर जाने रास्ते की कटे रोड पर चल रहा है जिससे ग्रामीणों द्वारा चंदा करके बनाया रास्ता बेकार हो गया है लोग नाव के सहारे आवागमन कर रहे हैं गंगा नदी के जलस्तर बढ़ रहा है

किसान, मजदूरों की समस्याओं को लेकर धरना

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। किसान व मजदूरों की राष्ट्रीय व क्षेत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को किसान मजदूर मोर्चा अराजनैतिक संगठन ने नहर कालोनी प्रांगण में धरना दिया। जिसमें किसान व मजदूरों की समस्याओं को उठाते हुए पीएम व सीएम को संबोधित पंद्रह सूत्रीय ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। किसान मजदूर मोर्चा अराजनैतिक संगठन के कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष सरोज पटेल की अगुवाई में पदाधिकारी नहर कालोनी पहुंचे। जहां मांगों को लेकर धरना देकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश व प्रदेश का किसान व मजदूर कई समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन उसकी एक नहीं सुनीं जा रही है। जिससे उसकी हालत बद से बदतर हो रही है। पीएम व सीएम से मांग किया कि किसान मजदूर आयोग का गठन करके संवैधानिक दर्जा दिया जाये, महिलाओं को भी किसान सम्मान निधि की तरह सम्मान निधि दी जाये, किसानों की आय दोगुना करके पीएम अपने वादे को निभायें, डीएपी खाद व कृषि यंत्रों के साथ ही ट्रैक्टरों के दाम आधे किए जायें, स्वास्थ्य बीमा की धनराशि पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख की जाये, वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन की धनराशि बढ़ाकर प्रतिमाह पांच हजार रूपये की जाये, थानों में गरीबों को न्याय दिलाकर धन उगाही बंद करवाई जाये, जिले में संचालित मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेजों के साथ ही अन्य संस्थाओं में स्थानीय युवाओं की भर्ती प्राथमिकता के आधार पर की जाये, सरकार द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में सवारियां ढोये जाने के लगाये गये बैन को हटाया जाये, सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाये, किसानों के विद्युत बिलों को सही करवाये जायें, अनरगल उनका कनेक्शन न काटा जाये। तेलियानी विकास खंड के ग्राम बिसौली या सलेमाबाद में पीसीएफक्रय केंद्र खोला जाये, ट्रकों में ओवर लोडिंग को तत्काल बंद करवाया जाये, भिटौरा ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत आवारा पशुओं के आतंक को देखते हुए तत्काल रोक लगाई जाये नहीं तो संगठन के लोग अनिश्चितकाल के लिए धरना देंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह पटेल, सिद्ध गोपाल सोनकर, नीरज पटेल, संतोष पटेल, अजीत सिंह पटेल, संतलाल, सरोज प्रजापति, सर्वेश पाल, गंगाधर वर्मा, जय सिंह पटेल, रामकरन पाल, श्यामलाल पाल, विनोद कुमार पटेल, इंद्रपाल मौर्य, मिथलेश कुमार, मुकेश सूर्यवंशी, इंद्रपाल कोरी भी मौजूद रहे।

जयवीर सिंह का जनपद भ्रमण आज

मैनपुरी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह दि. 16 सितंबर को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं। मंत्री प्रातः 09:15 बजे से शिवर कार्यालय, निकट रेलवे क्रॉसिंग करहल रोड पर जन समस्याएं सुनेंगे, दोपहर 12.15 बजे मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जिला पुरूष चिकित्सालय में आई.पी.एच.सी का शिलान्यास, 12.35 बजे महिला चिकित्सालय में 100 बेड एम.सी.एच विंग में लगे हैल्थ एटीएम का उद्घाटन करेंगे। अपराह्न 01 बजे रामलीला मैदान से सम्बद्ध रामकुमार सैनी, परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम, रामलीला मैदान में सी.सी. रोड, नाला निर्माण आदि कार्यों का लोकार्पण करेंगे, 1.45 बजे ग्राम पंचायत नरायनपुर मे् मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित कलश यात्रा का शुभारम्भ करेंगे। अपराह्न 02.15 बजे बौद्ध विहार स्थल निकट फतेहजंगपुर अंडरपास कौआ टोला कुरावली में बुद्ध विहार के पहुंच मार्ग, नाला निर्माण आदि कार्यों का शिलान्यास करने के पश्चात अलीगंज, एटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

डीएम के विशेष प्रयासों से मिली बड़ी सौगात

बलरामपुर अवधनामा संवाददाता। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जनपद को एक बड़ी सौगात मिली है। जनपद के तहसील बलरामपुर सदर के ग्राम कोईलरा में राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की सिद्धांतिक सहमति शासन द्वारा प्रदान कर दी गई है। इसके लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा विशेष प्रयास किया गया। जिलाधिकारी द्वारा राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए निरंतर शासन से पत्राचार करते हुए भूमि के चयन से लेकर विभिन्न आपत्तियां एवं आख्या का निराकरण किया गया एवं लगातार शासन स्तर पर फॉलोअप करते रह गया। जिसके परिणामस्वरूप शासन द्वारा तहसील सदर के ग्राम कोईलरा में राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण के सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है।

चोरी के माल सहित दो चोर गिरफ्तार

हमीरपुर। शुक्रवार को थाना कोतवाली सदर पुलिस को सूचना मिलने पर कलौलीतीर से हमीरपुर की तरफ ई-रिक्शा में चोरी का सामान लेकर दो -तीन लोग जा रहे है। उपरोक्त सूचना पर राठ तिराहा मोड के पास पहुंचे की सामने से आ रहे ई रिक्शा में लदा समान देखकर रोका गया तो उसमे बैठे 02 व्यक्ति भागने लगे जिन्हे घेरघार कर मौके पर ही पकड लिया गया।

पकडे हुए पहले व्यक्ति से नाम पता पुछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम अजय पुत्र रमेश उर्फ भल्ला 18 निवासी ग्राम कुछेछा थाना कोतवाली नगर हमीरपुर बताया। भागने का कारण पूछा तो बताया कि ई रिक्शा पर लदा फर्मा व गिलैण्डर मशीन चोरी की है।

जालौन में उर्विजा दीक्षित बनीं भाजपा जिलाध्यक्ष

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। जिला जालौन के इतिहास में पहली बार किसी सत्तारुढ़ दल भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा आज हाई कमान ने मैन बाडी की कमान महिला को सौप कर उर्विजा दीक्षित को भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष नियुक्त कर भरोसा जताया है। बताते चले कि नवनियुक्त भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित पूर्व में बहुजन समाज पार्टी से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और शासन की योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने में लोगों की मदद की। श्रीमती उर्विजा दीक्षित की पारिवारिक पृष्ठभूमि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद की है।

गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन द्वारा स्थानीय स्वामी विवेकानन्द इंटर कॉलेज सभागार में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संरक्षक अनिल माहेश्वरी की अध्यक्षता एवं अध्यक्ष पवन अग्रवाल के संचालन में आयोजित गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह में विवेकानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं हिन्दी के प्रवक्ता देवेंद्र तिवारी जी को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र, हाईस्कूल की परीक्षा में 95.50 अंकों के साथ जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राजनारायण सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रमुख शाखा के सदस्यों ने सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि भारत विकास परिषद गुरु वंदन छात्र अभिनंदन को राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाता है। नयी पीढ़ी में सेवा, संस्कार की भावना इससे जाग्रत होती है। उपाध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, पंकज अग्रवाल ने कहा कि देश में भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद गुरु वंदन, भारत को जानो, समूह गान जैसे संस्कार युक्त कार्यक्रम आयोजित कराता है।

जिलाध्यक्ष बने मुखलाल पाल

अमरनाथ, करन के बाद मुखलाल तीसरा बैकवर्ड चेहरा

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का जिले में अंत्वोगत्वा नेतृत्व परिवर्तन हो गया। मुखलाल पाल को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी द्वारा आज प्रदेश के जिन 79 जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई उनमें फतेहपुर में पिछड़े वर्ग के चेहरे को ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। लगभग 43 वर्ष के भाजपाई सफर में यह तीसरा मौका है जब पिछड़े वर्ग से जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके पूर्व 1985 में अमरनाथ चौरसिया व 2005 में करन सिंह पटेल पिछड़े वर्ग से थे। गौरतलब है कि भाजपा के नए जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की लगभग आठ साल बाद ज़िले की सक्रिय राजनीति में वापसी हुई हैं। ज़िला संगठन में अन्तिम बार वह 2012 से 2015 तक तत्कालीन जिलाध्यक्ष रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह के साथ जिला कार्यकारिणी में महासचिव थे। इसके पूर्व 2010 से 2012 तक वे प्रभुदत्त दीक्षित के साथ भी ज़िला इकाई में भी महासचिव रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने वर्ष 2000 के करीब भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा के 1980 में अस्तित्व में आने के बाद बने जिलाध्यक्षों की सूची पर गौर करें तो मिलता है कि जिले में 17 बार नेतृत्व परिवर्तन हुआ और 12 बार ब्राह्मण चेहरे पर मुहर लगी जबकि पांच बार गैर ब्राह्मण जिलाध्यक्ष हुआ। तीन बार पिछड़े वर्ग से, एक बार क्षत्रिय व एक ही बार दलित समाज को जिला नेतृत्व संभालने का अवसर मिला। भाजपा से यहां सर्वप्रथम स्व. सर्वदानंद शास्त्री जिलाध्यक्ष हुए, उसके बाद महेन्द्रनाथ बाजपेई, फिर अमरनाथ चौरसिया, स्व. श्रीधर शुक्ला वैद्यजी, स्व. उमा शंकर त्रिपाठी, स्व. हरि नारायण दुबे उर्फ़ नन्दन बाबू, मनोज शुक्ला, स्व. उमा शंकर त्रिपाठी, रमाकान्त त्रिपाठी, करन सिंह पटेल, कृष्णा पासवान, प्रभुदत्त दीक्षित, रणवेंद्र प्रताप उर्फ़ धुन्नी सिंह, दिनेश बाजपेई, प्रमोद द्विवेदी, आशीष मिश्रा और अब मुखलाल पाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बताते चलें कि भाजपा के जिन पांच गैर ब्राह्मण ज़िला अध्यक्ष हुए उनमें तीन करन सिंह पटेल, कृष्णा पासवान एवं रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह को आगे चलकर पार्टी ने विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया और तीनों जीतकर विधानसभा पहुंचे। कृष्णा पासवान मौजूदा समय में भी विधायक हैं। मुखलाल पाल को भाजपा का नया जिलाध्यक्ष नामित किए जाने पर स्थानीय पार्टीजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

जनता दर्शन लगा लोहारी ने सुनीं समस्याएं

फतेहपुर। प्रत्येक माह की भांति इस माह भी शुक्रवार को युवा भाजपा नेता एवं जमरावां वार्ड के जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फरिंकू लोहारी ने बारह मील चौराहा स्थित कैम्प कार्यालय में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन करके पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। समस्याओं का निराकरण कराये जाने के लिए उन्होने संबंधित अधिकारियों से वार्ता भी की। जनता दर्शन में रामपुर की रामसखी एवं फतेहाबाद की आरती, पुष्पा ने विकलांग पेंशन एवं फिरोजपुर की कई विधवा एवं वृद्धावस्था के फार्म आनलाइन किए गये। इस माह की पंद्रह तारीख को लगने वाले जनता दरबार में एडीओ समाज कल्याण अनिल ने तत्काल पेंशन के फार्मों में रिपोर्ट लगवाने का आदेश दिया। कई गांव के पंचायत सेक्रेटरियों ने वार्ता कर काम करने के लिए कहा। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि पीड़ितों की समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। शासन की योजनाओं से सभी को लाभान्वित किया जायेगा। इस मौके पर अशोक बाजपेई, नीरज, सुरेश दुबे, महेश तिवारी भी मौजूद रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माता श्रीमती अनीसा खातून पत्नी स्व. ज़फर अहमद की मृत्यु दिनांक 08/01/2019 को हो गई है।

मु. आमिर
स्व. ज़फर अहमद
निवासी- बसन्तपुर खास, भाग-2
पोस्ट -गीताप्रेस, गोरखपुर

कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री फारूक सिद्दीकी पुत्र श्री अहमद द्वारा सिक्रेटरी की हैसियत से संस्था मस्जिद अंजुमन इस्लामिया कमेटी, ग्राम व पो0. बेतिया, तहसील-पड़रौना, जिला-कुशीनगर के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 01. श्री मौलाना अकमल हुसैन - सरपरस्त 2. श्री जनाब नसरूल्लाह अंसारी सदर 3. श्री जनाब नैमुल्लाह सिद्दीकी-नायब सदर 4. श्री जनाब फारूक सिद्दीकी-सिक्रेट्री 5. श्री जनाब जिकरूल्लाह-ज्वाइन्ट सिक्रेट्री 6. श्री जनाब सिराज अंसारी-आडिटर 7. श्री जनाब कलाम-कोषाध्यक्ष 8. श्री जनाब मुर्तुजा 9. श्री जनाब अबरार अहमद 10. जनाब मसीहुज्जमा 11. जनाब लतीफ-सदस्य दर्शाये गये।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

(बी.के. सिंह)
सहायक रजिस्ट्रार
गोरखपुर मण्डल,
गोरखपुर

मण्डलायुक्त ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

○ मंडलायुक्त ने खाने की गुणवत्ता स्वयं खाकर जांची व साफ सुथरा, मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने रूदौली के अमराई गांव में बने मण्डलीय अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें 11 सितम्बर 2023 से शैक्षिक सत्र की शुरूआत हुई है। उन्होंने सर्वप्रथम विद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा विद्यालय की फर्श आदि की साफ सफाई बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों से बात की और उनसे विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली व बच्चों का मन लगा के पढ़ने के लिए प्रेरित किया। अगले चरण में उन्होंने विद्यालय के क्लास रूम सहित अन्य कक्षों का घूम घूम कर निरीक्षण किया तथा विद्यालय की दीवालों के सरफेस की फिनिशिंग बेतरतीब होने,गैलरी की लाइट एक सीध रेखा में न होने व जगह-जगह सीलन आदि को देखकर नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि परिसर की फिनिशिंग का कार्य सहित अन्य जो कमियां है उसके सम्बन्ध में सम्बंधित कार्यदायी संस्था अलग-अलग टीम लगाकर कमियों की चेक लिस्ट बनाएं और उसे किस प्रकार ठीक किया जाएगा इसकी कार्ययोजना बनाकर उसे तत्काल दुरुस्त करायें। मंडलायुक्त ने विद्यालय के स्टाफ से विद्युत आपूर्ति के बारे में जानकारी ली तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि विद्यालय में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति हेतु बनाये गये डेडीकेटेड फीडर को तत्काल ऊर्जित कर विद्युत आपूर्ति 24 घंटे विद्यालय में की जाय। उन्होंने कहा कि बच्चों को इनडोर व आउटडोर गेम खेलने के लिए विद्यालय प्रशासन एक व्यापक शेड्यूल बनाये और उनको खेलो के प्रति जागरूक करें।

दो ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ जन चौपाल

अवधनामा संवाददाता

बीकापुर-अयोध्या। विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत ताजपुर में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित चौपाल के दौरान सचिव नरेंद्र वर्मा, प्रधान अरविंद यादव, प्रधानाध्यापक प्रियाकांत पांडे के मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं के विषय में उन्हें अवगत कराया गया। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत दयाल जोत में भी पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान मिही लाल यादव की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडे तथा सचिव धनंजय मौर्य द्वारा लोगों से संवाद करके उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन किया गया। जरूरतमंदों को मिल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। और लोगों की जन समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। और निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया।

हफ्ते भर से जला ट्रांसफार्मर नहीं गया बदला, आटा चक्की और निजी नलकूप बंद

मिल्कीपुर -अयोध्या। विद्युत सब स्टेशन शाहगंज क्षेत्र के कोछा फीडर पर ग्राम सोहवल सलोनी पूरे बेरां में लगा ट्रांसफार्मर करीब एक हफ्ते से खराब पड़ा है। किसान ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए बिजली विभाग के चक्कर काट रहे हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर से एक आटा चक्की, छह निजी नलकूप तथा 12 घरेलू कनेक्शन हैं। ग्रामवासी राजेश मिश्रा ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए बिजली विभाग के कई बार शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदार अधिकारी लगातार टालमटोल कर रहे हैं। ग्रामवासी सुंदर लाल यादव, राम अंजोर यादव, राजाराम, सियाराम, राम जग, भगवती मौर्य, कल्लू, रामू, भवानी प्रसाद आदि ने बताया कि इसके बाद में पलिया लोहानी में जला ट्रांसफार्मर बदलवा दिया गया, लेकिन मेरे यहां का ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है। बताया कि जेई द्वारा लगातार आज आ जाना, फिर कल आ जाना ट्रांसफार्मर बदलवा देंगे।

मेरी माटी, मेरा देश अभियान
एकत्र किया गया मिट्टी चावल

अवधनामा संवाददाता

बृजमनगंज (महराजगंज)। विकास खण्ड बृजमनगंज के ग्राम पंचायत सहजनवा बाबू में शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख उदयराज यादव की अध्यक्षता में प्रधान संघ अध्यक्ष राजू सिंह के नेतृत्व में पूरे गांव में घर घर जाकर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश में चावल व मिट्टी एकत्रित की गई। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रधान संघ अध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पूरे ग्रामसभा में घर- घर जाकर भ्रमण किया गया और लोगों को इस कार्यक्रम के प्रति जागरुक करते हुए उनके घरो से मिट्टी लेकर कलश में एकत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लोगों को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख उदयराज यादव ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्र व प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष चंदू सिंह, अनूप तिवारी, विष्णु, रामावती देवी, प्रमोद, हरिशचन्द्र सोनकर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

डम्पर के नीचे सो रहे खलासी की दबकर मौत

बाराबंकी। गुरुवार की देर रात मिट्टी से लदे डंपर के नीचे सो रहे खलासी की उसी डंपर से कुचल कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सतरिख पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना सतरिख थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई। पुलिस के अनुसार गुरुवार की देर रात डंपर चालक संजू पता अज्ञात अपने साथी खलासी शकूर अहमद 25 वर्ष पुत्र गफूर खान निवासी गोयरा थाना मंसेन जनपद बांदा के साथ डंपर में मिट्टी भरकर सतरिख थाना क्षेत्र के गुलपुरवा गांव के समीप बन रहे आवास में पटाई करने के लिए ले जा रहा था। देर रात हो जाने के कारण चालक संजू गुलपुरवा गांव के समीप ही गाड़ी सड़क के किनारे लगा कर सो गया। जबकि उसका साथी शकूर डंपर के नीचे सो रहा था। शुक्रवार की भोर संजू ने डंपर को स्टार्ट कर आगे बढ़ाया इस दौरान डंपर के नीचे सो रहे खलासी शकूर की डंपर से कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक नारद मुनि सिंह ने बताया है कि शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

चोरी की बाईक बेचने जाता बाईक चोर गिरफ्तार



सहारनपुर। थाना मण्डी पुलिस ने चोरी की बाईक को बेचने के लिए ले जाते 01 शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद की गई। गौरतलब रहे कि 12 सितम्बर को थाना मण्डी के मण्डी समीति से 01 मोटर साईकिल चोरी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में थाने पर अज्ञात चोर के खिलाफमामला पंजीकृत किया गया था। थाना मण्डी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस ने मण्डी समीति से चोरी की गयी मोटर साईकिल के साथ 01 अभियुक्त फराज पुत्र रियाज निवासी ग्राम बम्बयाला थाना रामपुर मनिहारन को गिरफ्तार किया। अभियुक्त फराज ने पूछताछ में बताया कि उसने मोटर साईकिल 12 सितम्बर को मण्डी समीति से चोरी की थी और आज वह इस मोटर साईकिल को बेचने जा रहा था कि पुलिस ने पकड लिया। चोर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोनू राणा, हैड कांस्टेबल कमल कौशिक, दीपक कुमार, कांस्टेबल शुभम सिंह, मोनू कुमार शामिल रहे।

अधिवक्ताओं ने कांग्रेसियों को दिया समर्थन

सहारनपुर। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने सहारनपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद शर्मा से मुलाकात की और हापुड में अधिवक्ताओं पर पुलिस की बर्बरता को अमानवीय बताते हुए इसकी घोर निंदा की। चौधरी मुजफ्फर ने कहा कि अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग एवं लाठी चार्ज की हम निंदा करते हैं और कांग्रेस का पूरा संगठन अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने एवं दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करता है। चौधरी मुजफ्फर ने कहा कि हम अधिवक्ताओं के संघर्ष में उनके साथ खड़े हैं। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट अशोक पोसवाल, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, दुष्यंत राणा, वतन सिंह राणा, अब्दुल आदि शामिल रहे।

उत्कृष्ट कार्य पर सहायक आयुक्त खाद्य सम्मानित

बाराबंकी। कार्यालय आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अलीगंज लखनऊ में समस्त जनपदों के अभिहित अधिकारी सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय खाद्य की समीक्षा बैठक अपर मुख्य सचिव द्वारा ली गयी। जिसमें अपर मुख्य सचिव द्वारा जनपदों के पूर्व के माहों के खाद्य सुरक्षा के कार्यो की समीक्षा की गयी। जिसके क्रम में जनपद बाराबंकी के कार्यो की समीक्षा भी की गयी। इसी क्रम में सहायक आयुक्त सुश्री प्रियका सिंह द्वारा को बाराबंकी द्वारा रजिस्ट्रेशन लाईसेंस के लक्ष्यों को प्राप्त करने के सन्दर्भ में अवगत कराया गया। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव द्वारा जनपद बाराबंकी द्वारा रक्षा बंधन पर्व में चलाये गये विशेष अभियान में उत्कृष्ट प्रर्दशन हेतु सहायक आयुक्त सुश्री प्रियंका सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए भविष्य में भी प्रभावी कार्यो हेतु निर्देशित किया गया।

14 सितम्बर को हिंदी दिवस राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के रूप में घोषित किया जाए: अनिल

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या धाम। अयोध्या हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान द्वारा हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा बनाने के लिए अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में हिंदी दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने माता सरस्वती देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उत्तरप्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने हिन्दी दिवस पर बोलते हुवे कहा कि अगर किसी भाषा को लोग अनिवार्य रूप से समझते हैं तो वह हिंदी है।आज पूरे देश मे हिंदी बोलने वालों की संख्या अधिक है अगर ठीक से प्रयास हो गया तो यही सही समय है ,हम हिंदी को राष्ट्र भाषा बना सकते हैं, इस अभियान में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने की जरूरत है ,हिंदी दुनिया की तीसरी राष्ट्र भाषा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में यह सपना जल्द पूरा होगा, हिंदी राष्ट्र भाषा बनने से अब कोई रोक नही पायेगा। संस्था के महामंत्री डॉ0 सम्राट अशोक मौर्य ने मंत्री को छह सूत्रीय ज्ञापन भी सौपा जिसमें संस्था की तरफ से हिंदी भवन व वाचनालय, तथा अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हिंदी भवन बनवाए जाने की मांग की जिस पर मंत्री महोदय ने घोषणा की वह मुख्यमंत्री से यह मांग पूरी करवाएगें। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महंत स्वामी डॉ0 भरत दास महाराज ने कहा कि हमें हिन्दी को दैनिक उपयोग में लाना होगा, हिन्दी व्याकरण का ज्ञान अर्जित करना होगा तभी सही मायने में हिन्दी राष्ट्र भाषा बन सकती है। मुख्य वक्ता के रूप में कप्तानगंज के पूर्व विधायक सीपी शुक्ला ने बोलते हुए कहा कि हिन्दी भाषा हमारे विदेशों में भी बोली जाती, हिन्दी सभी जानते है हिन्दी को राजकीय भाषा की मान्यता पहले है लेकिन राष्ट्र भाषा अभी तक नहीं बन पाई है जिससे लगता है कि हमारे प्रयास में कोई कमी है जिसको सुधारना होगा और हिन्दी भाषा बोलने के लिए जनमानस में जागरूकता लानी होगी तभी हमारा प्रयास सार्थक होगा।विशिष्ट अतिथि के रूप में परियोजना अधिकारी एके पाण्डेय ने बोलते हुए कहा कि हिंदी के राष्ट्रभाषा बने बिना भारत देश अधूरा है।

नई नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में जोश का संचार: विशाल

देवा बाराबंकी। भाजपा के नए जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य को बधाई का दौर जारी है। आज नियुक्ति के बाद जिले में उनका जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया गया। नवागत जिलाध्यक्ष ने नेतृत्व की मंशा के अनुसार संगठन को और मजबूत करने की बात कही है।

नवागत जिलाध्यक्ष का हार्दिक स्वागत करते हुए देवा नगर पंचायत के पूर्व सभासद एवं भाजपा नेता विशाल सोनी ने कहा कि श्री अरविंद मौर्य का जिलाध्यक्ष बनने से सभी नेताओं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से संगठन को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। पार्टी नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य है। श्री मौर्य के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को नई ऊर्जा मिली है। श्री सोनी ने नवागत जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय के लिए जुझारू कार्यकर्ता मेहनत के लिए तैयार है। विरोधी पार्टी को एक बार फिर मुंह की खानी होगी।

भाजपा पसमांदा समाज मे बढ़ती नजदीकी से बौखलाए तंजीम के जिम्मेदार: वसीम

○ 74 सालों से अरशद मदनी को पसमांदा मुस्लिम कभी नही दिखा: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने जमीयत उलेमा ए हिन्द के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के मीडिया ट्रायल पर दिए गए बयान को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि असल मे सारी चिढ़ भाजपा और पसमांदा मुस्लिम समाज के बीच बने सामंजस्य को लेकर है। इनको यह रास नही आ रहा और कहने करने लायक कुछ बचा नही सो अनर्गल प्रलाप कर कोरी बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 74 सालों से तंजीम चला रहे अरशद मदनी को पसमांदा मुस्लिम कभी नही दिखा और न इनके गले नीचे ही उतरा। यहां तक कि इनके संगठन में एक भी पदाधिकारी पसमांदा समाज से नही रखा गया। खूनी हाथों वाली पंजा छाप पार्टी का पूरा असर इनके जेहन पर छाया हुआ है। यही वजह है कि एक ओर इंडिया गठबंधन ने टीवी एंकर के खिलाफ आवाज उठाई दूसरी ओर उन्ही के पदचिन्हों पर चलते हुए मौलाना अरशद ने बयान जारी कर दिया, यानी कांग्रेस और मौलाना अरशद एक जिस्म दो जान हैं और उन्ही के इशारे पर वह संगठन चला रहे।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मौलाना अरशद के बयान को लेकर कहा कि मीडिया ने सिर्फ सच सामने रखा, पसमांदा समाज की असल स्थिति उजागर की भाजपा से बदलते रिश्तों की बात की बस मीडिया अलोकतांत्रिक हो गया। 85 फीसदी उपेक्षित समाज की बात करने वाली मीडिया का एक धड़ा विवादित कैसे हो गया। यह वही मौलाना हैं जिन्होंने आर्टिकल 341 के तहत पसमांदा समाज पर धार्मिक पाबन्दी का कभी विरोध तक नही किया बल्कि कांग्रेस के पाले में खड़े नजर आए। यह लोग सिर्फ अपने फायदे की राजनीति करते रहे कभी किसी के भले की बात नही की। मौलाना यह क्यों भूल गए कि आज पसमांदा मुस्लिम समाज और भाजपा के बीच रिश्ते बने हैं और इस समाज के सुधार की बात हो रही तो वह मीडिया की ही देन है वरना यही मौलाना अरशद इस समाज को एक किनारे कर अपनी रोटियां सेंक रहे होते। यह हो नही सका इसलिए आज मीडिया इनके निशाने पर आ गई है।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिलाधिकारी ने दिलाई पंच प्रण की शपथ

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ग्राम पंचायत सचिवालय मिरगपुर में ग्राम वासियों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि मेरी माटी मेरा देश की अवधारणा देश की स्वतंत्रता और प्रगति यात्रा की याद को जन-जन के हृदय में स्थापित करने तथा वीरता के चिरन्तन भाव का पुनर्जागरण कराने की भावभूमि को समेटे हुए एक परिकल्पना है। इस अवधारणा पर आधारित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर अमृत कलश में मिट्टी एवं अक्षत एकत्र किए गए। डॉ.दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करते हुए पात्रों को लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि उप्र सरकार के द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले यह शासन की प्राथमिकता है।

पुलिस मुठभेड़ में गौकशी में वांछित गोली लगने से घायल

○ 10 हजार का ईनामी व थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है बदमाश, अवैध अस्लाह बरामद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोकशी में वांछित चल रहे 10 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। बदमाश के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा व 03 खोखा कारतूस व 01 बाईक बरामद हुयी है।

थाना कोतवाली देहात पुलिस को देर रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 02 बाईक सवार बदमाश ग्राम नन्दी फिरोजपुर की तरफआने वाले हैं, जिनके पास अवैध असलहा भी है। मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस ग्राम नन्दी फिरोजपुर के पास मुबारकपुर जाने वाले रास्ते पर चैकिंग करने लगी, तो सामने से आ रहे 02 बाईक सवार सदिंग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया, तो दोनो व्यक्ति पुलिस टीम के ऊपर फायरिंग करके ग्राम नन्दी फिरोजपुर के जंगल की तरफ भागे। पुलिस ने भी फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब देते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया तथा इसका एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश का नाम आकिल पुत्र शकील निवासी ग्राम शेखपुरा थाना कोतवाली देहात है। जो 10 हजार का इनामी अभियुक्त है, जो थाना सदर बाजार से गोकशी के मुकदमें में वांछित चल रहा था।

प्रेम सम्बन्ध में बाधा बनने पर हुई आरिफ की हत्या, पत्नी समेत चार गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। सर्विलांस व थाना मसौली की संयुक्त पुलिस टीम ने आरिफ हत्याकाण्ड का खुलासा कर दिया है। हत्या के सूत्रधार मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी समेत 4 हत्याभियुक्त गिरफ्तार कर लिए गए। इनके पास से एक मोबाइल, आलाकत्ल व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया। पत्नी के प्रेम सम्बन्ध में बाधा बनने पर आरिफ की हत्या की गई थी। बता दें कि थाना मसौली क्षेत्रान्तर्गत पूरे जबर में मो0 आरिफ पुत्र महबूब उम्र 35 वर्ष निवासी चिकवन पुरवा थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर का शव मिला था। मृतक के बड़े भाई नबीउल्ला ने हत्या की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर अफसरी पत्नी आरिफ, मुजाहिद निवासी टिकैतगंज थाना कुर्सी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। सर्विलांस व थाना मसौली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन से घटना में संलिप्त अभियुक्तगण आफताब उर्फ हमजा पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी ग्राम मीतपुर निजामुद्दीनपुरवा थाना रामनगर, मो0 रिजवान पुत्र रशीद निवासी ग्राम बदोसराय थाना बदोसराय, मुजाहिद पुत्र अतीक को बिन्दौरा से मसूदामऊ जाने वाले रोड पर रेलवे लाइन क्रासिंग के पास से तथा मृतक की पत्नी अभियुक्ता अफसरी को थाना मसौली क्षेत्र के चौपुला चौराहा से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से आलाकत्ल एक लोहे की राड, मृतक से लूटा गया मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस बरामद किया गया। पूछताछ व साक्ष्य संकलन से प्रकाश में आया कि मृतक की पत्नी के मुजाहिद से अवैध सम्बन्ध थे। मृतक आरिफ इसका विरोध करता था इसलिए मृतक की पत्नी अफसरी व मुजाहिद ने योजना बनाकर अपने मित्रों रिजवान व आफताब उर्फ हमजा के साथ मिलकर 11 सितम्बर की रात्रि में आरिफ की ग्राम पूरेजबर के पास सिर पर लोहे की राड से वारकर हत्या कर दी थी।

संक्षिप्त समाचार

अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी: ध्रुवचंद

बृजमनगंज (महराजगंज), अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत बृजमनगंज में शुक्रवार को वरिष्ठ नेता दिलीप चौधरी के कार्यालय पर अखिल भारतीय सर्ववर्गीय जायसवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचंद जायसवाल ने समाज के लोगों के साथ बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब समय आ गया है कि जायसवाल समाज के लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो जाए। विभिन्न पार्टियों के द्वारा समाज के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। समाज के लोगों को अपने अधिकारों के लिए लड़ाई खुद लड़नी होगी। साथ ही अधिक से अधिक राजनीति में भी भागीदारी निभानी होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता दिलीप चौधरी, डा. संजय जायसवाल, आशीष जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जायसवाल, रूपनारायण जायसवाल, अमित जायसवाल, बबलू जायसवाल, विजय जायसवाल, करन चौधरी मौजूद रहे।

सोशल आडिट टीम ने भौतिक सत्यापन किया

सिंदुरिया(महराजगंज), अवधनामा संवाददाता। विकास खंड मिठौरा के ग्राम सभा सिंदुरिया मे जनपद की ऑडिट टीम जिसमे धीरेन्द्र प्रताप सिंह,नंद गोपाल ने सिंदुरिया मे प्रधान मंत्री आवास का भौतिक सत्यापन किया। टीम के सदस्य नंद गोपाल ने बताया शासन के आदेश पर विकास खंड के सभी ग्राम सभाओ मे प्रधानमंत्री आवास का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास मे आ रही दिक्क़तो के बारे मे प्रधानमंत्री आवास पाये व्यक्तियों से जानकारी प्राप्त कर समय से छत लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, इसी क्रम मे शुक्रवार को ग्राम सभा सिंदुरिया मे ऑडिट टीम के द्वारा दर्जनों प्रधानमंत्री आवास का सत्यापन किया जिसमे अधिकांश मकान पूर्ण अवस्था मे बने हुए नजर आये।

महराजगंज भाजपा की कमान अब संजय पांडेय के हाथ

महराजगंज, अवधनामा संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के नए जिलाध्यक्ष संजय पांडेय को बनाया गया है। वर्तमान समय में वह जिला संयोजक के रूप में जिम्मेदारियों को संभाल रहे थे। संजय पांडेय का राजनीति जीवन विरासत में मिला इनके पिता स्वर्गीय लालजी पांडेय जनसंघ और भाजपा के संस्थापक सदस्य थे। संजय पांडेय पहली बार 1984 में बूथ अध्यक्ष से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत किया उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नही देखा। मंडलमंत्री, जिला कार्यसमिति के सदस्य और युवा मोर्चा के जिला मंत्री रह चुके हैं। 2005 से लेकर 2011 तक लगातार तीन बार जिलामंत्री रहे। इसके बाद जिला उपाध्यक्ष की जिम्मदारी संभालने के बाद जिला संयोजक की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। 15 सितंबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना मिली कि महराजगंज के बीजेपी के नए जिलाध्यक्ष संजय पांडेय को नियुक्त किया गया है तो कार्यकर्ताओं में खुशी का ठिकाना ना रहा।

पीएम आवास का भौतिक सत्यापन हुआ

सिंदुरिया(महराजगंज), अवधनामा संवाददाता। विकास खंड मिठौरा के ग्रामसभा सिंदुरिया में शुक्रवार को आडिट टीम पीएम आवास का भौतिक सत्यापन किया। आडिट टीम के सदस्य नंदगोपाल ने बताया कि शासन के आदेश पर विकास खंड के सभी ग्राम सभाओ मे प्रधानमंत्री आवास का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास निर्माण मे आ रही दिक्क़तो के बारे मे लाभार्थियों से जानकारी ली जा रही है। लाभार्थियों को यदि कोई समस्या हो रही है तो उसको दूर करने का प्रयास किया जा रहा हैं। टीम ने क्षेत्र में लगभग दर्जनों लाभार्थियों से बातचीत कर योजना में आ रही समस्याओं के संबंध में जाना। साथ ही जिन लाभार्थियों ने अभी तक मकान का छत नहीं लगाया है उनको छत लगवाने के लिऐ प्रेरित किया।

नाला निर्माण के मंत्री को दिया ज्ञापन

नौतनवा, (महराजगंज), अवधनामा संवाददाता। उद्योग व्यापार मंडल कोल्हुई युवा शाखा के अध्यक्ष प्रिंस जायसवाल ने केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को ज्ञापन देकर कोल्हुई लोटन रोड पर एक किलोमीटर नाला निर्माण के लिए मांग की। उक्त संदर्भ में उन्होंने कहा कि कोल्हुई बाजार में लोटन रोड पर दिनोदिन आबादी बढ़ती जा रही है तथा सड़क के दोनो तरफ मकान भी बन चुका है लेकिन यहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे बरसात के समय काफी परेशानी होती है जिसके लिए लोटन मार्ग चंदन पुर नाले तक नाला का निर्माण जरूरी है।

अपहरण के आरोपी को 4 वर्ष कारावास की सजा

बाराबंकी। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत न्यायालय ने नाबालिग के अपहरण के अभियुक्त को 4 वर्ष का कारावास व 3 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जघन्य अपराधों में समुचित पैरवी करते हुए शीघ्र सजा दिलाये जाने के आदेश के क्रम में मॉनीटरिंग सेल द्वारा जघन्य अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को समय से प्रस्तुत कराकर गवाही करवायी गयी। थाना सतरिख पर नाबालिग के अपहरण के सम्बन्ध में पंजीकृत मामले के अभियुक्त गजानन्द शाहू पुत्र बांकेश्वर लाल शाहू निवासी छत्तीस ब्राह्मण पारा जेवरी बिजामाठ थाना बेलेतारा जनपद बेमेतरा, छत्तीसगढ को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 4 द्वारा दोष सिद्ध करते हुए अभियुक्त को 4 वर्ष का कारावास व 3 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा।

रोहित हत्या काण्ड के आरोपी का प्रशासन ने गिरवाया मकान

अपराधियो मे दहशत का माहौल

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के लोटन में बीते पन्द्रह अगस्त के दिन ग्राम बरवाँ निवासी रोहित हत्याकांड के मुख्य आरोपी परवेज के परिवार का ग्राम समाज के सरकारी जमीन पर बने मकान को रोहित के परिवार के माँग किये जाने पर शुक्रवार को एस डी एम डा0 ललित कुमार ने मौके पर पहुंच कर जे सी बी द्वारा गिरवा दिया गया। यस डी एम ने बताया कि 15 अगस्त की रात हुए रोहित हत्या के बाद उसके माता पिता ने शव को जलाने से मना कर दिया था।जिसको लेकर काफी समझाने के बाद इस शर्त पर शव जलाने के राजी हुए कि आरोपी परवेज का मकान गिराया जाये सहायता देने के साथ कुछ जमीन दिया जाय।जिस पर तभी से कार्यावाही चल रही थी।उसी के तहत 29अगस्त को टीम बनाकर पैमाईस करने के बाद 1सितम्बर को घर खाली करने का नोटिस दिया गया था। ठीक एक माह के अन्दर कोतवाली फोर्स के साथ एस डी एम ने मकान को ढहवा दिया।वही मृतक रोहित की मां ने कहाँ जो सरकार से मेरी माँग थी वह पूरा हो गया। मेरा लड़का वापस तो नही आ सकता ।लेकिन इस कार्यावाही से क्षेत्र मे हडकंप मच गया है।अब अपराधियों को अपराध करने के लिए सौ बार सोचना पडेगा।वहीं आरोपी परवेज के पट्टीदारों ने कहा कि अपराध किसी और ने किया सजा सबको मिल रही है जिसमे हम पट्टीदारों का क्या कसूर था हम सभी लोग अलग अलग रहते है।घर ढहाये जाने से मेरा बडा नुकसान हुवा है।मकान ढहाये जाने के दौरान कानून गो अम्ब्रीस थानाध्यक्ष चन्दन कुमार, चौकी प्रभारी मनोज कुमार सिंह, उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद,उप निरीक्षक रविन्द्र यादव, थाने के काफी फोर्स मौके पर मौजूद रही।लेखपाल विनय पाण्डेय, राहुल कुमार, राम सिंह, अषिलेश यादव सहित तमाम ग्रामीण भी मौजूद रहे।

25 लेखपाल व 4 अमीन प्रोन्नति पाकर बने राजस्व निरीक्षक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले के विभिन्न तहसीलों में कार्यरत लेखपाल एवं अमीन प्रोन्नति पाकर राजस्व निरीक्षक बने। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया के हवाले से टीके शिबु अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त द्वारा 15 सितम्बर को जारी आदेश के अनुसार जिले में तैनात लेखपाल गणेश दत्त त्रिपाठी, राजेश कुमार गुप्त, सुभाष चन्द्र मौर्य, देवानन्द, रामकुमार त्रिपाठी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश चन्द्र यादव, गयादीन मौर्य, परमात्मा प्रसाद, शिवमूरत, प्रमोद श्रीवास्तव, अनिरुद्ध प्रसाद, कृष्ण भूषण द्विवेदी, दिलीप श्रीवास्तव, सुनील आर्य, अर्जुन कुमार, रामजतन, दिलीप चौरसिया, बृजेश त्रिपाठी, रामदेव यादव, अब्दुल कयूम, भोलेनाथ चौधरी, राकेश चन्द्र, यशोदा नन्द, श्याम नारायन को प्रोन्नति देकर जिले में ही राजस्व निरीक्षक पद पर तैनात किया गया है। अमीन अशोक श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, शिवगोपाल श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव को आमीन से प्रोन्नति देकर जिले में ही राजस्व निरीक्षक पद तैनाती दी गई है।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

साहित्य संगम के पदाधिकारियों को एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्रा

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद की नवोदित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम के तत्वावधान में आयोजित समारोह में जिला कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। हिंदी दिवस के अवसर पर जिले में नवस्थापित इस साहित्यिक संस्था के माध्यम से साहित्यकारों, रचनाकारों को नई ऊंचाई प्रदान करने का संकल्प लिया गया। बीती रात शहर के मधुकरपुर स्थित एक होटल में आयोजित समारोह में साहित्य संगम के पदाधिकारियों को उपजिलाधिकारी सदर डॉ. ललित कुमार मिश्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष डॉ. सीमा मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज कपिलवस्तुवी, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल, राम करन गुप्ता, सलमान आमिर, कैलाश मणि त्रिपाठी- उपाध्यक्ष, महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री डॉ. विनयकांत मिश्र, संगठन मंत्री विजय कृष्ण नारायन सिंह, डॉ. रवि प्रकाश श्रीवास्तव, सह संगठन मंत्री किरनलता सिंह, शुभम श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पंकज पासवान, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा मुख्य रूप से शामिल थे। इसके अलावा कृष्ण कुमार मिश्रा, अमित शर्मा, मुकेश कुमार, राजेश शर्मा, अभय श्रीवास्तव, सद्दाम खां, राम स्वरूप अग्रहरि, साधना श्रीवास्तव और शारदा रावत ने बतौर सदस्य शपथ लिया। इस मौके पर बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता अखंड प्रताप सिंह, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अजय कसौंधन, संस्था के संरक्षक डॉ. शरदेन्दु त्रिपाठी, गंगेश कुमार मिश्र, राणा प्रताप सिंह, दिलीप द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

डुमरियागंज पुलिस ने पकड़ा बाइक लिफ्टर

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को डुमरियागंज पुलिस ने एक बाइक लिफ्टर को दबोच लिया, पुलिस द्वारा बेंवा चौराहे पर चेकिंग करते समय एक व्यक्ति को चोरी की एक मोटरसाइकिल व मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु.अ.स. 217/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त मोटर साइकिल को भवानीगंज थाना क्षेत्र से चोरी किया हूँ तथा चोरी की मोटरसाइकिल को नेपाल ले जाकर बेच देता हूँ। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम वसीम उर्फ सकील पुत्र मो अमीन साकिन महुवा कोठी थाना उतराव जनपद प्रयागराज (हालमुकाम साकिन सोनखर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थ नगर) है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. रणंजय सिंह, आरक्षी सतीश चन्द्र चौहान, आरक्षी गोपाल यादव शामिल रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष बने त्रयंबक तिवारी

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। भाजपा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति से संबंधित बहु प्रतीक्षित सूची शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने जारी कर दिया।भाजपा जिलाध्यक्ष की जारी सूची में अंबेडकर नगर जिलाध्यक्ष पद पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी की नियुक्ति की गई है।भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद में संगठन को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जिलाध्यक्ष के दायित्व पर फेर बदल किया है।नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देने वालों का तांता लगा है भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी की नियुक्ति पर निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने बधाई देते हुए कहा कि त्रयंबक तिवारी के नेतृत्व में जनपद में भाजपा नई ऊंचाई को छुएगी।कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं की क्षमता के अनुसार दायित्व दिया जाता है।भाजपा संस्कारों और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है जिसमें परिवारवाद नहीं है। विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय ने बधाई देते हुए कहा है कि त्रयंबक तिवारी की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा का संचार होगा। लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी जीत हासिल होगी। पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि भाजपा में ऊर्जावान और क्षमतावान कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है। संगठन का निर्णय सराहनीय है।त्रयंबक के नेतृत्व में भाजपा जनपद में नई कलेवर में स्थापित होगी। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष को जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,शिव नायक वर्मा, लोक सभा प्रवास योजना संयोजक अवधेश द्विवेदी,जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र,डाक्टर राणा रणधीर सिंह,रमेश चंद्र गुप्ता,सुमन पाण्डेय,रफत एजाज,विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,डाक्टर रजनीश सिंह,जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,सुरेश कन्नौजिया, अमरेंद्र कांत सिंह,दिलीप पटेल देव, डाक्टर अमित त्रिपाठी, भाजपा नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, कि.मो.जिला मीडिया प्रभारी विकाश निषाद,अमित मद्धेशिया आदि ने बधाई दी।

यज्ञ शाला के शिलान्यास में पहुंचे सांसद और विधायक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के देवगह में श्री विष्णु महायज्ञ के यज्ञशाला शिलान्यास कार्यक्रम मे सांसद जगदंबिका पाल, विधायक राजा जय प्रताप सिंह एवं संतकबीरनगर के मेहदावल विधानसभा के विधायक अनिल त्रिपाठी ने शिलान्यास किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में शुक्रवार को दोपहर ग्यारह बजे देवगह गांव में आए सांसद जगदंबिका पाल व विधायक जयप्रताप सिंह तथा अनिल त्रिपाठी ने विधि विधान से पूजन किया। वैदिक मंत्रोचारण के बीच यज्ञ शाला की नीव रखी गई। देवगह गांव में श्री हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य हो रहा है। नवंबर माह में श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा किया जाना है। इस दौरान विकास शुक्ल देशबंधु शुक्ल, देवराज शुक्ल, डा सर्वेश्वर पांडेय, प्रभाष्कर राय, दिवाकर मिश्रा, जोगी बाबा, उमा शुक्ला, संदीप पाण्डेय, नित्यानद पांडेय, प्रमुख यादव, हरिकेश राजभर आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मधुसूदन की अगुवाई में घर-घर से संग्रहित किया मिट्टी व चावल

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। भनवापुर शक्ति केन्द्र के लटेरा बूथ पर जिला महामंत्री मधुसूदन अग्रहरि के अगुवाई में भाजपा द्वारा चलायें गये अभियान के अन्तर्गत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर जा कर मिट्टी व चावल संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ शक्ति पीठ सर्किट से जुड़े प्रसिद्ध प्राचीन मां वटवासिनी गालापुर मन्दिर से मिट्टी व चावल एकत्रित कर किया गया। कलश लेकर लटेरा गांव के मुख्य मार्ग, मोहल्लों में घर घर जाकर कलश में चुटकी भर मिट्टी व चावल इकट्ठा किया गया। मधुसूदन अग्रहरि ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए बहुत से लोगों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनकी शहादत की वजह से आज हम सब आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करना है। इनके संघर्ष व त्याग की बदौलत ही आज हमें आजादी मिली है। इन्हीं की याद में दिल्ली में अमृत वाटिका बनाई जा रही है। इसी के लिए कलश में मिट्टी जमा की जा रही है जो दिल्ली पहुंचाई जाएगी। इस दौरान मंदिर का व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष विनय पाठक, शक्ति केन्द्र प्रमुख विनोद चौधरी, गोली, जितेन्द्र अग्रहरि, राजू कन्नोजिया, महेश, शिव प्रकाश, ?शिव पूजन, हरीराम आदि सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

कन्हैया पासवान बनाए गए भाजपा के जिलाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। कन्हैया पासवान बनाए गए भाजपा के जिलाध्यक्ष। समर्थकों व कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नगर पालिका चुनाव से रिक्त चल रहे सिद्धार्थनगर भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर भाजपा के पूर्व महामंत्री व जिला संयोजक कन्हैया पासवान के नाम की घोषणा हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इनके अलावा पूर्वांचल के गोरखपुर बलिया समेत 12 जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार को जिलाध्यक्षों की सूची जारी करते ही जिले के भाजपाइयों ने भाजपा कार्यालय पर पटाके फोड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा के निवर्तमान मंत्री फतेबहादुर सिंह और महामंत्री विपिन सिंह ने कन्हैया पासवान को बधाई दी है। इस अवसर पर उपस्थित जोगिया ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीष चौधरी ने कहा कि संगठन के प्रति कर्तव्यनिष्ठ व समर्पित कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाया जाना संपूर्ण सिद्धार्थनगर के लिए बहुत ही गर्व की बात है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्रा, तेजू विश्वकर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, महेश चंद्र वर्मा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा अविनाश शुक्ला, सनी उपाध्याय, विकास पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, देवेंद्र पांडेय, रमेश मणि त्रिपाठी सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी जयेद्र कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारी व समस्त खंड विकास अधिकारी को अपने प्रेषित पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु प्रत्येक तहसील व विकासखंड अंतर्गत पात्र व्यक्तियों से प्रस्ताव 30 सितंबर 2023 तक 4 प्रतियो में शासन को उपलब्ध कराया जाना है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रश्नगत पुरस्कार प्राप्त करने की जो अर्हताए निर्धारित की गई हैं, उनमें वह व्यक्ति भारत का मूल नागरिक हो, उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किए जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो, मानवाधिकार ,राष्ट्रीय न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के अधीन पूर्व में राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार न दिया जा चुका हो। इस पुरस्कार में गुरु गोविंद सिंह के जन्म दिवस 5 जनवरी को एक लाख का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जाने की व्यवस्था है। जिस पात्र व्यक्ति का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाएगा उनके संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की सयुक्त जांच आख्या में व्यापक जांच कर तथ्यात्मक साक्ष्य सहित यह भी प्रमाण पत्र अंकित किया जाएगा कि उनके विरुद्ध कोई अपराधिक मामला प्रचलित /लम्बित नहीं है और किसी भी अपराधिक मामले में उन्हें न्यायालय द्वारा दंडित नहीं किया गया है। इस कार्यवाही को संपादित करने के लिए तहसील व विकास खण्डों पर प्राप्त प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय में 20 सितंबर तक चार प्रतियो में अवश्य उपलब्ध कर दें।

दो मासूम के शहादत दिवस पर रखा ताज़िया ताबूत

मौलाना कल्बे जव्वाद ने सीरते पैगम्बर व सीरते इमाम हसन अलैहिस्सलाम पर डाली विस्तार से रोशनी

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर में गुरुवार की शाम पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा सअ के नवासे हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम के शहादत पर तमाम घरों पर ताजिए रखे गए। जिनमें बड़े ताजिया की दो दर्जन के करीब रही। पूरी रात मरसिया मजलिस के साथ नौहा-मातम भी हुआ। 28 सफर के मौके गुरुवार की शाम कस्बे में जगह-जगह ताजिए रखे गए। जहां बड़ी तादाद में लोगों ने जियारत की। अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 के सालाना अशरे की सातवीं मजलिस को लखनऊ से आये मौलाना कल्बे जव्वाद ने सीरते पैगम्बर व सीरते इमाम हसन अलैहिस्सलाम पर विस्तार से रोशनी डाली। मजलिस के बाद इमाम हसन अस के शबीहे ताबूत के साथ मातमी दस्ता निकला जो बाबुल बाबा के इमाम बाड़े पर जाकर खत्म हुआ। जबकि कस्बे के पश्चिम स्थित कर्बला में शहीदों की याद में मंजरे कर्बला को जमीन पर मंज़रकशी की गई। शुक्रवार दोपहर बाद लोग अपने-अपने ताजियों को उठाकर कर्बला ले गए, जहां ताजिए को दफन किया गया। शुक्रवार का मातमी जुलूस अंजुमन फरोग मातम के बैनर तले तवंगर मरहूम व अंजुमन गुलदस्ता मातम के बैनर तले रिफाकत मरहूम के अजा खाने से अलम ताज़िया व ताबूत के साथ निकला। घंटों हुसैनी शैदाईयों ने रसूले खुदा व उनके नवासे हजरत इमाम हसन अस व हजरत इमाम हुसैन अस को याद कर मातम किया, हर तरफ गम का माहौल छाया रहा। जुलूस कर्बला पहुंचकर खत्म हुआ। इसी क्रम में हुसैनिया बाबुल बाबा में एक मजलिस आयोजित हुई जिसे ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर व मौलाना मोहम्मद हसन ने खिताब किया। मजलिस से पूर्व सोजख्वानी हैदरे कर्रार व हमनवा ने किया। नौहाख्वानी को नफ़ीस, आले रज़ा, हसन जमाल, शीजान, फजले, रज़ा, अफसर आदि ने अंजाम दिया। इस मौके पर डॉ0 वज़ाहत हुसैन, काज़िम रज़ा, मौलाना मोहम्मद शारिब, तसकीन हैदर, इंतेज़ार शबाब, शहनवाज, मोहम्मद, रेहान, सोजफ, सनी, सरवर, इरफान, हनी, आरिफ, सलमान, फैजान, शिज़ान, सलमान खान, शानू, जैगम, मोजिज़ आदि मौजूद रहे। एक अन्य समाचार के अनुसार नगर पंचायत डुमरियागंत स्थित करबला में भी ताजिया रखा गया। जहां पर पूरी रात नौहा मातम का सिलसिला चला। शुक्रवार को तीन बजे दिन में ताजिया दफ्न किया गया

केंद्रीय विद्यालय में निकली रैली, स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में शुक्रवार को स्वच्छता के प्रति जन जगरूकता लाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल के नेतृत्व में एक स्वच्छता रैली निकाली गई बच्चों ने स्वच्छता सम्बंधित स्लोगन लिखे तख्तियों को लेकर स्वच्छता विषयक नारे लगाते हुए रैली में हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया कि विगत 1 सितम्बर से सितम्बर तक विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई जा रही हैं। जिसमें मुख्य गतिविधियां स्वच्छता कार्ययोजना, स्वच्छता प्रदर्शनी, वृक्षारोपण, हाथ धोना, निबन्ध लेखन, नारा लेखन, कविता लेखन, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वच्छता जागरूकता रैली आदि हैं।

एनटीपीसी टांडा ने सौर ऊर्जा आधारित पानी की टंकी का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत ग्राम आसोपुर में नवनिर्मित सौर ऊर्जा आधारित 10 किलो लीटर क्षमता की पानी की टंकी का लोकार्पण श्री बी.सी. पलेई, मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी-टांडा द्वारा श्री सचिन यादव, उप जिलाधिकारी, टांडा, अन्य महाप्रबंधकगण एवं उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। यह पानी की टंकी पूर्णरुप से सौर ऊर्जा प्रणाली से चलती है एवं इसके गाँव भर में लगभग 26 कनेक्शन हैं। यह पानी की टंकी उप जिलाधिकारी, टांडा की उपस्थिति में एनटीपीसी के अधिकारीगण द्वारा ग्राम सभा को सौंप दी गई। आने वाले समय में टंकी की देखरेख ग्राम सभा करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पलेई ने आसपास के गांवों में पानी और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एनटीपीसी टांडा की प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने ग्राम वासियों को पीने के पानी को बचाने और उसका सही प्रबंधन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री सचिन यादव ने एनटीपीसी टांडा की विभिन्न सीएसआर-सीडी पहलों की प्रशंसा की।

सभी तहसीलों में आयोजित किया जायेगा समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। सम्पूर्ण समाधान दिवस सभी तहसीलों में शनिवार 16 सितम्बर को आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी एडीएम कमलेश चन्द्र ने दी है। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील हर्रैया में आयोजित होगा, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं भाग लेंगे। अनुपस्थित पाये जाने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेंगी।

मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक 18 को

बस्ती । सू.वि., मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक आगामी 18 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी थी, मण्डल स्तर पर सी.एम. डैशबोर्ड सक्रिय न होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गयी है, अब यह बैठक 19 सितम्बर को उक्त समय व स्थान पर आयोजित की जायेंगी । उक्त जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त पद्मकान्त शुक्ल ने दी है।

प्राथमिक स्तर पर 170 व 44 विद्यालय कस्तूरबा विद्यालय में शामिल

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। परिषदीय विद्यालयों में नेट की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गयी यह परीक्षाएं 16 सितंबर तक विद्यालय पर आयोजित होगी। परीक्षाएं नकल विहीन व पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक विद्यालय पर पर्यवेक्षक की तैनाती की गई थी। नेट की परीक्षा में प्राथमिक स्तर पर 170 विद्यालय व 44 विद्यालय कंपोजिट सहित एक विद्यालय कस्तूरबा का शामिल है। डुमरियागंज ब्लॉक में कुल 12364 बच्चे विद्यालय में पंजीकृत हैं। जिसमें कक्षा एक में 3306, कक्षा 2 में 4520 कक्षा 3 में 4538 बच्चे पंजीकृत हैं। जिनमें से 10757 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 1607 बच्चे अनुपस्थित पाए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने बताया कि सरल ऐप के माध्यम से निपुण लक्ष्य, लर्निंग आउटकम पर आधारित यह परीक्षा कक्षा 1 से 3 तक 15 सितंबर को आयोजित हुई। वही कक्षा चार से लेकर 8 तक परीक्षा 16 सितंबर को आयोजित होगी। यह परीक्षा कुल 1 घंटा 20 मिनट में संपन्न हुई है। उन्होंने आगे बताया कि परीक्षा सकुशल, नकल विहीन व पारदर्शी तौर पर संपन्न करने के लिए फ्लाइंग स्काट टीम का भी गठन किया गया है जो परीक्षा के दौरान विद्यालयों को चेक करते रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि निपुण एसेसमेंट टेस्ट कि इस परीक्षा में सुबह 8:50 से 9 बजे तक कुल 10 मिनट शिक्षकों के द्वारा कक्षा चार से आठ तक के नामांकित उपस्थित बच्चों के प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट भरने के बारे में बताएंगे।

आप के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में भारतीय सेना के शहीद जवानों को याद करते हुए आम आदमी पार्टी के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आम आदमी पार्टी जनपद सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष जलाल अहमद की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अध्यक्षता 2 मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर जिला महासचिव पशुपति नाथ, जिला उपाध्यक्ष क्रमशः प्रदीप पांडेय, मंगलेश दुबे, सूफियान अहमद, जिला प्रभारी बस्ती देवेंद्रनाथ अंबेडकर, जिला सचिव इमरान, उमेश वरुण, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष समशाद अहमद, विधानसभा कपिलवस्तु अध्यक्ष नागेश्वर दुबे, अजय मिश्र आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय अइलहा में समाधान चौपाल कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता बस्ती

कुदरहा, बस्ती: कुदरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत माझा कला के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अइलहा मे शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम आयोजित गया। जिसमें विकास खंड अधिकारी कुदरहा विनय कुमार द्विवेदी ने चौपाल में उपस्थित लोगों को केन्द्र व प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया। उनकी समस्याओं को सुना और समस्या के निस्तारण हेतु संवंधित विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया।इसके पूर्व अन्नप्राशन का कार्यक्रम हुआ। चौपाल मे मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख कुदरहा अनिल दूबे ने ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा और विधानसभा के तर्ज पर हर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय बनाया गया है। अब ग्रामीणों को ब्लाक और जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा।अब लोगों की समस्याओं गांव में ही हाल हो जाएगी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गांव के लोगों की मूलभूत सुविधाओं के लिए तमाम योजनाएं चलाई हैं। लोगों को वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मन निधि जैसे तमाम योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है।इससे वंचित पात्र व्यक्तियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जिसमें गांव के रामराज ,लालजी, प्रेमा,प्रहलाद,रामकिशन, पूर्णमासी, अशर्फा, फूलपती, राजपती,हीरा,श्याम लाल जवाहिर सर्वजीत,सोना देवी, तुलसीराम, बसंता सहित तमाम लोगों ने बृद्धा पेंशन,आवास व किसान सम्मान निधि राशनकार्ड की समस्या को बताया। ग्राम सचिव घनश्याम यादव ने बताया कि चौपाल मे पेशन 13आवास 13किसान सम्मान निधि 2राशन कार्ड 5 से संबंधित मामलें आये। इसके पश्चात मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंचायत भवन पर पहुंचे ब्लाक प्रमुख अनिल दूबे ने शिलाफलम का अनावरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान हाथ मे तिरंगा व कलश लेकर प्रधान व गांव के लोगों ने घर-घर जाकर मिट्टी कलश मे एकत्रित किया। उपस्थित ग्रामीणों को मिट्टी पंच प्रण की शपथ दिलाकर पौधों रोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रधान मीरा यादव,रामभेज यादव,शिवकुमार यादव प्रधान संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चौधरी, रीमा यादव,मुन्ना राम,हरीश, विकास, जमालुद्दीन, छब्बू,राम करन,राम सुरेश, सुग्रीव, छोटे लाल,मेवालाल, जवाहिर, शिवप्रसाद के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

नई ऊर्जा का दौर

प्रधानमंत्री मोदी और सऊदी अरब के युवराज एवं प्रधानमंत्री मुहम्मद बिन सलमान के दरमियान कई समझौता-दस्तावेजों पर दस्तखत किए गए। वे द्विपक्षीय वार्ता के निष्कर्ष थे, लेकिन उनमें नवीकरणीय ऊर्जा का समझौता बेहद महत्वपूर्ण और प्रासंगिक माना जा रहा है। यदि दुनिया के पर्यावरण को छलनी होने से बचाना है, तो कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी होगी। पृथ्वी के तापमान को कम करना होगा, लिहाजा हरित और स्वच्छ ऊर्जा की प्राथमिकता बनानी होगी। सऊदी अरब भारत का भरोसेमंद और बड़ा कारोबारी साझेदार है। हमें तेल और गैस मुहैया कराने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। बीते साल 4.3 लाख करोड़ रुपए का कारोबार किया गया है। करीब 24 लाख भारतीय सऊदी अरब में कार्यरत हैं। करीब 2700 भारतीय कंपनियां वहां काम कर रही हैं। भारतीय कई कंपनियों के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) भी हैं। बीते साल करीब 1.75 लाख भारतीय हज के लिए वहां गए। सऊदी अरब एक प्रगतिशील देश बन रहा है। वहां सिनेमा पर थोपी गई पाबंदियां हटा ली गई हैं। अरबी औरतें कार चलाती हैं। बुर्के की बंदिशें जबरन नहीं हैं। भारत ने अमरीका और सऊदी अरब के संबंधों को सामान्य कराया है। दोनों देश प्रतिबद्ध हैं कि चीन 'अड़ंगेबाज' न बन सके। नवीकरणीय ऊर्जा समय की दरकार है और एक मजबूत, साबित विकल्प भी है। भारत और सऊदी अरब के बीच समझौता हुआ है कि वे नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमताओं का विस्तार करेंगे। सऊदी अरब ने लक्ष्य तय किया है कि वह 2030 तक अपनी कुल ऊर्जा का 50 फीसदी हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा का रखेगा। भारत में इस ऊर्जा का 2022 में उत्पादन 175 गीगावाट था। अब 2030 तक उसे बढ़ा कर 450 गीगावाट किया जाएगा। एक गीगावाट 1000 मेगावाट के बराबर होता है। अर्थात हम 4.5 लाख मेगावाट अतिरिक्त ऊर्जा पैदा करने की स्थिति में होंगे। इसका अधिकांश भाग 'सौर ऊर्जा' का होगा, जो हमें सूर्य के प्रकाश से सहज सुलभ है। हम विश्व सौर गठबंधन देशों के सदस्य भी हैं। भारत वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा के सूत्रधार की भूमिका में है। देश में तो घरों की छत तक पर सौर प्लांट लगाए जा रहे हैं। भारत-अरब देशों में संभावनाएं ये भी जताई जा रही हैं कि दोनों देशों के 'नेशनल ग्रिड' समंदर के नीचे एक इंटरलिंक के जरिए जोड़े जा सकते हैं, नतीजतन ऊर्जा दोनों देशों को निरंतर उपलब्ध होगी। दोनों देशों ने अपने पारंपरिक स्रोतों के जरिए नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन पर महत्वपूर्ण प्रयास जारी रखे हैं। यह नए दौर की जरूरतों के लिए नए अनुसंधान माने जा सकते हैं। एक अनुमान यह भी सामने आया है कि अगले साल तक नवीकरणीय ऊर्जा की वैश्विक क्षमता करीब 4500 गीगावाट तक बढ़ सकती है। यह अमरीका और चीन की साझा क्षमता से दोगुनी होगी। बहरहाल राज्यवार नवीकरणीय ऊर्जा का विकास और बढ़ोतरी फिलहाल असमान है। यह गंभीर चुनौती भी है। चूंकि नई ऊर्जा के भंडारण की लागत काफी है, लिहाजा वह आकर्षक नहीं है।

राज्यों में ऊर्जा की 'चरम मांग' की स्थितियां भी भिन्न हैं। बेशक भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार लगातार हो रहा है और 2030 तक क्षमताएं खूब बढ़ जाएंगी। यदि वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमताओं में बढ़ोतरी होती रहती है, तो देशों के 'नेशनल ग्रिड' को जोडऩा किफायती होगा। भारत-अरब के प्रयोगों से स्थितियां और आर्थिक पहलू स्पष्ट होंगे। बैटरियों के जरिए ऊर्जा भंडारण की प्रौद्योगिकी में भी तेजी से सुधार हो रहे हैं, लेकिन व्यापार करने वाले देशों को सावधान और सतर्क रहना पड़ेगा कि प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग न किया जाए। बहरहाल भारत और सऊदी अरब के बीच समझौते से उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है कि नवीकरणीय ऊर्जा का भविष्य उजला है। दोनों देशों ने रक्षा, पर्यटन, व्यापार समेत कई क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रिड को जोडऩे की सोचना वाकई अभिनव शुरुआत है।

व्यर्थ की बहस है इंडिया बनाम भारत

सत्यपाल सिंह कौशिक

जबसे जी-20 देशों के मेहमानों के लिए,भारत के राष्ट्रपति के रात्रिभोज वाले निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ भारत शब्द लिखा गया है। तभी से यह मुद्दा गरम हो गया है कि, क्या अब देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत कर दिया जायेगा। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार को लगातार घेर रही है और कह रही है कि भाजपा आईएनडीआईए गठबंधन से डरकर देश का नाम बदलने जा रही है। लेकिन क्या इस बहस को व्यर्थ की बहस नहीं मानना चाहिए। देश के सामने और भी चुनौतियां हैं। जैसे , महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं के ऊपर होने वाले अत्याचार, जनसंख्या पर नियंत्रण, आदि। लेकिन आज के राजनीतिज्ञ इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान न देकर केवल व्यर्थ की बहस में उलझे पड़े हैं। एक तरफ देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है तो दूसरी तरफ हमारे नीति-नियंता भारत बनाम इंडिया की बहस में परेशान हैं। अब यह समझना होगा कि, जब भारत के संविधान में इंडिया का जिक्र है और इंडिया को ही भारत माना गया है तो फिर इस विषय पर व्यर्थ की बहस क्यों। क्या इंडिया का नाम भारत कर देने से कुछ बदल जायेगा। जी नहीं, कुछ नहीं बदलने वाला है। केवल अनावश्यक धन ही बर्बाद होगा। केवल एक नाम बदलने मात्र से देश के हजारों, करोड़ रुपया बर्बाद हो जाएगा। अगर इस बहस की बात की जाए तो यह बहस कोई नई नहीं है। आज से करीब 74 वर्ष पहले भी इसी तरह की बहस ने जन्म ली थी। वर्ष 1949 में संविधान सभा की बैठक चल रही थी और अनुच्छेद 1 को लेकर मंथन जारी था। समिति के सदस्य एचवी.कामथ को संविधान में लिखे गए इंडिया शब्द से आपत्ति थी। उन्होंने कहा कि जब देश के लिए और भी शब्द सुझाए गए हैं तो उन पर भी चर्चा होनी चाहिए। हिंदुस्तान, भारत, हिंददेश, भारतभूमि, भारतवर्ष ये सभी नाम देश की आत्मा से जुड़े हैं और इनके पुरातात्विक प्रमाण है। तो क्यों न इसी में से कोई नाम देश के लिए रख लिया जाए। इस पर डॉ. अंबेडकर ने आपत्ति जताते हुए कहा कि, इंडिया, दैट इज भारत। अंबेडकर ने आगे कहा कि, हमको इस व्यर्थ की बहस का मतलब समझ में नहीं आता। मेरे मित्र को भारत शब्द में दिलचस्पी है।

हालांकि समिति के सदस्य सेठ गोविंददास भी देश का नाम भारत रखने के पक्ष में थे और अपने तर्क भी प्रस्तुत किए तो वहीं समिति के एक अन्य सदस्य गोविंद पंत ने भी देश का नाम भारतवर्ष करने पर अपनी सहमति जताई। लेकिन कमलापति त्रिपाठी ने होशियारी से काम लेते हुए बीच का रास्ता निकाला और कहा की देश का नाम इंडिया अर्थात भारत रखा गया है। मतलब भारत ही इंडिया है। तो अब हमें इससे कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए। और अंततः कमलापति त्रिपाठी की इस बात पर सहमति बन गई और देश का नाम इंडिया अर्थात भारत पड़ गया।

लेकिन 74 साल बाद अब ये मुद्दा एक बार फिर जोर पकड़ा है कि, कहीं वर्तमान सरकार इंडिया का नाम भारत न कर दे। सरकार द्वारा बुलाए गए संसद का विशेष सत्र जो 18 सितंबर से शुरू होकर 5 दिनों तक चलेगा। इस मुद्दे पर और चर्चा होने की संभावना है। विपक्ष यह मान रहा है की सरकार देश का नाम बदलने पर विचार कर सकती है। और संविधान संशोधन संबंधित प्रस्ताव संसद में पेश कर सकती है। अब हमें समझना होगा की विपक्ष ऐसा क्यों कर रही है। हमें लगता है की विपक्ष भी व्यर्थ की बहस में उलझी है और सरकार को घेरने की अन्य रणनीतियों पर ध्यान न देकर केवल व्यर्थ की बहस में परेशान है। सरकार को चाहिए की वे व्यर्थ की बातों में न पड़कर देश के सामने जो अन्य गंभीर चुनौतियां हैं, उनसे निपटे और विपक्ष को चाहिए की वह उन्हीं चुनौतियों को सरकार के समक्ष रखे और एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

भारत-मिडल ईस्ट-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनैक्टिविटी कोरिडोर की योजना को एक बड़ी बात करार देते हुए अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि अगले दशक में भागीदार देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों में बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेंगे। इस योजना में शामिल सभी 9 देशों के प्रमुखों तथा प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद कहते हुए बाइडेन ने कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य यही इस जी-20 शिखर सम्मेलन का फोकस है। क्षेत्र में चीन के आर्थिक दबदबे को चुनौती देते हुए अमरीका और यूरोपीय संघ ने भारत को मध्य पूर्व और भू-मध्य सागर से जोडने वाले एक नए जहाज और रेल गलियारे के विकास का समर्थन किया है।

भारत को शक्तिमान बनाएगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

आशीष वशिष्ठ

जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत, मध्य पूर्व और यूरोप के एक मेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर की घोषणा की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बता दिया कि कूटनीति और कारोबार की दुनिया में आने वाला समय भारत का है और चीन के लिए आगे की राह अब आसान नहीं होने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम होगा। यह पूरे विश्व में कनेक्टिविटी और विकास को सस्टेनेबल दिशा प्रदान करेगा। मुंबई से शुरू होने वाला यह नया कॉरिडोर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानी बीआरआई का विकल्प होगा। यह कॉरिडोर 6 हजार किमी लंबा होगा। इसमें 3500 किमी समुद्र मार्ग शामिल है। कॉरिडोर के बनने के बाद भारत से यूरोप तक सामान पहुंचाने में करीब 40 प्रतिशत समय की बचत होगी। इस कॉरिडोर का नाम इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर है। इस प्रोजेक्ट में भारत, यू.ए.ई, सऊदी अरब, यूरोपीय यूनियन, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल होंगे। इस गलियारे की स्थापना सबसे अहम इसलिए भी है क्योंकि इसके निर्माण के साथ ही दुनिया के व्यापार का भूगोल बदल जाएगा। प्रस्तावित गलियारा भारत से संयुक्त अरब अमीरात तक अरब सागर में फैला होगा, फिर यूरोप से जुड़ने से पहले सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल पार करेगा।

इस परियोजना के तहत समुद्र के नीचे केबल और ऊर्जा परिवहन बुनियादी ढांचा भी शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक सांझेदारी बताते हुए कहा कि आने वाले समय में भारत पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग का एक बड़ा माध्यम होगा। इस कोरिडोर से दुनिया की कनेक्टीविटी को एक नई दिशा मिलेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि गलियारे में शामिल देशों के लिए यह परियोजना अनंत अवसर प्रदान करेगी। इससे व्यापार करना तथा स्वच्छ ऊर्जा निर्यात करना आसान बन जाएगा। यह किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं है। भारत-मिडल ईस्ट-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनैक्टिविटी कोरिडोर की योजना को एक बड़ी बात करार देते हुए अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि अगले दशक में भागीदार देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों में बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेंगे। इस योजना में शामिल सभी 9 देशों के प्रमुखों तथा प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद कहते हुए बाइडेन ने कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य यही इस जी-20 शिखर सम्मेलन का फोकस है। क्षेत्र में चीन के आर्थिक दबदबे को चुनौती देते हुए अमरीका और यूरोपीय संघ ने भारत को मध्य पूर्व और भू-मध्य सागर से जोडने वाले एक नए जहाज और रेल गलियारे के विकास का समर्थन किया है। निश्चित तौर पर इस प्रोजेक्ट को महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच एक ग्रीन और डिजिटल पुल माना जा रहा है।

ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि इस गलियारे से भारत को क्या लाभ होगा। जानकारों के अनुसार भारत को पहला लाभ यह होगा कि मिडल ईस्ट और यूरोप के बाजारों में भारत की पहुंच और पकड़ मजबूत हो सकती है। दूसरा लाभ होगा कि शिप और रेल कनेक्टिविटी होने से कम से कम लागत में तेल और गैस की सप्लाई होगी। तीसरा लाभ यह होगा कि मिडल ईस्ट और यूरोप में चीन पर भारत को कूटनीतिक और कारोबारी बढ़त मिलेगी। अब सवाल ये है कि अमेरिका इस प्रोजेक्ट में बढ़-चढ़कर क्यों हिस्सा ले रहा है। इसकी वजह चीन का बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट है, जिसके जरिए ड्रैगन मिडल ईस्ट से यूरोप के बाजारों पर कब्जा जमाना चाहता है। अमेरिका की कोशिश चीन के प्रभाव को रोकने की है. इसलिए उसने भारत की मदद ली और सऊदी अरब-यूएई को नए कॉरिडोर के लिए तैयार किया। इसकी घोषणा से पहले अमेरिकी अधिकारी फाइनर ने कहा था कि अमेरिका की नजर से ये समझौता पूरे क्षेत्र में तनाव कम करेगा और हमें ऐसा लगता है कि इससे टकराव से निपटने में मदद मिलेगी। इस कॉरिडोर की अगुवाई भारत और अमेरिका साथ मिलकर करेंगे. इस समझौते के तहत कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर काम होगा। यह ट्रेड रूट भारत को यूरोप से जोड़ते हुए पश्चिम एशिया से होकर गुजरेगा. भारत और अमेरिका के अलावा पश्चिम एशिया से संयुक्त अरब अमीरात व सऊदी अरब और यूरोप से यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली व जर्मनी भी इसका हिस्सा होंगे।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने परियोजना के शुभारंभ पर कहा, ''यह महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच एक हरित और डिजिटल सेतु है।'' रेल से भारत और यूरोप के बीच व्यापार 40 प्रतिशत तेज हो जाएगा। भारत मिडल ईस्ट-यूरोप आर्थिक गलियारे का उद्देश्य मध्य पूर्व के देशों को रेलवे से जोडना और उन्हें बंदरगाह के माध्यम से भारत से जोडना है जिससे शिपिंग समय, लागत और ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करके खाड़ी से यूरोप तक ऊर्जा और ट्रेड में मदद मिलेगी। इस प्रोजैक्ट में 2 अलग-अलग कोरिडोर शामिल होंगे। जहां एक ओर पूर्वी कोरिडोर भारत को खाड़ी देशों से जोड़ेगा वहीं उत्तरी कोरिडोर खाड़ी क्षेत्र को यूरोप से जोड़ेगा। चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानी बी.आर.आई. प्रोजैक्ट की तर्ज पर ही इसे एक महत्वाकांक्षी योजना माना जा रहा है। महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की घोषणा को इस्राइल के लिए 'बड़ी खबर' बताते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि 'हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना' पश्चिम एशिया का चेहरा बदल देगी। यह इजराइल और पूरी दुनिया को लाभान्वित करेगा।

जहां तक भारत का सवाल है तो ये क्षेत्रीय सीमाओं को नहीं मापता। सभी क्षेत्रों के साथ-साथ कनैक्टीविटी भारत की मुख्य प्राथमिकता है। कनैक्टीविटी विभिन्न देशों के बीच आपसी व्यापार नहीं बल्कि आपसी विश्वास भी बढ़ाने का स्रोत है। आज जब हम कनेक्टिविटी की इतनी बड़ी पहल कर रहे हैं तब हम आने वाली पीढ़ियों के सपनों के विस्तार के बीज बो रहे हैं। यह घटनाक्रम एक महत्वपूर्ण समय पर हुआ है क्योंकि जी-20 साझेदारी में शामिल विकासशील देशों के लिए वाशिंगटन को एक वैकल्पिक सांझेदार और निवेशक के रूप में पेश किया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन वैश्विक बुनियादी ढांचे को लेकर चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का मुकाबला करना चाहते हैं। अमेरिका की नजर में यह समझौता पूरे क्षेत्र में व्याप्त तनाव के तापमान को कम करेगा और टकराव से निपटने में मदद मिलेगी। भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा पश्चिम में भारत की जमीनी कनेक्टिविटी को आसान बनाएगा और पाकिस्तान की रोक को बेअसर करेगा। साल 1990 में ही पाकिस्तान ने भारत की जमीनी कनेक्टिविटी के जरिए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच देने से मना कर दिया था। इसके अलावा यह गलियारा अरब प्रायद्वीप के साथ भारत की राजनीतिक भागीदारी को गहरा करेगा। पिछले कुछ सालों में मोदी सरकार ने संयुक्त अरब अमिरात और साउदी अरब के साथ तेजी से राजनीतिक और रणनीतिक संबंध बनाए हैं।

इंडिया महागठबंधन की बड़ी बाधा न बन जाये 'आप'

आम आदमी पार्टी ने पिछले कुछ सालों कई राज्यों तक अपना विस्तार कर लिया है। दिल्ली के बाद उसने पंजाब में सरकार बनाई है, गुजरात में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है और मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी किस्मत अजमाने के साथ इसी कड़ी में बिहार में भी चुनाव लड़ने जा रही है।

ललित गर्ग

आज की राजनीति सत्ताकांक्षी अधिक है, जबकि उसका मूल लक्ष्य राष्ट्र-निर्माण एवं राष्ट्र उन्नति कहीं गुम हो गया है। हर राजनैतिक दल राष्ट्रहित नहीं, अपने स्वार्थ की सोच रहा है। जैसे-जैसे पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव एवं अगले वर्ष आम चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हर दल येन-केन-प्रकारेण ज्यादा-से-ज्यादा वोट प्राप्त करने की तरकीबें निकाल रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के महागठबंधन 'इंडिया' के बनने से पहले ही उसमें सीटों एवं शीर्ष नेतृत्व को लेकर फूट, अलग सुर, ऊंची महत्वाकांक्षा और बेतरतीब तालमेल दिखने लगा हैं। इसमें सबसे ज्यादा अति-महत्वाकांक्षी आम आदमी पार्टी सेंध लगा रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सीटों से चुनाव लड़ने की उसकी घोषणा ने इंडिया में खलबली मचा दी है। निश्चित ही वर्तमान राजनीति परिवेश में आम आदमी पार्टी ने अपनी स्वतंत्र जगह बनाई है, भविष्य में यह दल प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभर कर सामने आ जाये तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

राजनीति में अक्सर यह कहा जाता है कि जो दिखता है वह होता नहीं और जो होता है वह दिखता नहीं। विपक्षी गठबंधन इंडिया की 14 सदस्यीय को-ऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक दिल्ली में बेनतीजा रही। इसमें नेतृत्व के मुद्दे और सीटों को लेकर फैसला लिया जाना था, उस पर अब भी आपसी सहमति नहीं बन पाई है। सहमति बनाना आसान भी नहीं दिख रहा है। महागठबंधन में सबकुछ ठीक दिख नहीं रहा है। कोलकाता में भी ममता दीदी को नेतृत्व करने के लिए आवाज उठ रही है। महागठबंधन में भले ही कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस साथ दिख रहे हों लेकिन कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ही ममता को राष्ट्रपति द्वारा दिए गए जी-20 के भोज में शामिल होने पर कटाक्ष कर चुके हैं। दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल के लिए आम आदमी पार्टी के नेता नेतृत्व की मांग कर चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर पहले ही महागठबंधन के अंदर की स्थिति को जगजाहिर कर चुकी है। हर राज्य में अमूमन कुछ न कुछ यहीं स्थिति है। ऐसे में महागठबंधन की राह आसान तो कतई नहीं है।

आम आदमी पार्टी ने पिछले कुछ सालों कई राज्यों तक अपना विस्तार कर लिया है। दिल्ली के बाद उसने पंजाब में सरकार बनाई है, गुजरात में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है और मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी किस्मत अजमाने के साथ इसी कड़ी में बिहार में भी चुनाव लड़ने जा रही है। असल में गतदिनों दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने अपने बिहार के कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। उस बैठक के बाद ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने बताया कि पार्टी बिहार में भी चुनाव लड़ेगी। उनके मुताबिक चुनाव लड़ने या ना लड़ने का सवाल ही नही उठता है, चुनाव में तो उतरना ही पड़ेगा। अब आम आदमी पार्टी के इन मंशाओं एवं घोषणाओं का इंडिया महागठबंधन पर असर होना स्वाभाविक है। आरजेडी नेता और सांसद मनोज झा ने दो टूक कहा है कि जिस समय विपक्षी एकता की नींव रखी गई थी, ये साफ किया गया था कि सभी पार्टियों को कुछ नियमों को पालन करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आम आदमी पार्टी भी उन सिद्धांतों का पालन करेगी। वैसे आम आदमी पार्टी के लिए बिहार कोई पहला राज्य नहीं है जहां वो दूसरे दलों के विरोध के बीच उतरने की बात कर रही हो।

कुछ दिन पहले ही आप संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि वे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रहे हैं। दोनों ही राज्यों में उनकी तरफ से कांग्रेस पर निशाना भी साधा गया। इसी कड़ी में दिल्ली में कांग्रेस ने भी तल्ख तेवर दिखाते हुए कह दिया कि सातों सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा। यानी कि हर तरफ इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती वाली स्थिति बन रही है। अब आम आदमी पार्टी की मंशा यह भी है कि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में चुनाव न लड़े। विपक्षी गठबंधन की पटना बैठक के दौरान आप नेताओं ने अपने बयानों में इस बात का जिक्र भी किया था। आप नेताओं ने ऐसा करने पर कांग्रेस के साथ आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में सहयोग करने के लिए राजी होने के संकेत दिए थे, पर इस मसले पर कांग्रेस नेताओं के अलग-अलग विचार हैं, जिसकी वजह से बात अभी तक नहीं बन पाई है। आप पार्टी एवं उसके नेता केजरीवाल की राजनीति एवं सोच अति महत्वाकांक्षी है, उनका व्यवहार झूठा है, चेहरों से ज्यादा नकाबें उन्होंने ओढ़ रखी है, उन्होंने सारे लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक मूल्यों को धराशायी कर दिया है। ऐसी महत्वाकांक्षी राजनीति के चलते इंडिया महागठबंधन के भविष्य को लेकर ऊहापोह की स्थिति बन रही हैं। वक्त आ गया है कि देश की राजनीतिक संस्कृति की गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिये सतर्क एवं सावधान होना होगा। दिशाशून्य हुए विपक्षी नेतृत्व को नये मानदण्ड स्थापित करने होंगे।

बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा कहते हैं कि गठबंधन को सफल बनाने के लिए इसमें शामिल प्रत्येक राजनीतिक दल को तीन चीजों का त्याग करना होगा- महत्वाकांक्षा, मतभेद और मनभेद। पर खुद आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। जो राजनीतिक दल फर्जीवाड़े एवं भ्रष्टाचार को सामान्य मानते हैं, हर कहीं जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए कुछ भी कह दो, कुछ भी कर लो और उजागर होने पर माफी मांगकर आगे बढ़ जाओ की विकृत सोच, चालाकी एवं अवसरवादी राजनीति पर नियंत्रण करना होगा। दरअसल गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां महत्वाकांक्षा को त्यागने के दावे तो बहुत करती हैं पर वास्तव में कोई तैयार नहीं होता है।

इंडिया महागठबंधन में आम आदमी पार्टी सीटों के प्रश्न पर सबसे ज्यादा जड़ बनी हुई है। हरियाणा- दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की बढ़ती राजनीतिक इच्छाएं मुश्किल का सबब बन रही हैं। दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी कोई भी अपना हित छोड़ने को तैयार नहीं है। दिल्ली-पंजाब और हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की राज्य इकाइयां खुलकर आमने-सामने हैं। ऐसी स्थितियों में इंडिया का एजेंडा कैसे आगे बढ़ेगा? निश्चित ही इन स्थितियों में भारतीय जनता पार्टी की राह आसान होती हुई दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देने की इंडिया एवं आम आदमी पार्टी की इच्छा आकार लेती हुई दूर तक दिखाई नहीं दे रही है। भले ही 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले मोदी को चुनौती देने के लिए केजरीवाल खुले तौर पर इंडिया महागठबंधन में शामिल हो गए। लेकिन केजरीवाल के कई अगर-मगर हैं। वह खुद के बुते ही चुनाव लड़ने की मानसिकता के शिकार है। इसीलिये 'आप' रोजी-रोटी के मुद्दों और आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। केजरीवाल हिन्दू मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए नरम हिन्दुत्व का खेल भी खेल रही हैं।

बहू और बेटी में फर्क करता समाज

किशोरी कुमारी जानकी दोसाद का कहना है कि हमारे गांव घरों में वास्तव में बहू और बेटी में बहुत ज़्यादा फर्क किया जाता है। अगर बेटी 19 वर्ष की हो और उसी घर में 19 साल की कोई लड़की बहू बनकर आए तो उससे 30 साल की लड़की के जैसी काम और व्यवहार की उम्मीद की जाती है। आखिर ऐसा क्यों है कि कोई लड़की अपनी पसंद के कपड़े तो पहन सकती है, लेकिन बहू नहीं ? बेटियों को घर से बाहर जाने की इजाजत होती है, लेकिन बहू को नहीं ? बेटियां गलती भी करें तो माफी हो जाती है और बहू गलती करे तो उसे दिन भर पानी तक नहीं दिया जाता है।

कविता रावल

भारतीय समाज जटिलताओं से भरा हुआ है। जहां रीति और रिवाज के नाम पर कई प्रकार की कुरीतियां भी शामिल हो गई हैं। इसका सबसे अधिक खामियाज़ा महिलाओं को भुगतनी पड़ती है। पितृसत्तात्मक समाज में लड़का और लड़की में जहां अंतर देखा जा सकता है वहीं बेटी और बहू के मामले में भी समाज का संकुचित नजरिया साफ़ तौर पर झलकता है। कई ऐसे अवसर देखने को मिलते हैं जहां बेटी के रूप में लड़की को कुछ आज़ादी मिल जाती है लेकिन वही दायरा बहू रुपी लड़की के लिए सीमित कर दिया जाता है। समाज की यह छोटी सोच शहरों और पढ़े लिखे समाज में कम देखने को मिलती है लेकिन देश के दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी सोच और मान्यता न केवल आज भी कायम है बल्कि बहुओं को इसे मानने के लिए मजबूर भी किया जाता है।

इसकी एक मिसाल उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का गनीगांव भी है। जहां बहू और बेटी में फर्क देखने को साफ़ मिल जाता है। इस गांव की कुल जनसंख्या लगभग 800 है। शिक्षा के क्षेत्र में भी यह गांव बहुत अधिक समृद्ध नहीं है। यही कारण है कि यहां लड़का और लड़की में ही नहीं, बल्कि बहू और बेटी के बीच भी भेदभाव किया जाता है। इस संबंध में, गांव की एक 40 वर्षीय महिला देवकी देवी कहती हैं कि ÷इस गांव में पीढ़ियों से बहू और बेटी के बीच भेदभाव किया जा रहा है। हमने बचपन से जो देखा है, वही सीखते आए हैं और वही परंपरा निभा रहे हैं। अगर हम बदलाव करना भी चाहते हैं तो हमारे गांव, घर और समाज में यह संभव नहीं है। बेटी अगर सूट पहन रही है, तो बहू भी इसे क्यों नहीं पहन सकती है? लेकिन हमें समाज के साथ चलना है इसलिए हम चाह कर भी बहुओं को ऐसा करने को नहीं कह सकते हैं। हमें भी समाज के हिसाब से जीना पड़ता है। सच यह है कि इस गांव में बेटी और बहू के बीच भेदभाव किया जाता है।

गांव की 18 वर्षीय किशोरी कुमारी जानकी दोसाद का कहना है कि हमारे गांव घरों में वास्तव में बहू और बेटी में बहुत ज़्यादा फर्क किया जाता है। अगर बेटी 19 वर्ष की हो और उसी घर में 19 साल की कोई लड़की बहू बनकर आए तो उससे 30 साल की लड़की के जैसी काम और व्यवहार की उम्मीद की जाती है। आखिर ऐसा क्यों है कि कोई लड़की अपनी पसंद के कपड़े तो पहन सकती है, लेकिन बहू नहीं? बेटियों को घर से बाहर जाने की इजाजत होती है, लेकिन बहू को नहीं? बेटियां गलती भी करें तो माफी हो जाती है और बहू गलती करे तो उसे दिन भर पानी तक नहीं दिया जाता है। 25 वर्षीय नवविवाहिता संगीता देवी कहती हैं कि शादी से पहले हम घर में जो भी काम करते थे उससे हमारे मम्मी पापा खुश रहते थे, लेकिन शादी के बाद चाहे हम कुछ भी कम कर लें, हमारे सास ससुर खुश नहीं होते हैं। उनको खुश करने के लिए चाहे हमारा मन उस काम को करने के लिए तैयार न भी हो, फिर भी हमें उनके हिसाब से चलना पड़ता है। बेटी का मन अगर काम करने को न हो तो कुछ नहीं कहते लेकिन बहू के साथ बहुत भेदभाव होता है।

गांव की एक 44 वर्षीय महिला पार्वती देवी कहती हैं कि हम बेटी और बहू में कोई भी फर्क नहीं करते हैं पर सदियों से जो प्रचलन चला आ रहा है, उसे निभाने की हमारी मज़बूरी है। हम गांव में ही रहते हैं तो इस वजह से उसे पर चलना ही पड़ता है। अन्यथा समाज में लोग बातें बनाते हैं। हालांकि पहले की अपेक्षा समाज की सोच में धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है। हम भी अपने आप को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं 44 वर्षीय मदन सिंह भी स्वीकार करते हैं कि गांव में बहू और बेटियों में बहुत फर्क किया जाता है। वह कहते हैं कि ग्रामीणों की सोच अभी भी वही पुरानी है। लोग एक दूसरे को देखकर बदलना भी चाहते हैं लेकिन बदल नहीं पाते हैं। बेटियों की तकलीफ को गहराई से महसूस किया जाता है, लेकिन बहू की तकलीफ को नजरअंदाज किया जाता है। बेटी के लिए बचपन माना जाता है, लेकिन उसी उम्र की बहू को ज़िम्मेदारियों के तले दबा दिया जाता है। जो समाज की गलत सोच का परिणाम है।

समाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रेंडी का कहना है कि आज के बदलते दौर में कोई कितना भी कहे कि बहू और बेटी में कोई फर्क नहीं करते हैं, पर यह मात्र मिथ्या है। हर घर की यही कहानी है। बहू को बहू और बेटी को बेटी समझा जाता है। जिस दिन हर घर में बहू की बातों को अनसुना किया जाएगा, उनकी बातों का कोई बुरा नहीं मानेगा उसी दिन परिवार में बहू और बेटी में समानता आ जाएगी। अगर बहू कभी कोई बात बोल देती है तो सुनना तो दूर की बात, उसे बर्दाश्त तक नहीं किया जाता है। लेकिन बेटी कुछ बोलती है तो हंस कर टाल दिया जाता है। यही बेटी और बहू में फर्क नज़र आता है।

अगर खुद की बेटी ससुराल से मायके आती है तो मायके वाले खुश होते हैं। लेकिन जब बहू की बारी आती है कि उसे उसके मायके भेजने में सभी को समस्याएं नज़र आने लगती हैं। सबको घर के ज़रूरी काम याद आने लगते हैं। यह नहीं सोचते कि जैसे हमारी बेटी मायके आने के लिए तरसती है, वैसे ही हमारी बहू भी किसी की बेटी है। उसे भी अपने मायके जाने का हक़ है। दामाद अगर बेटी की सेवा करें तो खुशी मिलती है, अपना बेटा अगर बहू को आराम दे तो दुख होता है। यहीं पर दिखता है बेटी और बहू में फर्क। सिर्फ एक कदम आगे बढ़ने से परिवार में खुशहाली नहीं आएगी, अगर दोनों तरफ से कदम आगे बढ़ाई जाए तो घर खुशियों का भंडार हो जाएगा और जिस दिन ऐसा होगा उस दिन बहू और बेटी में भेदभाव खत्म हो जाएगा। ज़रूरत है समाज को स्वयं आगे बढ़कर इस कुरीतियों को ख़त्म करने की। (चरखा फीचर)

प्रदेश सरकार अपने हर निवेशक को सुरक्षा व सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध

अवधनामा संवाददाता

■ उप्र सरकार एवं मैसर्स अशोक लीलैंड लि के मध्य हुआ एमओयू

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दुनिया की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कम्पनी अशोक लीलैंड प्रदेश में इलेक्ट्रिक बस निर्माण की इकाई लगाएगी। देश पारम्परिक ईंधन के विकल्पों पर निर्भरता कम करने के लिए संकल्पित है। अशोक लीलैंड लि द्वारा उठाया गया यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप है। अशोक लीलैंड का उत्तर प्रदेश में निवेश का निर्णय समयानुकूल है और इसका लाभ पूरे हिंदुजा ग्रुप को मिलेगा।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश सरकार एवं मैसर्स अशोक लीलैंड लि के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त तथा वाहन निर्माता कम्पनी अशोक लीलैंड लि के मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ शेनू अग्रवाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

मुख्यमंत्री ने इस विशेष अवसर पर अशोक लीलैंड लि कम्पनी का उत्तर प्रदेश में स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन प्रदेशवासियों के लिए ऐतिहासिक है। यह आश्चर्य का विषय था कि 25-30 करोड़ की विशाल आबादी और देश की सबसे बड़ी युवा पूंजी वाले राज्य में, अब तक अशोक लीलैंड की उपस्थिति नहीं हो सकी थी। प्रदेश सरकार अपने हर निवेशक को सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 06 वर्ष पहले तक जो औद्योगिक समूह यहां आने से परहेज करते थे, आज यहां आने के बाद अपने संस्थान का विस्तार कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार नेट जीरो मिशन के अनुरूप निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्सुक है। यह एमओयू सार्वजनिक और माल परिवहन के क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण एवं परिचालन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस सम्बन्ध में नीति बनायी है। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं। अब हम अधिकाधिक चार्जिंग स्टेशनों को विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में भी इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न नगरों में इलेक्ट्रिक वाहन संचालित हो रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज से तीन दिन लखनऊ में रहेंगे

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचेंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षा मंत्री शुक्रवार शाम छह बजे अमौसी एयरपोर्ट से कालिदास मार्ग आवास जाएंगे।

रक्षा मंत्री 16 सितंबर को सुबह 11 बजे इंदिरानगर सेक्टर 25 में खुर्रम नगर पुल और उसके बाद पालीटेक्निक चौराहे पर निर्माणाधीन मुंशी पुलिया ओवरब्रिज की प्रगति को देखेंगे। फिर गोमती नगर में बन रहे उच्च स्तरीय रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का भी जायजा लेंगे और कालिदास मार्ग आवास वापस जाएंगे। शाम चार बजे बजे चौक के ज्योतिबाफुले पार्क में अंबर फाउंडेशन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के लांच रिले कार्यक्रम में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान जाएंगे, जहां सुबह साढ़े दस बजे से कार्यक्रम शुरू होगा।

डिप्टी सीएम केशव मौर्य का 'इंडिया' पर निशाना

बोले- गठबंधन की हालत एक अनार सौ बीमार वाली

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। वाराणसी दौरे पर आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। कहा कि इस अलायंस की हालत एक अनार सौ बीमार वाली है, जिसमें कोई भी दल एकजुट नहीं रह सकता। विपक्षी भानुमति का कुनबा है, जो जुडने़ वाला नहीं है। सर्किट हाउस में पत्रकारों से कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी और विपक्ष खाता भी नहीं खोल पाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और विपक्ष के लोग नहीं रोक पाएंगे। इस बार 350 से अधिक सीटें कमल के रूप में खिलेगा और एनडीए सरकार बनेगी। सरकार के नौ साल पर कांग्रेस के नौ सवालों को खोखला बताया। घोसी उपचुनाव के परिणाम पर कहा कि जो भी परिणाम आया है, उस पर अखिलेश यादव समीक्षा करें।

सनातन धर्म को लेकर हुई विवादित टिप्पणी पर कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति सूर्य केसमान है। जिसे कोई छू नहीं सकता है। साथ ही राहुल गांधी के विदेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और राष्ट्रवादी वाले बयान पर कहा कि उनका बयान पूरी तरह देश विरोधी हैं, उन्हें कोई विदेश में भी नहीं सुनता। जम्मू कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए सेना के अधिकारियों और जवानों के लिए संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि हमारी सेना आतंकियों को जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है और जल्द ही मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

भाषा विश्वविद्यालय में मनाया गया टेलीविजन-डे

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में टेलीविजन डे मनाया गया। विदित है कि 15 सितम्बर को भारत में टेलीविजन कार्यक्रम का प्रसारण हुआ था। इसी दिन भारत में दिल्ली के 20 किलोमीटर के दायरे में प्रसारित किया गया। इसीलिये प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर को टेलीविजन डे के रूप में मनाते हैं।जिसके अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभाग की विषय प्रभारी डॉ. रूचिता सुजॉय चौधरी ने बताया कि कभी दूरदर्शन कार्यक्रम हमारे जन माध्यमों में कभी सबसे ऊपर हुआ करता था। कार्यक्रम में पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने दूरदर्शन के इतिहास उसकी उपयोगिता से सबंधित गतिविधियां प्रस्तुत की। छात्रों ने कार्यक्रम में गाने, कविता आदि के माध्यम से भी अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां पेश कर दूरदर्शन की पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग के शिक्षक डॉ. शचीन्द्र शेखर ने कहा कि टेलीविजन भारीभरकम डिवाइस से मोबाइल टीवी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा है। वहीं डॉ. कासिम रिजवी ने दूरदर्शन की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मोहसिन हैदर ने किया। कार्यक्रम में विभाग के डॉ. मोहम्मद नसीब के साथ साथ खुशी, आरती, अदीबा के साथ भारी तादाद में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

23 साल बाद लखनऊ में डेविस कप मैचों का आयोजन, सीएम योगी बोले

खेलों के मामले में भी अग्रणी होगा प्रदेश

■ उत्तर प्रदेश खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में अग्रणी राज्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लिए यह अत्यंत स्मरणीय क्षण है कि लगभग 23 वर्षों के बाद डेविस कप के रूप में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लीग मैच भारत और मोरक्को के बीच 16 और 17 सितंबर को विजयंत खंड गोमती नगर में जो टेनिस कोर्ट बनाया गया है वहां पर संपन्न होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं।

पूरा विश्वास है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से और मोरक्को से आए हुए खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश के अंदर इस आयोजन के साथ जुड़ने में आनंद की अनुभूति होगी और आपके खेलों के माध्यम से देश और प्रदेश के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होने और इसके माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप 2 में भारत और मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ सेरेमनी के अवसर पर कहीं। इससे पूर्व सीएम योगी ने ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का भी ऐलान किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को ओडीओपी उपहार देकर सम्मानित किया। इनमें पूर्व टेनिस लीजेंड विजय अमृतराज भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया और उन्होंने सीएम योगी के साथ ग्रुप फोटो शूट भी कराया। सीएम योगी ने प्रदेश में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के खेलो इंडिया खेलो के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम रहा हो या फिर फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम, इन सभी ने पूरे देश के अंदर खेल का एक बेहतरीन माहौल दिया है। खेल सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा इस बात पर विश्वास करती रही है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम यानी जीवन के जो भी साधन होते हैं वो एक स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं और स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद की प्रतियोगिताएं आवश्यक हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी की ही प्रेरणा से पिछले 6 वर्ष में इन सभी कार्यक्रमों को प्रदेश में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश के अंदर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बेहतरीन प्रयास प्रारंभ हुए हैं। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाला एक अग्रणी राज्य है। खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाने, हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाने, सभी जनपदों में खेल के स्टेडियम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम पर कार्य किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा खर्च की जाने वाली राशि से गांव में ओपन जिम के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

गोमती नगर विस्तार और बसंतकुंज में चार नये पम्पिंग स्टेशन बनाएगा एलडीए

अवधनामा संवाददाता

■ पांच से 10 एमएलडी क्षमता के होंगे स्टॉर्म वॉटर पम्पिंग स्टेशन

लखनऊ। विकास प्राधिकरण गोमती नगर विस्तार और बसन्तकुंज योजना में चार नये पम्पिंग स्टेशन बनाएगा। इससे शहर की बड़ी आबादी को बरसात में होने वाले जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने गुरूवार को विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में उक्त स्थानों पर पम्पिंग स्टेशन स्थापित कराने के कार्य को मंजूरी दी है।

बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बसन्तकुंज योजना के मद से गऊ घाट व बरीकलां में दो पम्पिंग स्टेशन तथा गोमती नगर विस्तार योजना के मद से जनेश्वर मिश्र पार्क समेत दो स्थानों पर पम्पिंग स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि ये स्टॉर्म वॉटर पम्पिंग स्टेशन 5 से 1 एमएलडी क्षमता के होंगे। पम्पिंग स्टेशन स्थापित होने से शहर के बड़े हिस्से में जलभराव की समस्या से राहत मिल जाएगी। इस पर मण्डलायुक्त ने स्वीकृति प्रदान करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पम्पिंग स्टेशन बनाने के लिए स्थल निरीक्षण व सर्वे आदि का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जाए। बैठक के दौरान ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि गऊ घाट ब्रिज के फाउंडेशन, सब-सट्रक्चर व सुपर स्ट्रक्चर का कार्य तेजी से प्रगति पर है। वहीं, आईआईएम रोड से पक्का पुल तक सड़क निर्माण के कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने सम्बंधित ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का अल्टीमेटम दिया।

'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के पहले चरण में व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले 'वीरों' को श्रद्धांजलि देने के लिए 9 अगस्त 2023 को एक राष्ट्रव्यापी अभियान मेरी माटी मेरा देश शुरू किया गया। यह अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का समापन कार्यक्रम है, जो 12 मार्च 2021 को शुरू हुआ और पूरे भारत में 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों में व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली।

इस अभियान में स्वतंत्रता सेनानियों और सुरक्षा बलों को समर्पित शिलाफलकम की स्थापना जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ पंच प्रण प्रतिज्ञा, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन पहल के माध्यम से हमारे बहादुरों के वीरतापूर्ण बलिदानों का सम्मान किया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान का पहला चरण व्यापक पहुंच और बड़ी संख्या में जनभागीदारी के साथ अभूतपूर्व रूप से सफल साबित हुआ है। अब तक 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 2.33 लाख से अधिक शिलाफलकम बनाए जा चुके हैं। अब तक लगभग 4 करोड़ पंच प्रण प्रतिज्ञा वाली सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी हैं। देश भर में वीरों के लिए 2 लाख से अधिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। वसुधा वंदन थीम के तहत, 2.36 करोड़ से अधिक स्वदेशी पौधे लगाए गए हैं और 2.63 लाख अमृत वाटिकाएं बनाई गई हैं। अब यह अभियान देश भर में अमृत कलश यात्राओं की योजना के साथ अपने दूसरे चरण में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अखिल भारतीय आउटरीच अभियान के रूप में, इसका उद्देश्य देश के हर घर तक पहुंचना है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के 6 लाख से अधिक गांवों और शहरी क्षेत्रों के वार्डो से मिट्टी व चावल के दाने एकत्र किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे ब्लॉक स्तर पर मिश्रित करके ब्लॉक स्तरीय कलश बनाया जाएगा। राज्य की राजधानी से औपचारिक तौर पर विदा किए जाने के बाद ये कलश राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए दिल्ली पहुंचेंगे।

अमेरिकन सैट परीक्षा में सीएमएस छात्र शाश्वत ने बनाया कीर्तिमान

अवधनामा संवाददाता

■ 1600 में से 1410 अंक किये अर्जित

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-12 के प्रतिभाशाली छात्र शाश्वत मिश्रा ने कालेज बोर्ड अमेरिका द्वारा आयोजित सैट परीक्षा में 1600 में से 1410 अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सैट परीक्षा अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कालेजों में दाखिले के लिए एक मानक है जिसमें दुनिया भर से लगभग डेढ़ करोड़ छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष सम्मिलित होते हैं।

शाश्वत ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया है, जिन्होंने सैट परीक्षा की तैयारी में हर प्रकार से मार्गदर्शन दिया। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा जगदीश गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया जिनकी मेहनत व लगन की बदौलत सी.एम.एस. छात्र शैक्षणिक क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों के दृष्टिकोण व्यापक बनाने व उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु सदैव प्रयासरत है और इसी कड़ी में छात्रों को विदेशों में उच्चशिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रहा है।

तैराकी प्रतियोगिता में सीएमएस राजेन्द्र नगर ने जीती ओवरऑल चैम्पियनशिप

अवधनामा संवाददाता

अण्डर-19 कैटेगरी में शीतांशु गौतम को अण्डर-17 कैटेगरी में अयान यादव को बेस्ट स्विमर के खिताब से नवाजा गया

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) के प्रतिभाशाली छात्रों ने अन्तर-विद्यालयी तैराकी प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्राफी जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता का आयोजन नार्थवेस्ट स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में हुआ, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 450 से अधिक छात्र तैराकों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) के प्रतिभाशाली छात्रों ने 9 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल एवं 2 ब्रांज मेडल के साथ चैम्पियनशिप ट्राफी अपने नाम की। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में शीतांशु गौतम एवं अयान यादव ने तीन-तीन गोल्ड मेडल जबकि शिव जायसवाल, यश त्रिपाठी एवं उदिशा सिंह ने एक-एक गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके अलावा,

सी.एम.एस. छात्रों ने 3 सिल्वर मेडल एवं 2 ब्रांज मेडल पर भी कब्जा जमाया। अण्डर-19 कैटेगरी में शीतांशु गौतम को जबकि अण्डर-17 कैटेगरी में अयान यादव को बेस्ट स्विमर के खिताब से नवाजा गया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सी.एम.एस. के इन बाल तैराकों को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

15.18 लाख वेंडर्स को ऋण वितरित कर देश में यूपी प्रथम

अवधनामा संवाददाता

■ मंत्री ने 09 स्ट्रीट वेन्डर्स को 3.30 लाख रूपये के ऋण का चेक प्रदान किया

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से देश के स्ट्रीट वेन्डर्स, रेहड़ी पटरी वालों के जीवन में व्यापक बदलाव आया और आज वे गरीबी से ऊपर उठकर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के पहले किसी ने भी इनकी सुध नहीं ली और छोटे कार्य करने वाले इन लोगों को इनके हाल में ही छोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से खस्ता, लैया चना, चाय-समोसे, फास्ट-फूड, स्टेशनरी वर्क जैसे छोटे-छोटे कार्य करने वाले लोगों के जीवन में आशा की नयी किरण जगी है।

नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा आज नेशनल एसोसिएशन आफ स्ट्रीट वेन्डर्स आफ इण्डिया द्वारा फूड सेफ्टी व हाइजिन को लेकर स्ट्रीट वेन्डर्स के लिए टेकरीज इन, लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेन्डर्स के लिए 01 जून, 2020 को पीएम स्वनिधि योजना प्रारम्भ की गयी। इसके तहत प्रथम ऋण में 10,000 रूपये द्वितीय ऋण में 20,000 रूपये तथा तृतीय ऋण में 50,000 रूपये ब्याज अनुदान आधारित ऋण बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा। साथ ही वेन्डर्स द्वारा डिजिटल लेनदेन करने से कैशबैक के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 रूपये भी प्राप्त हो रहे। श्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अब तक 15.18 लाख वेन्डर्स को ऋण वितरित किये जो कि देश में सबसे ज्यादा है। प्रदेश के वेन्डर्स द्वारा 156 करोड़ का डिजिटल ट्रांजेक्शन किया गया। उन्होंने 100 स्ट्रीट वेन्डर्स को हाइजिन किट प्रदान की और कहा कि अपने स्टाल के आस-पास साफ-सफाई के प्रति ध्यान रखने तथा डस्टबिन का प्रयोग करें। उन्होंने इस दौरान अतुल कश्यप, विजय बहादुर, केदार कुमार, सलीम अब्बासी, संजय गुप्ता, अनिल कुमार सिंह को 50 हजार रूपये के तृतीय ऋण का तथा सिद्धान्त सोनकर, रितेश सोनकर एवं मयंक सोनकर को 10 हजार रूपये के प्रथम ऋण का चेक प्रदान किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 3.30 लाख रूपये के ऋण का चेक 09 स्ट्रीट वेन्डर्स को प्रदान किया। इस अवसर पर मंत्री ने मैनेक्वीन का अनावरण भी किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्ट्रीट वेन्डर्स को ट्रेनिंग प्रमाण पत्र और फोस्टैक प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। साथ ही कूड़ा निस्तारण और एफआईएसएसआई प्रमाण पत्र के सम्बंध में जानकारी दी गयी। 290 स्ट्रीट वेन्डर्स का रजिस्टेऊशन भी किया गया। सभी उपस्थित वेन्डर्स को स्वच्छता, साफ-सफाई और स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम को नेस्ले इण्डिया, फोस्टैक एफएस एसएआई द्वारा समर्थित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक सूडा अनिल कुमार पाठक, एफएसडीए के सहायक आयुक्त चन्द्रा किशोर, एनएएसवीआई की श्रीमती संगीता सिंह, गोकुल प्रसाद तथा नेस्ले के समर निगम और जिला प्रशासन, सूडा के अधिकारी उपस्थित थे।

वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव

गोरखपुर से लखनऊ आ रही ट्रेन पर सुबह मल्हौर रेलवे स्टेशन पर बोगी का शीशा तोड़ा

लखनऊ। वंदे भारत एक्सप्रेस पर एक बार फिर हमला हुआ है। यह पांचवी बार है जब ट्रेन पर पथराव हुआ है। बताया जा रहा है कि गोरखपुर से लखनऊ आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर शुक्रवार सुबह मल्हौर रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। उसी समय उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। इस दौरान ट्रेन की चेयरकार बोगी सी-3 का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया।

पथराव के बाद ट्रेन में बैठे यात्रियों पर डर का माहौल बैठ गया। खासकर बोगी में अफरा- तफरी मच गई। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन में गस्त कर रहे आरपीएफ ने पथराव करने वालों की तलाश में सीसीटीवी कैमरा चेक करवा रही है। इसमें आरोपियों की जांच हो रही है। बताया जा रहा है कि तब ट्रेन में करीब 400 से ज्यादा लोग थे।

7 जुलाई को पीएम को झंडी दिखाई थी : पीएम मोदी ने 7 जुलाई को गोरखपुर से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। अभी दो महीने 8 दिन हुए और ट्रेप पर अब तक पांच बार हमला हो गया है। सबसे पहली बार तो चौथे दिन ही हमला हो गया था। पहली बार चार बोगियों के शिशे टूटे थे। तब बकरी कटने से नाराज स्थानीय व्यक्ति ने गुस्से में पथराव किया था।

5 बार बंदे भारत ट्रेन पर चले पत्थर

पहली घटना- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 जुलाई 2023 को गोरखपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी। इस ट्रेन का रुट गोरखपुर से लखनऊ है। इसके चार दिन के बाद 11 जुलाई को अयोध्या के सुहावल स्टेशन के पास वंदे भारत पर पत्थर फेंके गए।

पुलिस टीम घटनास्थल के पास पहुंची। यहां जांच पड़ताल में सामने आया कि 9 जुलाई को मुन्नू पासवान की 6 बकरियां ट्रेन की चपेट में आने से मर गई थीं। इसी आक्रोश में मुन्नू और उसके 2 बेटे अजय और विजय ने ट्रेन पर पत्थर फेंके। गांव में जाकर पुलिस ने तीनों को अरेस्ट कर लिया था।

दूसरी घटना- 17 जुलाई को गोरखपुर में ट्रेन पर पत्थर फेंके गए। रात करीब 11 बजे ट्रेन लखनऊ से गोरखपुर जा रही थी। इसी दौरान डोमिनगढ़ रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन पर पत्थरबाजी हुई। घटना में एग्जीक्यूटिव कोच ई वन (ईसी) के सीट नंबर-13 और 14 के पास वाला शीशा टूट गया।

तीसरी घटना- 3 अगस्त को गोरखपुर जंक्शन के वाशिंग यार्ड में खड़ी वंदे भारत का शीशा टूट गया था। पता चला कि हेमराज प्रजापति नामक के कुली ने पत्थर मारा था। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि पत्थर क्यों मारा।

चौथी घटना- 6 अगस्त को बाराबंकी के सफेदाबाद रेलवे स्टेशन के पास कुछ अराजक तत्वों ने ट्रेन पर पत्थर चलाए। जिससे एक कोच के दो शीशे टूट गए। आरपीएफ सीसी कैमरे की मदद से अराजक तत्वों की खोज कर रही है।

मेंहदी जुलूस में उमड़े अकीदतमंद

वहाज अली निहाल

इटावा। मोहर्रम शरीफ की आठ तारीख को शहीदाने करबला व हज़रत कासिम की याद में दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी से फूलों से सुसज्जित मेंहदी को कटरा शहाब खां मस्जिद पंजाबियान के समीप इमाम बारगाह पर लाया गया जहा पर नगर के मशहूर बैंड बाजों ने मातमी धुनों की सदायें बुलंद कर सलामी दी।मेंहदी को सजाने वाले अरशद अहमद,इशरत अहमद,सरवर हुसैन वारसी,हैदर हुसैन वारसी,अरहम वारसी के अलावा साजिद वारसी,अफज़ल वारसी,हाजी मुईन उद्दीन गुड्डू मंसूरी आदि ने बैंड बाजे वालों को नज़राने दिए।साजिद हुसैन वारसी ने शहर के ऐतिहासिक जुलुस में शुमार मेंहदी जुलूस को शहर भ्रमण के लिए समय पर रवाना किया।

दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी पर ट्रस्ट के सेक्रेट्री हसनैन वारिस वारसी हनी,वारिस भाई,रहीस उद्दीन वारसी,मज़हर वारसी,फरीद वारसी आदि ने जुलूस में बैंड वालों,अलम चौकी वाले आदि लोगों का दरगाह वारसी पर साफा पहनाकर उनका स्वागत किया उसके बाद जुलूस को आगे की ओर रवाना किया।बुजुर्ग ऐहरामपोश मेहबूब शाह वारसी हर साल की तरह इस वर्ष भी अपने मुरीदों के साथ कभी पैदल तो कभी व्हीलचेयर पर सारी रात मेंहदी जुलूस में बराबर साथ रहे।ऐसे बुजुर्गों की मौजूदगी यह बताती है कि यक़ीदा, हौसला और मोहब्बत आपके अंदर है तो कोई काम मुश्किल नहीं होता।

दानिश वारसी,इलियास वारसी,हयात वारसी आदि ज़िम्मेदार लोग झंडी दिखाकर व सीटी बजाकर जुलूस को आगे की ओर चलने का इशारा कर रहे थे।दरगाह हज़रत मज़हर अली शाह शाद वारसी पर भी ट्रस्ट के लोगों ने जुलूस का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी जुलूस पर बराबर नज़र रखे रहे।उधर शहर कोतवाल पुलिस बल के साथ सारी रात पूरी तरह मुस्तैद रहे।जुलूस का शहर में लोगों ने जगह-जगह गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और लंगर भी खूब वितरित किया।शहीदाने करबला व हज़रत कासिम की याद में अकीदतमंदों ने थर्माकोल आदि से बहुत ही सुंदर इमाम हुसैन अलै.का रोज़ा,अलम,ज़ुल्फ़िकार आदि बनाकर अपनी मोहब्बत का सुबूत पेश किया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे।दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी ट्रस्ट की ओर से जुलूस में चल रहे वालिंटियर के गले में परिचय पत्र गले में साफा और हाथों में झंडी दी गई जिससे जुलूस में किसी तरह की कोई परेशानी न हो जुलूस में चल रहे अकीदतमंद आगे पीछे न हो एक साथ कतार में चले।नगर के मेंहदी जुलूस को देखने के लिए हर वर्ष काफी संख्या में लोग बाहर जनपदों से भी आते है।सारी रात महिलायें घरों की छतों पर बैठ कर जुलूस का इन्तज़ार करती है।जुलूस नगर के अपने कदीमी जगहों से होकर समय से सुबह दरगाह वारसी पहुंचा यहां जुलूस का समापन हुआ।सभी को दरगाह शरीफ में लंगर वितरित कर रवाना किया गया।

मनाया गया हिंदी दिवस

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बलराम सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एवं समारंभा फाउंडेशन के सहयोग से महाविद्यालय में धूम धाम से हिंदी दिवस मनाया।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सचिव शार्दुल सिंह एवं समारंभा फाउंडेशन की अध्यक्षा कवियत्री ऋचा राय ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।कार्यक्रम में नर्सिंग और फार्मेसी के विद्यार्थियों ने विभिन्न कविताएं और भाषण प्रस्तुत किये। इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर डॉ अनिल आहूजा,फैज,अंकित तिवारी एवं नर्सिंग प्रिंसिपल प्रवीन कुमार,फार्मेसी डिपार्टमेंट के एचओडी शिवम शर्मा,फार्मेसी स्टाफ के शिवम दिवाकर,शहनवाज,मिस अंकिता सोनी एवं नर्सिंग डिपार्टमेंट से मिस नीलम गौतम,मिस प्रतिमा, मिस नीलम यादव,मिस रामा,मिस दुर्गा और फाउंडेशन की जिला संयोजिका शामला पांडे फाउंडेशन उपाध्यक्ष पूनम पांडे निदेशक श्रीमती प्रीति शर्मा ने अपने अपने विचार प्रकट किये।वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीएनएम की छात्रा रिया गुप्ता, छात्र पवन यादव,एएनएम की छात्रा साक्षी,डीफार्मा के छात्र सुशील कुमार,यश गोयल विजेता रहे। कार्यकम का समापन संस्थान के डायरेक्टर डॉ अनिल आहूजा ने धन्यबाद ज्ञापन के साथ किया।

अवैध रूप से संचालित घी निर्माण केंद्र पर छापा

मथुरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं । अभियान के तहत यमुनापार लक्ष्मीनगर में सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर के निर्देशन में टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित एक घी निर्माण केंद्र पर छापा मारा गया फार्म के मालिक द्वारा मौके पर कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। निरीक्षण के दौरान घी की पैकिंग तथा मैन्युफैक्चरिंग मानकों को ताक पर रख की जा रही रही थी। घी में गंभीर मिलावट का संदेह होने पर एक नमूना जांच हेतु संग्रहित का प्रयोगशाला भेजा जा रहा है साथ ही लगभग 1200 किलोग्राम 85 टीन घी को जिसकी कीमत लगभग 8 लाख रुपए है को जप्त कर लिया गया है साथ ही संबंधित का मालिक को कारोबार बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री राम भवन भरतपुर गेट स्थित राजेश ट्रेडिंग कंपनी का निरीक्षण कर संदेह होने पर तिल तेल का एक नमूना संग्रहित किया गया।

शहर फाउंडेशन ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बसरेहर कस्बा में किल्ली रोड पर बने बौद्ध मार्केट में गरीब गर्भवती महिलाओं के लिए शहर फाउंडेशन के तत्वाधान में निऱ्शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान कस्बा में सभी गरीब गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण तथा निऱ्शुल्क ब्लड जांचे की गई।सभी गर्भवती महिलाओं की सीबीसी,बीपी,ब्लड शुगर,ब्लड ग्रुप, एचसीबी,वजन,एचबीएसबी इत्यादि जांच कर एक घण्टे में निशुल्क रिपोर्ट दी गई।इस शिविर में 129 गरीब गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ परीक्षण कराया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जयपाल तहसीलदार पहुंचे इस संस्था के शहर फाउंडेशन के संस्थापक आदेश यादव ने उनका स्वागत किया इस दौरान समाज सेवी सुधीर सिंह एलटी (जीएनएम)रूपा यादव निधि यादव भी मौजूद रही। शहर फाउंडेशन के संस्थापक आदेश यादव ने बताया स्वास्थ्य शिविर में आई सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।

रालोजपा का बढ़ता करवा

मथुरा/ दिल्ली। दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी ललित चौधरी ने युवा समाजसेवी प्रदीप गौतम ,वैष्णो नगर एटीवी निवासी मथुरा को उत्तर प्रदेश इकाई का प्रदेश सचिव व आगरा मंडल का प्रभारी भी मनोनीत किया गया। मनोनीत होने पर प्रदीप गौतम ने कहा रालोजपा एनडीए भाजपा सरकार का गठबंधन दल है। रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस केंद्रीय कैबिनेट मंत्री है। मेरा लक्ष्य पार्टी का प्रचार कर, युवाओं को जोड़ना व साथ ही जनता की समस्याओं को दूर करना है। केंद्र व प्रदेश में हम सरकार के साथ है। जिससे हम आसानी से सरकार मैं अपनी समस्याओं को रख व दूर करने का प्रयास कर सकते है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीकांत पांडेय , शशिकांत राही प्रदेश महासचिव व सदस्य खाद निगम उ प्र सरकार , युवा नेता पवन सिंह , दीक्षा श्रीवास्तव , जसवीर सिंह गौतम , मौजूद रहे।

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता/ट्रायल आयोजन यूपीएस जसवंतनगर के प्रांगण में हुई।दूसरे दिन की शुरुआत अलकेश सकलेचा खण्ड शिक्षा अधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर जितेंद्र यादव ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ,जितेन्द्र यादव जिला महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विनोद यादव जिला कोषाध्यक्ष, शशिभूषण यादव अध्यक्ष टीचर्स क्लब अमरपाल यादव उपाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ,राजवीर यादव उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में 10 बालक व 10 बालिकाओं की जूनियर स्तर की खो-खो टीमों ने प्रतिभाग किया।बालक वर्ग में प्रथम सेमीफाइनल धनुवाँ एवं भीखनपुर के मध्य हुआ जिसमें धनुवाँ ने फाइनल में जगह बनाई।दूसरा सेमीफाइनल मैच धरवार एवं सरायभूपत के मध्य हुआ जिसमें धरवार टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।फाइनल मुकाबला धरवार एवं धनुवाँ के मध्य हुआ जिसमें टीम धनुवाँ विजेता धरवार उपविजेता रही।बालिका वर्ग में पहला सेमीफाइनल मुकाबला धनुवाँ एवं भीखनपुर के मध्य हुआ जिसमें धनुवाँ विजेता रही।दूसरा सेमीफाइनल मैच सरायभूपत एवं धरवार के मध्य हुआ जिसमें धरवार ने फ़ाइनल में जगह बनाई।फाइनल धनुवाँ एवं धरवार के मध्य हुआ जिसमें धनुवाँ विजेता एवं धरवार उपविजेता रही।सभी खिलाड़ियों को अंत मे जितेंद्र यादव ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।प्रतियोगिता राजेश जादौन ब्लाक व्यायाम शिक्षक के कुशल निर्देशन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।निर्णायक की भूमिका अरशद हुसैन देवेंद्र कुमार सुमित कुमार लालू यादव उमेश चन्द्र यादव संचालन बलबीर यादव ने किया प्रतियोगिता में नरेंद्र यादव हरिमोहन राजपूत विनय यादव जवाहर शाक्य एआरपी मधुर श्रीवास्तव आलोक चौहान हरी कुमार नितिन यादव विशुन सिंह फुरखान संजय यादव रमेश चन्द्र राहुल कुमार सूर्यप्रकाश सलमान आशीष रोहित निर्निमेष सत्यवीर केशव योगेंद्र हरिओम जितेंद्र रामनरेश अजित सिंह नकुल व कैलाश ने विशेष सहयोग किया।

इंडियन स्वच्छता लीग सीजन 2

मथुरा। नगर निगम मथुरा वृंदावन के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत संचालित विशेष स्वच्छता अभियान ÷इंडियन स्वच्छता लीग 2.0÷ में केन्द्र सरकार के आहवान पर राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुए अभियान में महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त अनुनय झा के निर्देशों के क्रम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा जनसहयोग से विभिन्न जनजागरूगता कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे हैं। इस लीग में नगर निगम की टीम का नाम ''मथुरा-वृन्दावन कर्मयोगी'' रखा गया है। टीम के कप्तान के रूप में डा0 ललितमोहन शर्मा, प्रधानाचार्य, बीएसए कॉलेज को बनाया गया है।

हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा में 14 सितंबर गुरुवार को हिंदी दिवस पर विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा पूर्ण रूप से अंग्रेजी माध्यम से संचालित है फिर भी इस विद्यालय में प्रात हा की प्रार्थना सभा का आयोजन हिंदी भाषा में करवाया गया प्रात प्रार्थना सभा का संचालन कक्षा सातवीं ए की छात्रा अनुराधा गुप्ता ने करवाया इसी क्रम में कक्षा चार की छात्रा अग्रणी सिंह ने ज्ञानवर्धक भाषण दिया वही हिंदी की वरिष्ट शिक्षिका रीता देवी ने हिंदी के महत्व को समझाते हुए सभी छात्राओं को अवगत कराया कि किस प्रकार काफी विचार विमर्श के बाद 14 सितंबर सन 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा बनाने का दर्जा दिया गया इसके बाद विद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने हिंदी में कविता चौपाई सोरठा तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी अपनी प्रतिभाएं दिखाई आधुनिक शिक्षा में हिंदी का महत्व पर वाद विवाद प्रतियोगिता में 11 वीं और 12 वीं के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया वही विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मुकुल कुमार सैन जी ने बताया कि हिंदी भाषा ही नहीं बल्कि हम सभी की आत्मा है हिंदी भाषा हमारी अभिव्यक्ति का सरलतम माध्यम है हिंदी भाषा हमारे देश की हरीश माता हरिश्मिता वह व्यक्तित्व व्यक्तित्व की पहचान है तथा छात्राओं का उत्साह वर्णन करते हुए उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा करने के लिए प्रेरित किया हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक शिव मंगल वासिफ खान व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु पुनः पोर्टल खुला

मथुरा । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विजय लक्ष्मी मौर्या ने अवगत कराया हैं कि पिछड़े वर्ग के ऐसे समस्त बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है जो निशुल्क ÷ओ÷ लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रथम चरण में आवेदन नहीं कर सकें है, के लिये निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या 1585 दिनांक 13 सितम्बर 2023 के द्वारा ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में आवेदन पत्र स्वीकार करने की तिथि दिनांक 14 सितम्बर 2023 से दिनांक 20 सितम्बर 2023 निर्धारित करते हुये पोर्टल पुनः खोला गया है।

संस्कृति विवि में इनोटिव भारत 2.0 पर छात्रों ने प्रस्तुत कीं

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के सभागार में इनोटिव भारत 2.0 के बैनर तले दो दिवसीय पीपीटी प्रेजेंटेशन कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इनोटिव भारत 2.0 के संचालक एवं आरएसएस के विभाग प्रचारक अरुण पांचजन्य ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपको अपने आइडिया को सामने लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सोच मनुष्य को भी प्राणी मात्र मानती है, जिसमें सभी आते हैं। ऐसा नहीं है मनुष्य के पास प्रतिक्रिया की अपार संभावनाएं हैं जो निरंतर परिष्कृत होती रहती हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण पांचजन्य का विद्यार्थियों से कहना था कि आपके अंदर प्रतिभा दबी न रह जाय इसलिए ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं। आपको अपने आइडिया की पीपीटी बनानी चाहिए और प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उसका आकलन कराना चाहिए। विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता को मरने नहीं देना चाहिए। हमारी कोशिश है कि हमारे देश के युवाओं का टेलेंट मौके के अभाव में दम न तोड़े इसलिए ऐसे आयोजन द्वारा उनको मौके दिए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को ऐसे मौकों का लाभ उठाना चाहिए। आपकी इस ऊर्जा का सबके लिए उपयोग होगा तो सबका लाभ होगा और देश प्रगति करेगा। संस्कृति विवि के चांसलर डा. सचिन गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि विद्यार्थियों को यह सोचना होगा कि वे अपना देश कैसा चाहते हैं। जब ये सोचेंगे तो उसी तरह के आइडिया भी दिमाग में आएंगे। उन्होंने कहा कि आपका नजरिया सकारात्मक होना चाहिए। प्रयास करेंगे तो अपने आइडिया को साकार भी कर सकेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। विश्वविद्यालय की सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा, कैप के डायरेक्टर डॉ. रजनीश त्यागी व डा कमल कौशिक ने भी छात्रों का मार्ग दर्शन किया।

ढाई करोड़ का गबन: पंचायत सचिव पर कारवाई कब?

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार भले ही ईमानदार और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने की कितनी ही दावेदारी करें लेकिन भ्रष्टाचारी इस सरकार में भी पूरी तरह मजबूत और प्रभावशाली बने हुए हैं, बात करते हैं हम जनपद मथुरा की ब्लॉक बलदेव के एक ग्राम पंचायत सचिव की पद भले ही छोटा है । लेकिन विभागीय आकाओं और राजनीतिक संरक्षण के चलते ढाई करोड़ के गवन का आरोपी रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद भी सुरक्षित घूम रहा है पंचायत सचिव ने अपने प्रभाव के चलते रिपोर्ट करता तत्कालीन अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को स्थानांतरित कराकर अपनी मजबूत पकड़ का एहसास करा दिया है। जानकारी के अनुसार अपर जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश कुमार ने जांच के उपरांत थाना बलदेव पर अपराध संख्या 0291 / 2023 धारा 409 आईपीसी के तहत 27 जुलाई को दर्ज कराई थी। जिसमें सुरेश कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खंड बलदेव पर आरोप लगाया ग्राम पंचायत नरौली जुन्नारदार, सरकंडा खेड़ा, जगदीशपुर, रावल बांगर, नवीपुर, जुगसना और रदोई में 2 करोड़ 35 लाख 70 हजार 825 रुपए के सरकारी धन के गवन का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश कुमार पर अभिलेख, पासबुक, बैंक स्टेटमेंट, प्राक्कलन, एम बी पुस्तिका, गार्ड फाइल, खर्च के बाबूचर, निर्माण कार्य रजिस्टर और कार्य योजना उपलब्ध नहीं करने के आरोप भी तहरीर में लगाए गए हैं। संबंधित आरोपी पंचायत सचिव सुरेश कुमार के बारे में बताया जाता है वह मृतक आश्रित में नौकरी पर लगे हैं। वह विभागीय आला अधिकारियों के चहते बने हुए हैं। इसके अलावा उन पर राजनीतिक आकाओं का भी भरपूर संरक्षण मिला हुआ है। इसी के चलते अपने विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने वाले अपर जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश कुमार को मथुरा में से स्थानांतरण करने में सफल हो गए। इतना ही नहीं उनके प्रभाव के चलते जिस सरकारी कर्मचारी अधिकारी के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज होता है, तो उसे विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबित किया जाना अनिवार्य बताया जाता है। 50 दिन पूर्व नामजद रिपोर्ट के बावजूद आज तक ना तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर पाई है, और ना ही विभागीय अधिकारी निलंबित कर पाए हैं। यह पूरे विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है, सूत्रों की माने तो आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश कुमार मुकदमे से संबंधित साक्ष के साथ भी छेड़छाड़ भी कर रहे हैं ।

संजीव राजपूत के पुन:अध्यक्ष घोषित होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूपी में भारतीय जनता पार्टी ने जिला स्तर पर संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव किया है पिछले काफी समय से इस बात को लेकर चर्चाएं चल रही थी,जिसके बाद आखिरकार शुक्रवार को पार्टी की ओर से नए जिलाध्यक्षों की सूची को जारी कर दिया गया है।भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने जिला अध्यक्षों की घोषणा किए जाने पर इटावा के लिए पुन:अध्यक्ष पद पर संजीव राजपूत को घोषित होने से जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई।भाजपा कार्यालय पर उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लग गया। विगत है कि संजीव राजपूत पिछले दो वर्षों से भारतीय जनता पार्टी इटावा जिले के अध्यक्ष है और पार्टी ने आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए एक बार फिर उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः इटावा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।संजीव राजपूत को पुन:अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने कहा कि पार्टी द्वारा उन पर एक बार फिर विश्वास किया जाना उनकी ईमानदारी और जनता व कार्यकर्ताओं के प्रति उनका लगाव और समर्पण है। उनकी सांगठनिक क्षमता बेजोड़ है।वह हर कार्यकर्ता से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हैं।उन्होंने इटावा जिले में अपने 2 वर्ष के कार्यकाल में पार्टी को बहुत मजबूत किया है।

भारत ने अपना चाँद पर झंडा लगा दिया- रौनक इटावी

- कवि सम्मेलन में कवियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

वहाज अली निहाल

इटावा। हिंदी दिवस के मौके पर पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग जिलों से आए कवियों ने कविताएं सुना कर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया।देर रात तक यह कवि सम्मेलन चला रहा। कवि सम्मेलन का शुभारंभ तहसीलदार सदर राजकुमार सिंह,वरिष्ठ कवि प्रेम बाबू प्रेम तथा विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर कैलाश यादव ने प्रज्वलित करके किया।कवि सम्मेलन में कवियों ने ऐसा समा बांधा कि श्रोता देर तक डटे रहे और तालियां बजाकर वाह-वाह करते रहे लोकगीत भी सुनाए गए।इस कवि सम्मेलन में लखनऊ से आई कवियत्री वंदना विशेष ने सुनाया

- चंदा पर तो हमने यान उतार दिया अब सूरज पर झंडा गढ़ने वाला है- सतीश मधुप

हमें पता है शान हमारे भारत की,इसमें बसती है जान हमारे भारत की अनगिन बोली भाषाएं हैं दुनिया में हिंदी है पहचान हमारे भारत की।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लोकगीतकार प्रेम बाबू प्रेम ने सुनाया खेत खेत की मेड़ पर हरी धूप इठलाए,चलत बयार धान की बाली भगवा सी लहराए।रौनक इटावी ने सुनाया जो कर न सका कोई वो करके दिखा दिया,क्या हौसला है हममे जहाँ को बता दिया अहले जहाँ को दोस्तों हैरत हुई है जब,भारत ने अपना चांद पे झंडा लगा दिया।राष्ट्रीय कवि डॉ.राजीव राज ने उम्दा गीत सुनाए उन्होंने सुनाया-कबीर और मीरा का अखिल संसार है हिंदी,सुशोभित शारदे मां के गले का हर है हिंदी,जिसे भूल हो तुम पाश्चात्य के मोह में पड़कर,इस जननी स्वरूप भूमि का श्रृंगार है हिंदी।कवि सतीश मधुप ने सुनाया इसरो अब शोलों से लड़ने वाला है संपती फिर आगे बढ़ने वाला है चंदा पर तो हमने यान उतार दिया अब सूरज पर झंडा गढ़ने वाला है।संचालन करते हुए सतीश मधुप ने राष्ट्रीय गौरव की पंक्तियां पढ़कर शमा बांध दिया।युवा कवि कुमार वैभव ने सुनाया हकीकत बताता था मरने से पहले,मैं एक आईना था बिखरने से पहले, सभी लग रहे थे बहुत ही सुहाने कन्हैया सजने संवरने से पहले।कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकगीतकार प्रेम बाबू प्रेम ने की।पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर कैलाश यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कवियों को सम्मानित किया।तहसीलदार राजकुमार सिंह ने कहा कविता के माध्यम से हम धरती से जुड़े हैं।

आयुष्मान आपके द्वार 3.0 कार्यक्रम का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भव अभियान के दौरान ÷आयुष्मान आपके द्वार 3.0 ÷ कार्यक्रम का क्रियान्वयन के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड में तेजी लाने के इरादे से ÷आयुष्मान आपके द्वार 3.0÷ का सुभारंभ 17 सितंबर 2023 से हो रहा है, जिसके तहत निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023)

आयुष्मान आपके द्वार 3.0(17 सितंबर 2023 से प्रारंभ)

आयुष्मान मेला 17 सितंबर 2023 से प्रारंभ प्रत्येक शनिवार हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र पर लगाए जाने है। आयुष्मान सभा 02 अक्टूबर 2023 , आयुष्मान ग्रामपंचायत एवं आयुष्मान अर्बन कार्ड

योजना अंतर्गत लाभार्थी परिवारों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने हेतु, लक्ष्य निर्धारित करते हुए ÷आयुष्मान आपके द्वार 3.0÷ अभियान चलाया जाना है, तत्क्रम में जनपद में पूर्व से ही 724044 लाभार्थियों के अतिरिक्त एन एफ एस ए में से लगभग 59706 हजार पात्र गृहस्थी परिवार (जिसमे 06 या 06 से अधिक सदस्य हैं) के सत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने है तथा राज्य स्तर से प्राप्त पी वी सी कार्ड लाभार्थियों को निशुल्क वितरित किए जाने है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना से जुड़े विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक जिलाधिकारी सभागार में आहूत की गई जिसमे मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मथुरा के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ -साथ नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत योजना, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी ब समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायीक स्वाकेंद्र मथुरा द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्पष्ट निर्देशित किया गया कि अभियान के तहत ऐसे परिवार जिनके एक या दो सदस्यों के कार्ड बनाए जा चुके हैं के शेष सदस्यों के कार्ड बनाए जाना है तथा जनपद में ऐसे पात्र गृहस्थी परिवार जिनको 6 या 6 से अधिक सदस्य हैं, के सत प्रतिशत कार्ड बनाए जाए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार -प्रसार पर जोर दिया गया, जिसके तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में माईकिंग द्वारा अभियान का प्रचार किया जाए व लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने/पीवीसी कार्ड वितरण के बारे में सुचित किया जाए।

साथ ही साथ लाभार्थियों को अभियान की तिथि की जानकारी देने व आशा कार्यकर्ताओं, पंचायती राज के

शरीर को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ त्वचा को चमकदार बनाता है गिलोय

चाहे महिला हो या पुरुष, आज के दौर में हर कोई अपने चेहरे पर निखार लाने के लिए कुछ ना कुछ काम करता रहता है। चेहरे का ग्लो बरकरार रखने के लिए लोग कई बार तो पार्लर जाकर हजारों रुपये खर्च करके स्किन ट्रीटमेंट लेते हैं, तो कई लोग आज भी ऐसे हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा है। बाजार में कई क्रीम, मॉइश्चराइजर और अन्य केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट मिलते हैं, जो स्किन टाइप के हिसाब से ही होते हैं लेकिन कई बार ये फायदा पहुंचाने की बजाए नुकसान पहुंचा देते हैं। ऐसे में आज हम आपको चेहरे पर चमकदार बनाने के लिए गिलोए का इस्तेमाल करना सिखाएंगे। दरअसल, गिलोय एक प्रकार की बेल है जिसका इस्तेमाल औषधी के रूप में आयुर्वेद में प्राचीन काल से किया जा रहा। लोग इसका जूस बनाकर भी पीते हैं। इसके साथ ही आज के लेख में हम आपको चेहरे पर इसका इस्तेमाल करना सिखाएंगे, ताकि आप भी चमकदार त्वचा पा सकें।

गिलोए का मास्क

इस मास्क को बनाने के लिए सबसे पहले गिलोए के पत्ते या फिर उसका तना लेकर इसे अच्छे से पीस लें। अब इस पेस्ट को 20 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट के बाद चेहरे को सादे पानी से धो दें। इस मास्क के इस्तेमाल से आपके फेस की स्किन ग्लो करने लगेगी और आप फ्रेश फील करेंगे। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में दो बार आसानी से कर सकते हैं।

आंवला और गिलोय मास्क

आंवला और गिलोय का मास्क बनाने के लिए आपको 1 आंवले का टुकड़ा लेकर उस में गिलोय की कुछ पत्तियां पीसकर मास्क तैयार करना है। इस मास्क को 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें।

मिलेगा ये फायेदा

इस मास्क के इस्तेमाल से आपकी त्वचा को हील होने में मदद मिलेगी। दरअसल, गिलोय में हीलिंग पावर होती है जो स्किन को हील करने में मदद करती है। कुछ ही समय में आपका चेहरा चमकदार बनेगा और आपको इसका असर खुद से दिखने लगेगा।

बेजान दिखने लगी है हाथ पैर की त्वचा तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

अगस्त का महीना चल रहा है। इस महीने में कभी तो तेज धूप निकल रही है, कभी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद होने वाली उमस की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

इस परेशानी का सीधा असर लोगों की त्वचा पर दिखाई दे रहा है। बदलते मौसम की वजह से ही त्वचा पर रूखापन नजर आने लगा है।

इसके साथ ही चेहरा काफी डल लगने लगा है। ऐसे में वापस से ग्लो पाने के लिए आप या तो पार्लर जाकर स्किन ट्रीटमेंट करा सकते हैं या फिर कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर वापस निखरती हुई त्वचा पा सकते हैं। बहुत से लोग पार्लर जाकर पैसे खर्च करने से कतराते हैं। ऐसे में आज के लेख में हम आपको त्वचा की डलनेस कम करने के लिए कुछ घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं ताकि आपको निखरती हुई त्वचा पाने के लिए ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत ना पड़े।

इस पैक से आपकी त्वचा में निखार दिखने लगेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक कटोरी में एक चम्मच ताजा नींबू का रस निचोड़ना है और उसमें बराबर मात्रा में शहद डालकर मिलाना है। इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए त्वचा पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर ब्राइटनेस आती है।

दही और टमाटर

इन चीजों के इस्तेमाल से त्वचा की डलनेस काफी हद तक कम हो जाती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक टमाटर लें और उसका छिलका निकाल दें।

अब इसमें 1-2 टेबलस्पून ताजा दही डालकर इसका पेस्ट बनाएं। इसको आप प्रभावित जगहों पर लगाकर निखरती त्वचा पा सकते हैं।

हल्दी और बेसन

हल्दी और बेसन दोनों ही चीजें त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप एक कटोरी में 1 चम्मच हल्दी लें और इसमें 1 कप बेसन मिला लें।

अब इसमें पानी मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट से अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए स्क्रब करें और फिर चेहरा धो लें।

आलू का रस

आलू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होते हैं।

इसके लिए आपको बस एक कच्चे आलू का रस निकालना है। रस निकालकर इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगाएं और कुछ समय बाद चेहरे को धो लें।

अगर भारी झुमके पहनने से घायल हो गए हैं कान तो इन चीजों के इस्तेमाल से पाएं राहत

कई बार स्टाइलिश और फैशनेबल दिखने के चक्कर में लोग कुछ ऐसा कर बैठते हैं, जिसकी वजह से उनके साथ ही परेशानी खड़ी हो जाती है। खासकर जब कोई कार्यक्रम होता है तो महिलाएं उसमें सबसे खूबसूरत दिखने के लिए काफी समय पहले से ही तैयारी शुरू कर देती हैं। कपड़ों के साथ-साथ ज्वेलरी भी उन्हें खूबसूरत दिखाने में काफी मदद करती है। शादियों में पहने जाने वाले भारी-भारी झुमकों की वजह से कान काफी घायल होने लगते हैं। जब ये परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है तो कई बार इसकी वजह से कानों में दर्द होने लगता है। इसके साथ ही ये घाव पकने भी लगता है।

ऐसे में जैसे ही कान में झुमकों की वजह से दर्द शुरू हो, वैसे ही इसको ठीक करने के लिए आप कुछ घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आज के लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप घायल कान को ठीक करने में कर सकती हैं। एलोवेरा जेल त्वचा की कई परेशानियों को दूर करने में लाभदायक होता है। इसके इस्तेमाल से आपके कानों का घाव ना सिर्फ जल्दी ठीक होगा, बल्कि इसके साथ ही घाव को ठंडक मिलेगी। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो कोशिश करें कि ताजा एलोवेरा जेल निकाल कर ही लगाएं। ये आपके कान के घाव को जल्द ठीक करने का काम करता है। इसके लिए आपको बस प्रभावित हिस्से पर बादाम का तेल लगाना है। बादाम का तेल आपकी त्वचा में नमी बनाकर रखता है और कटे-फटे घाव को भी हील कर सकता है। अगर भारी झुमके पहनने से आपके कान भी पकने लगे हैं तो आप पके हुए कान पर आप हल्दी और सरसों का मिश्रण लगाएं। इस मिश्रण को लगाने से आपको राहत जरूर मिलेगी। हैवी झुमकों की वजह से कान के पास जो घाव हो जाते हैं उन पर बर्फ लगाने से आपको आराम मिलेगा। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो एक कपड़े में बर्फ के कुछ टुकड़े लपेटें और प्रभावित जगह पर कम से कम 20 मिनट लगाएं। सुबह उठ कर जब आप पत्तियों को देखेंगी तो उस पर ओस की बूंदें दिखाई देंगी। इसे आप कानों के घाव पर लगा सकती हैं।

अनार के छिलके से पा सकते हैं दमकती त्वचा

शरीर में जब भी खून की कमी होती है तो डॉक्टर्स ज्यादा से ज्यादा अनार खाने की सलाह देते हैं। अनार खाने में तो स्वादिष्ट होता ही है, साथ में इसमें कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जिनकी वजह से शरीर की कई परेशानियां दूर होती हैं। अनार के सेवन से त्वचा के साथ-साथ बाल भी काफी मजबूत बन जाते हैं। अनार को सभी जगह छील कर ही खाया जाता है। जूस निकालते वक्त भी इसका छिलका उतार कर फेंक दिया जाता है। अगर आप भी अनार का छिलका ऐसे ही फेंक देते हैं तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको खूबसूरत त्वचा के लिए अनार के छिलकों का इस्तेमाल करना बताएंगे। दरअसल, अनार के छिलके में प्रोटीन, मिनरल्स, पोटैशियम, कैल्शियम, फेनोलिक एसिड, फ्लेवेनोइड्स, टैनिन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ऐसे में आप इन छिलकों का इस्तेमाल करके दमकती हुई त्वचा पा सकते हैं।

पिंपल्स को करता है दूर

लगातार बढ़ते धूल और प्रदूषण की वजह से चेहरे पर पिंपल्स की समस्या तो जैसे बेहद आम हो गई है। ऐसे में आप अनार के छिलकों का इस्तेमाल करके इस समस्या से राहत पा सकते हैं। पिंपल्स को दूर करने के लिए आपको सबसे पहले अनार के छिलकों को सुखा लेना है। इसके बाद इन सूखे हुए अनार के छिलकों को एक पैन में अच्छे से भून लें। छिलकों को भून कर ठंडा करें और मिक्सी में पीस लें। इस मिक्सचर में नींबू का रस या गुलाब जल डालकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। कुछ ही दिनों में आपको असर दिखने लगेगा।

डैंड्रफ से दिलाए राहत

अगर आप रूसी से काफी परेशान हैं तो इससे अनार के छिलके आपको राहत दिला सकते हैं। इसका इस्तेमाल आप आसानी से घर पर ही कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको अनार के छिलकों के पाउडर को अपने किसी भी तेल के साथ अच्छे से मिक्स करना है। इसके बाद इस तेल को बालों में रात भर के लिए लगाकर छोड़ दें। कुछ ही दिन में आप देखेंगे कि रूसी खत्म हो रही है।

सनस्क्रीन की तरह करता है काम

सनस्क्रीन काफी महंगी आती है। ऐसे में अगर आप चाहें तो अनार के छिलकों का इस्तेमाल सनस्क्रीन की तरह कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस अनार के छिलकों का पाउडर किसी भी मॉइस्चराइजर में मिलाना है और इसे अपने शरीर पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

बुखार से डल हो गया है चेहरा तो अपनाएं ये घरेलू तरीके

आजकल बदलते मौसम की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जगह-जगह डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड ने अपना आतंक मचा रखा है। इन बुखारों की वजह से लोगों का हाल काफी बेहाल हो गया है। बहुत से लोगों के चेहरे पर दवाईयों की वजह से पिंपल्स होने लगे हैं तो कईयों का चेहरा काफी डल हो गया है। चेहरे पर डलनेस आने की वजह से चाहे लड़का हो या फिर लड़की, हर किसी का आत्मविश्वास कम हो जाता है। ऐसे में लोग घर से बाहर जाने से कतराने लगते हैं। इसी परेशानी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपना निखरता हुआ चेहरा वापस पा सकते हैं। इन तरीकों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ चीजों के इस्तेमाल से ही आपका चेहरा खिल उठेगा। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं।

नीम

अगर दवाईयां खाने की वजह से आपके चेहरे पर ज्यादा पिंपल्स निकल रहे हैं तो नीम आपके लिए रामबाण है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर उसमें थोड़ी से हल्दी मिलानी है। इस पैक को चेहरे पर कुछ देर लगाने के बाद सादे पानी से चेहरा धो दें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा।

टमाटर

स्किन का ग्लो वापस पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटर को मैश करके उसमें थोड़ी सी चीनी या फिर शहद मिक्स करें और चेहरे पर लगाएं। इससे आप स्क्रब भी कर सकते हैं।

तुलसी

पूजा के साथ-साथ तुलसी का इस्तेमाल आप चेहरे के ग्लो को बरकरार रखने के लिए भी कर सकते हैं। तुलसी के पत्तों को पीस कर आप चेहरे पर लगा सकते हैं।

चंदन

अगर आपका चेहरा बुखार की वजह से काफी डल हो गया है तो चंदन को घिसें और पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लें। इस पैक को सूखने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

शहद

शहद में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा के लिए बेहद लाभदायक हैं।

अगर आप एक चम्मच शहद से अपने चेहरे पर मसाज करेंगे तो आपको जरूर फायदा मिलेगा। इसका नियमित रूप से इस्तेमाल करने पर आपका चेहरा खिल उठेगा।

एलोवेरा

नियमित रूप से चेहरे पर एलोवेरा का इस्तेमाल करने पर आपके चेहरे को ठंडक मिलेगी। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एलोवेरा की पत्ती का जेल निकालकर चेहरे पर लगाना है।

बिना रिमूवर के छुड़ानी है नेल पॉलिश तो अपनाएं ये तरीके

महिलाएं अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए अक्सर कई चीजों का इस्तेमाल करती हैं। चाहे कपड़ों की बात हो या फिर मेकअप की, महिलाएं हर उम्र में अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करके स्टाइलिश दिखना चाहती हैं। आजकल तो कपड़ों के साथ मैचिंग की नेल पॉलिश लगाने का भी काफी ज्यादा ट्रेंड है। नेल पॉलिश लगाना तो काफी आसान होता है लेकिन इसे हटाते वक्त काफी मुश्किल होती है। कई बार दिक्कत तब सामने आती है जब हम पुरानी नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं लेकिन हमारे पास नेल रिमूवर नहीं होता। ऐसे में महिलाएं पुरानी नेल पॉलिश के ऊपर ही नई नेल पॉलिश लगा लेती हैं। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आप बिना नेल रिमूवर के भी नेल पॉलिश हटा सकते हैं। इन तरीकों को इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

टूथपेस्ट

जिस तरह से दातों को चमकाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से इसकी मदद से नाखूनों को भी चमका सकते हैं। इसके लिए नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और नाखूनों को हल्के ब्रश की मदद से हल्का सा रगड़े। ऐसा करने से नेल पॉलिश छुट जाएगी।

टूथपेस्ट और बेकिंग सोडा

अगर आप टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे नाखूनों पर लगाएंगी तो इससे भी पुरानी नेल पॉलिश छुट जाएगी।

गर्म पानी

अगर आप गर्म पानी की मदद से नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं तो इसके लिए थोड़ा सा पानी गर्म कर लें। इसके बाद नाखूनों को 25-30 मिनट तक गर्म पानी में भिगोकर रखें। धीरे-धीरे नेल पेंट अपने आप छूट जाएगी।

नींबू

आप गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर भी नेल पॉलिश को छुड़ा सकती हैं। इसकी मदद से आपके नाखून एक दम साफ हो जाएंगे।

हाइड्रोजन पेरॉक्साइड

गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को मिलाकर आप पुरानी नेल पॉलिश को हटा सकते हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड में नाखूनों में मिलाने के बाद नेल फाइलर से रब करने पर नेल पॉलिश रिमूव हो जाएगी।

सिरका

नेल पॉलिश हटाने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सिरके में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद गर्म पानी से धोने पर नेल पॉलिश अपने आप हट जाएगी।

बेहद फायदेमंद होता है सिर पर मेहंदी लगाना

ये बात किसी से छिपी नहीं हैं कि भारत देश में मेहंदी का कितना महत्व है। जब भी कोई शुभ काम होता है तो महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी हाथों के अलावा बालों में भी लगाई जाती है। वैसे तो बालों में मेहंदी वो लोग लगाते हैं, जिनके बाल सफेद हो गए हैं। बालों में सफेदी को छिपाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि बालों का रंग बदलने के साथ-साथ ये बालों से संबंधित कई परेशानियों में लाभदायक है। अगर बात करें इसके फायदे की तो मेहंदी बालों को मजबूत, घना बनाने के साथ-साथ चमकदार भी बनाती है। कई लोग बालों में मेहंदी लगवाने से घबराते भी हैं। ऐसे में आपके इस डर को हम खत्म करने जा रहे हैं। आज के लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं बालों में मेहंदी लगाने के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं। अगर आप मेहंदी अपने बालों में नियमित रूप से लगाएंगे तो आपको इसका फायदा जरूर मिलेगा।

बालों को बनाती है स्वस्थ

अगर आप नियमित रूप से बालों में मेहंदी लगाएंगे तो इससे आपके बाल स्वस्थ बनेगें। बालों को मजबूत बनाने के लिए आप आराम से महीने में दो बार मेहंदी का इस्तेमाल बालों में कर सकते हैं। अगर आप बेहतर रिजल्ट पाना चाहते हैं तो मेहंदी को आंवला-पीसे हुए पानी में दो घंटे तक भिगोकर रखें और स्कैल्प के साथ बालों पर लगाएं। ये आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा।

बालों को करता है कंडीशनर

बालों के लिए मेहंदी एक नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है। मेहंदी के रेगुलर इस्तेमाल से बालों में जरूरी मॉइश्चराइजर बना रहता है। इससे बाल काफी सिल्की बने रहते हैं। इसके इस्तेमाल के बाद आपको ज्यादा केमिकल वाले कंडीशनर की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सफेद बालों को छिपाता है

अगर आप बालों में नियमित रूप से मेहंदी का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपके सफेद बाल छिप जाएंगे। सफेद बालों पर मेहंदी लगाने के लिए आपको बस मेहंदी का पेस्ट बनाकर बालों में लगाना है। कुछ देर मेहंदी लगाने के बाद बालों को धो दें। इससे सफेद बाल छिप जाएंगे।

डैंड्रफ करे ठीक

अगर आप सिर पर होने वाले डैंड्रफ से छुटकारा पाना चाहते हैं तो इसमें मेहंदी आपकी मदद कर सकती है। इसके लिए आपको बस मेथी के दानों को रात भर भिगो कर रखना है। सुबह इसको पीस कर गुनगने सरसों के तेल में मेहंदी की पत्तियों के साथ मिलाएं। इसे ठंडा होने के बाद छान लें और अपने बालों में लगाएं।

अंडा बेचने वाले की बेटी ने नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

काबिलियत अच्छे बुरे दिन की मोहताज नहीं होती। काबिल इंसान विपरीत स्थितियों में भी सफलता की राह बना लेता है। क्योंकि वो कहते हैं न हौंसले बुलंद हो, तो उड़ान भरने से आपको कोई नहीं रोक सकता। ठीक ऐसी ही अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) के गांधीनगर में रहने वाली अंकिता की कहानी है। अंकिता के हौसलों की कहानी ने न केवल उसके माता-पिता बल्कि प्रदेश का नाम रोशन कर दिखाया है।

अंकिता के पिता नरेश गुप्ता अंडे बेचने का काम करते हैं। परिवार चलाने के लिए अंडे बेचना ही उनके गुजारे का साधन है। खास बात ये है कि, नरेश गुप्ता ने अपनी सबसे छोटी बेटी यानी अंकिता के नाम से अपनी खुद की अंडे की दुकान खोली है। ऐसे में अंकिता का नेशनल सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करना कामयाबी की सीढ़ी चढ़ने के समान है। हैरान कर देने वाली बात ये है कि, अंकिता महज 13 साल की है। इतनी कम उम्र में माता-पिता का नाम रोशन करने वाली अंकिता के बारे में आइए विस्तार से जानते हैं।

प्रदेश का नाम किया रोशन

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अंकिता की मेहनत और लगन को देखते हुए कोच राजेश प्रताप सिंह और राजेश्वर राव ने उनकी मदद की और उन्हें टैलेंट सर्च प्रोग्राम में शामिल किया है। इसके बाद अब अंकिता दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में मुफ्त प्रशिक्षण के साथ पढ़ाई भी कर रही है।

यह अंकिता की मेहनत का फल है, जो आज वह पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोर रही हैं। बात उनके मेडल की कहानी की करें तो, तमिलनाडु में राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। वहां छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस चैम्पियनशिप में प्रदेश का प्रतिष्ठान अम्बिकापुर की खिलाड़ी अंकिता गुप्ता ने किया, जिन्होंने टीम का प्रतिनिधित्व किया। चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल करके। छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन कर दिया है। छत्तीसगढ़ की टीम ने मेजबान राज्य की टीम को दो प्वाइंट से मात देने में सफलता प्राप्त की है, जिससे वे गर्व महसूस कर रहे हैं।

बचपन से पसंद हैं बास्केटबॉल

जानकारी के अनुसार, अंकिता गुप्ता ने बचपन से ही बास्केटबॉल को पसंद किया है और उनकी मेहनत ने उन्हें यह मुकाम हासिल करने में मदद की। अंकिता के पिता नरेश गुप्ता एक अंडा ठेला चलाते हैं, ऐसे में अपने पिता का नाम रोशन करके अंकिता ने समाज में एक बड़ी मिसाल कायम की है।

आखिर हो भी क्यों न क्योंकि, जिनके सपनों में जान होती है, अक्सर उनके रास्तों में मंजिल की दिशा झलकती है।

मुख्यमंत्री केसीआर ने 9 नए मेडिकल कॉलेज का किया उद्घाटन, बोले- राज्य में स्वास्थ्य की स्थिति में हुआ सुधार

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को राज्य के कई जगहों पर नौ नए मेडिकल कॉलेजों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में नौ नए मेडिकल कॉलेजों के उद्घाटन के बाद अब यहां कुल मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने तेलंगाना में 34 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दे दी है और अगले शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत तक आठ और कॉलेज खोले जाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि साल 2014 में तेलंगाना का गठन हुआ उस समय पूरे राज्य में मेडिकल सीटों की संख्या सिर्फ 2,850 थी, लेकिन बीआरएस के सत्ता में आने के बाद इसकी संख्या बढ़कर 8,515 हो गई है। केसीआर ने बताया कि राज्य में अगले साल आठ नए मेडिकल कॉलेजों के उद्घाटन के बाद तेलंगाना में सरकारी और निजी दोनों कॉलेजों को मिलाकर एक साल में 10,000 डॉक्टर बन सकेंगे। मालूम हो कि नए मेडिकल कॉलेज कामारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, कुमराम भीम आसिफाबाद, जयशंकर भूपालपल्ली, जनगांव, निर्मल, राजन्ना सिरसिला और विकाराबाद जिलों में खोले गए हैं। सीएम केसीआर ने नए मेडिकल कॉलेजों के उद्घाटन के दौरान कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव को प्रत्येक जिले में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि साल 2014 में नीति आयोग की रैंकिंग में तेलंगाना स्वास्थ्य संबंधी मामलों में 11 वें स्थान पर था, लेकिन अब यह संख्या तीन पहुंच गई है।

उद्घाटन

उद्घाटन के बाद तेलंगाना में सरकारी और निजी दोनों कॉलेजों को मिलाकर एक साल में 10,000 डॉक्टर बन सकेंगे।

चंद्रमा पर कैसे बन रहा पानी? अमेरिका के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, भारत के चंद्रयान-1 से है खास कनेक्शन

नई दिल्ली। भारत के पहले चंद्र मिशन चंद्रयान-1 ने चांद की सतह पर पानी का पता लगाया था। यह मिशन आज भी वैज्ञानिकों के बीच चर्चा और शोध का विषय बना हुआ है। हाल ही में चंद्रयान-1 मिशन के रिमोट सेंसिंग डेटा का विश्लेषण किया गया तो वैज्ञानिकों ने पाया कि पृथ्वी के उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन चंद्रमा पर पानी बनने में मददगार हो सकते हैं। अमेरिका के मनोआ में हवाई विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने चंद्रयान-1 के रिमोट सेंसिंग डेटा का एनालिसिस किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि पृथ्वी की प्लाज्मा शीट में इलेक्ट्रॉन चंद्रमा की सतह पर अपक्षय प्रक्रियाओं यानी चट्टानों और खनिजों के टूटने या घुलने में मदद कर रहे हैं। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में इसे लेकर एक शोध प्रकाशित किया गया है। इस शोध में पाया गया कि इलेक्ट्रॉन चंद्र पिंड पर पानी का निर्माण करने में मदद किए होंगे।

कब लॉन्च होगा गगनयान का पहला परीक्षण वाहन मिशन

बेंगलुरु। कौन कहता है आसमान में सुराग हो नहीं सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो... भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ढ्ढस्न्ह्र) ने इस कहावत को चरितार्थ किया है। इसरो के विज्ञानियों की जी-तोड़ मेहनत के दम पर चांद पर भारत का ध्वज सम्मान के साथ लहरा रहा है। इसके साथ ही आदित्य एल-1 भी सफलतापूर्वक दूसरी कक्षा में स्थापित हो चुका है। ऐसे में अब सभी की निगाहें इसरो के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान पर टिकी हुई हैं। इसरो के एक प्रमुख अधिकारी ने शुक्रवार को गगनयान से जुड़े परीक्षण वाहन मिशन की जानकारी दी। अधिकारी का कहना है कि भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान का पहला परीक्षण वाहन मिशन एक या दो महीने में लॉन्च किया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अधिकारियों के मुताबिक, यह गगनयान कार्यक्रम के चार अबॉर्ट मिशनों में से पहला होगा।

कोरोना संक्रमण से अधिक जानलेवा है निपाह वायरस, आईसीएमआर के डीजी बोले- देश में 10 मरीजों के लिए इसका खुराक उपलब्ध

नई दिल्ली। देश में निपाह वायरस के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वहीं, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भी इसको लेकर सतर्क हो गया है। ढ्ढष्टरूक्र के महानिदेशक डां. राजीव बहल ने निपाह वायरस को कोरोना से भी अधिक जानलेवा करार दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना से मरने वालों का दर सिर्फ दो से तीन प्रतिशत ही थी, लेकिन निपाह वायरस से मरने वालों का आंकड़ा 40-70 प्रतिशत का है।

उन्होंने कहा कि भारत में निपाह वायरस के संक्रमण को फैलने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। राजीव बहल ने बताया कि साल 2018 में भारत को ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की कुछ खुराकें मिली थी। हालांकि, अभी 10 मरीजों के लिए इसकी खुराक उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि भारत निपाह वायरस संक्रमण के इलाज के लिए ऑस्ट्रेलिया से इसकी 20 और खुराक खरीदेगा। उन्होंने बताया कि भारत में अभी तक किसी को भी इसकी खुराक नहीं दी गई है।

राजीव बहल के मुताबिक, इसकी दवा मरीजों को प्रारंभिक चरण के



दौरान दिए जाने की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि केरल में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सभी तरह के उपाय किए जा रहे हैं। केरल में इसके मामले सामने आने के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके मामले यहां क्यों आ रहे हैं हम नहीं जानते हैं। मालूम हो कि केरल में इसके सक्रिय मामलों की संख्या चार हो गई है, जिसके बाद राज्य सरकार ने उन सभी लोगों का परीक्षण करने का निर्णय लिया है, जो संक्रमित व्यक्तियों की संपर्क सूची में हैं। स्वास्थ्य मंत्री जॉर्ज ने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के सैंपल टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उसमें निपाह वायरस की पुष्टि हुई, जिससे राज्य में कुल संक्रमित लोगों की संख्या छह हो गई, जिनमें से दो की पहले ही मौत हो चुकी है।

कोर्ट ने हुबली-धारवाड़ के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी समारोह पर रोक लगाने से इनकार किया, बीजेपी का प्रदर्शन

हुबली। कर्नाटक हाई कोर्ट ने शुक्रवार (15 सितंबर) को हुबली-धारवाड़ के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी समारोह पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। धारवाड़ नगर आयुक्त ने ईदगाह मैदान में कुछ हिंदू संगठनों की मांग पर गणेश चतुर्थी समारोह मनाने की इजाजत दी थी। मुस्लिम निकाय अंजुमन-ए-इस्लाम ने कोर्ट में याचिका लगाकर इपसर रोक लगाने की मांग की थी।

हुबली-धारवाड़ नगर निगम का प्रस्ताव मैदान में गणेश मूर्ति की स्थापना की अनुमति देता है। हालांकि, हाल ही में कार्यभार संभालने वाले नगर आयुक्त ने यह अनुमति नहीं दी है। पिछले साल कर्नाटक हाई कोर्ट ने हुबली के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी समारोह आयोजित करने की

प्रस्ताव

हुबली-धारवाड़ नगर निगम का प्रस्ताव मैदान में गणेश मूर्ति की स्थापना की अनुमति देता है।

अनुमति दी थी। हाई कोर्ट ने अंजुमन-ए-इस्लाम की याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा, जमीन हुबली-धारवाड़ नगर निगम की संपत्ति है और वे जिसे चाहें उसे जमीन आवंटित कर सकते हैं।÷ बता दें कि हुबली में ईदगाह मैदान 2010 तक दशकों पुराने विवाद में फंसा हुआ था। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि यह मैदान हुबली-धारवाड़ नगर निगम की संपत्ति है। ईदगाह की जमीन को साल 1921 में नमाज पढ़ने के लिए अंजुमन-ए-इस्लाम को 999 वर्षों के लिए पट्टे पर दिया गया था। 70 के दशक में अंजुमन ए इस्लाम ने शहर के बीच में स्थित इस मैदान के चारों ओर एक व्यावसायिक परिसर का निर्माण शुरू कर दिया था।

बाद में अंजुमन ए इस्लाम के इस काम के खिलाफ कोर्ट में चुनौती दी गई और एक लंबी लड़ाई के बाद साल 2010 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने निर्माण पर रोक लगा दी। मगर, शीर्ष कोर्ट ने साल में दो बार नमाज अदा करने और जमीन पर कोई स्थायी ढांचा नहीं बनाने की इजाजत दी है। इस बीच, बीजेपी ने ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी मनाने की इजाजत की मांग को लेकर शुक्रवार को दूसरे दिन भी एचडीएमसी आयुक्त कार्यालय के बाहर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में दर्ज एफआईआर पर एडिटर्स गिल्ड को दी राहत, 4 सदस्यों की बढ़ाई सुरक्षा

नई दिल्ली। मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच फिर से हिंसक झड़प की खबरें सामने आई हैं। वहीं शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप में मणिपुर में उनके खिलाफ दर्ज दो एफआईआर के संबंध में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के चार सदस्यों को दी गई दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शिकायतकर्ता से पूछा, जिसने श्वस्नढ्ढ और उसके चार सदस्यों के खिलाफ FIR दर्ज की थी, विभिन्न जातीय समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का अपराध कैसे बनाया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा प्रस्तुत मणिपुर सरकार ने कहा कि शीर्ष अदालत कुछ और समय के लिए EGI और सदस्यों की रक्षा कर सकती है और अगर पीठ चाहे तो याचिका को दिल्ली

उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर सकती है। 11 सितंबर को, शीर्ष अदालत ने EGI और उसके सदस्यों को दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा शुक्रवार तक बढ़ा दी। इसने मणिपुर सरकार से इस बारे में भी राय मांगी थी कि क्या स्नढ्ढक्र और अन्य राहत को रद्द करने की उनकी याचिका को फैसले के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया जाए। सितंबर को, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और तीन सदस्यों के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर पुलिस मामला दर्ज किया गया था और उन पर राज्य में ÷संघर्ष भड़काने÷ की कोशिश करने का आरोप लगाया गया था। चारों के खिलाफ दूसरी स्नढ्ढक्र में मानहानि का अतिरिक्त आरोप लगाया गया था।

EGI अध्यक्ष और उसके तीन सदस्यों के खिलाफ प्रारंभिक शिकायत राज्य सरकार के लिए काम कर चुके एक सेवानिवृत्त इंजीनियर नंगंगोम शरत सिंह द्वारा दर्ज की गई थी। दूसरी स्नढ्ढक्र इंफाल पूर्वी जिले के खुरई की सोरोखैबम थौदाम संगीता ने दर्ज कराई थी। EGI अध्यक्ष सीमा मुस्तफा के अलावा जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है उनमें वरिष्ठ पत्रकार सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर शामिल हैं। जातीय हिंसा पर मीडिया रिपोर्टिंग करने के लिए उन्होंने 7 से 10 अगस्त के बीच राज्य का दौरा किया।

अभी जेल में ही रहेंगे चंद्रबाबू नायडू, कौशल विकास निगम मामले में जमानत याचिका 19 सितंबर तक के लिए स्थगित

विजयवाड़ा। विजयवाड़ा की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की दो जमानत याचिकाओं की सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। दरअसल, कौशल विकास निगम घोटाला मामले में कथित भूमिका को लेकर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए चंद्रबाबू नायडू ने स्थानीय अदालत में अंतरिम जमानत याचिका के साथ ही नियमित जमानत याचिका भी दायर की थी। कौशल विकास निगम घोटाला मामले में कथित भूमिका को लेकर चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार किया गया है और कहा जा रहा है कि राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ था। हालांकि, चंद्रबाबू नायडू ने अदालत में अंतरिम जमानत याचिका दाखिल कर उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और दावा किया कि रिकॉर्ड पर कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं हैं।

मेक्सिको की संसद में दिखाए गए एलियन शवों को वैज्ञानिकों ने सिरे से नकारा, दुनिया ने बताया स्टंट

मेक्सिको। मेक्सिको की संसद में आयोजित किए गए एक लाइव इवेंट में एलिनय के शवों को दिखाया गया। जिसके बाद पूरे विश्व में बहस छिड़ गई कि क्या ये वाकई में एलिनय का शव है। अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसे स्टंट करार दिया है। मैक्सिकन पत्रकार और लंबे समय तक UFO के शौकीन जैमे मौसन ने दावा किया कि वे 2017 में पेरू में पाए गए थे। और उनका पृथ्वी पर किसी भी जीवन से कोई संबंध नहीं है। मौसन पहले भी इसी तरह के विवादास्पद दावे कर चुके हैं। मेक्सिको में अपनी तरह की पहली, कांग्रेस की सुनवाई की छवियों ने अंतरराष्ट्रीय जिज्ञासा के साथ-साथ काफी तिरस्कार भी झेला है। पूर्व अमेरिकी नौसेना पायलट रयान ग्रेव्स, जो

मौसन

मैक्सिकन पत्रकार और लंबे समय तक UFO के शौकीन जैमे मौसन ने दावा किया कि वे 2017 में पेरू में पाए गए थे।



अज्ञात असामान्य घटना या यूएपी को देखने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करने के लिए सुनवाई में शामिल हुए थे, ने प्रस्तुति पर आलोचना की।

ग्रेव्स ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर कहा, कल का प्रदर्शन इस मुद्दे पर एक बड़ा कदम था। मैं इस अप्रमाणित स्टंट से बहुत निराश हूं ग्रेव्स ने जुलाई में यूएपी पर अमेरिकी कांग्रेस की सुनवाई में भाग लिया था, जब उन्होंने कहा था कि हवाई क्षेत्र में अस्पष्ट घटनाओं को देखे जाने की रिपोर्ट बेहद कम रिपोर्ट की गई थी।

मौसन ने प्रेजेंटेशन में कहा कि नमूने पेरू की प्राचीन नाजका लाइन्स के पास से बरामद किए गए थे और मेक्सिको के राष्ट्रीय स्वायत्त विश्वविद्यालय (यूएनएएम) द्वारा कार्बन-डेटेड किया गया था और निष्कर्ष निकाला गया था कि वे लगभग 1,000 साल पुराने थे। उन्होंने दावा किया कि उनका पृथ्वी पर किसी भी प्रजाति से कोई संबंध नहीं है। अतीत में इसी तरह की खोजें ममीकृत बच्चों के अवशेष के रूप में सामने आई हैं। पेरू के संस्कृति मंत्री लेस्ली उर्टेगा ने कहा कि दक्षिण अमेरिकी देश में किसी भी वैज्ञानिक संस्थान ने अवशेषों की पहचान गैर-मानवीय के रूप में नहीं की है और सवाल उठाया है कि नमूने पेरू से कैसे निकले। उर्टेगा ने मौसन और उनके सहयोगियों के संदर्भ में बुधवार देर रात पत्रकारों से कहा, इन सज्जनों के साथ संबंध रखने वाले कुछ लोगों के खिलाफ संस्कृति मंत्रालय की ओर से एक आपराधिक शिकायत की गई है। उन्होंने कहा, ÷मैं यह देखने के लिए जानकारी मांगने जा रही हूं कि क्या हुआ है...पूर्व-हिस्पैनिक वस्तुओं को हटाने के बारे में, क्योंकि मैं समझती हूं कि वे पूर्व-हिस्पैनिक हड्डी के अवशेषों का हिस्सा हैं।

दो हफ्ते से चीनी रक्षा मंत्री गायब! अमेरिकी राजदूत ने नजरबंदी की जताई आशंका, चीन ने साधी चुप्पी

टोक्यो। जापान में अमेरिकी राजदूत रहम इमैनुएल ने शुक्रवार (15 सितंबर) को एक सोशल मीडिया पोस्ट में सवाल किया कि क्या चीन के रक्षा मंत्री को घर में नजरबंद कर दिया गया है? राजदूत ने कहा कि इससे चीन की जनता में दो हफ्ते से भ्रम बढ़ गया है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में रहम इमैनुएल ने लिखा, पहलाः रक्षा मंत्री ली शांगफू को तीन हफ्ते से न तो देखा गया है और न ही सुना गया है। दूसरा- वह अपनी वियतनाम यात्रा पर भी नहीं देखे गए। अब रक्षा मंत्री शांगफू सिंगापुर के नौसेना प्रमुख के साथ अपनी निर्धारित बैठक से अनुपस्थित रहे क्योंकि उन्हें घर में नजरबंद कर दिया गया था इस पोस्ट के साथ हैशटैग MysteryInBeijingBuilding लिखकर अमेरिकी राजदूत ने विलियम शेक्सपियर के नाटक हैमलेट का एक उदाहरण भी दिया है।

ब्रिटेन ने रूस के वैगनर समूह को आतंकवादी संगठन किया घोषित, संसद में लाया गया था

लंदन। ब्रिटेन की सरकार ने रूस के भाड़े के सैनिकों वाले वैगनर समूह को एक आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। सरकार के इस कदम के बाद ब्रिटेन में इसका समर्थन करना और सदस्य बनना अवैध हो जाएगा। वहीं, प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से संबंधित कुछ अपराधों के लिए 14 साल की कैद की सजा हो सकती है। इससे पहले सरकार ने संसद में वैगनर समूह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था। ब्रिटेन ने हाल ही में कहा था कि वैगनर समूह के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की मौत के बाद यह समूह पूरे विश्व के लिए एक खतरा बना हुआ है। ब्रिटिश सरकार के मुताबिक, वैगनर समूह ने यूक्रेन में अहम भूमिका निभाई है और उसके लड़ाके सीरिया और कई अफ्रीकी देशों में भी युद्ध में शामिल रहे हैं। मालूम हो कि भारतीय मूल की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने हाल ही में कहा था कि वैगनर समूह लूटपाट, यातना और बर्बर हत्याओं में शामिल रहा है।

यूक्रेन, मध्य-पूर्व और अफ्रीका में इसकी गतिविधियां वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा हैं। वैगनर समूह के लड़ाके सीधे तौर पर आतंकवादी हैं।

ब्रिटेन में प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से संबंधित कुछ अपराधों के लिए 14 साल की कैद हो सकती है। वैगनर समूह के सदस्यों की संपत्तियों को आतंकियों की संपत्ति घोषित करते हुए सीज कर लिया जाएगा। मालूम हो कि वैगनर समूह के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने रूस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह किया था, जिसके कुछ ही माह के बाद प्रिगोझिन की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। वहीं, अमेरिका और कई पश्चिमी देश इसके पीछे रूसी राष्ट्रपति पुतिन पर षड्यंत्र का आरोप लगाया है।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने किया रूसी फाइटर जेट प्लांट का दौरा, बढ़ने लगी अमेरिका की चिंता

मास्को। उत्तर कोरिया के तानाशाही नेता किम जोंग उन ने अपनी रूस की यात्रा के दौरान एक स्वीकृत लड़ाकू जेट संयंत्र का

निरीक्षण किया। इसके बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों में डर है कि अब यूक्रेन में रूस की सेना मजबूत हो सकती है और प्योंगयांग के मिसाइल कार्यक्रम को बढ़ावा मिल जाएगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को एक शिखर सम्मेलन के लिए उत्तर कोरियाई नेता से मुलाकात की। इसमें उन्होंने सैन्य मामलों और सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की और इसके लिए किम ने पुतिन को उत्तर कोरिया आने के लिए आमंत्रित किया है। किम ने सुदूर पूर्वी शहर कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में दो विमानन सुविधाओं, यूरी गगारिन एविएशन प्लांट और याकोवलेव प्लांट का दौरा किया। गौरतलब है कि दोनों यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (यूएसी) की इकाइयां हैं, जिन्हें यूक्रेन में युद्ध के कारण पश्चिम द्वारा मंजूरी दी गई है। गगारिन संयंत्र को भी विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मंजूरी दी गई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, रूसी सरकार ने कहा कि उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ किम ने गगारिन संयंत्र में असेंबली कार्यशालाओं का निरीक्षण किया, जहां सुखोई एसयू-35 मल्टीरोल लड़ाकू विमान और एसयू-57 लड़ाकू विमान बनाए जाते हैं। किम जोंग उन और डेनिस मंटुरोव ने लड़ाकू विमान असेंबली प्लांट और स्ह्व-35 विमान की अंतिम असेंबली शॉप और पांचवीं पीढ़ी के Su-57 विमानन परिसर का निरीक्षण किया। रूसी सरकार ने कहा, प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र की तकनीकी क्षमताओं का भी निरीक्षण किया, जिसे आधुनिक बनाया गया है और फिर से तैयार किया गया है। गौरतलब है कि किम ने Su-35 की उड़ान प्रदर्शन देखने से पहले, उन कार्यशालाओं का निरीक्षण किया, जहां रूस के सुखोई सुपरजेट 100 के धड़ और विंग बनाए जाते हैं। हमने डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के नेता को अपनी अग्रणी विमान उत्पादन सुविधाओं में से एक का प्रदर्शन किया है। हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों में सहयोग की संभावना पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए किम और पुतिन के बीच बढ़ रही दोस्ती चिंता का विषय है। वाशिंगटन ने आरोप लगाया है कि उत्तर कोरिया ने रूस को हथियार मुहैया कराया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि हथियारों की कोई डिलीवरी की गई है या नहीं।

नौ दिनों बाद दोबारा खुली मुख्य अफगानिस्तान-पाकिस्तान तोरखम सीमा, गोलीबारी के बाद किया गया था बंद

पेशावर। मुख्य अफगानिस्तान-पाकिस्तान भूमि सीमा नौ दिनों तक बंद रहने के बाद शुक्रवार को एक बार फिर खोल दी गई है। एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने रॉयटर्स को इस बात की जानकारी दी है। दोनों पक्षों की सेनाओं के बीच गोलीबारी के बाद पिछले हफ्ते से पड़ोसी देशों के बीच तोरखम सीमा बंद कर दी गई थी, जिससे हजारों यात्री और सामान से लदे सैकड़ों ट्रक बीच में फंस गए थे। तोरखम में एक सुरक्षा अधिकारी ने मामले की संवेदनशीलता के कारण नाम न छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी रायटर्स को बताया पाकिस्तानी और अफगान अधिकारियों के बीच बातचीत करने के बाद इस मुद्दे को सुलझा लिया और सीमा खोल दी गई। उन्होंने कहा कि उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में सीमा पार करने के कारण हजारों सामान से भरी हुई गाड़ियां सीमा के दोनों ओर फंसी हुई हैं। पाकिस्तान ने कहा कि तालिबान प्रशासन ने गैरकानूनी ढांचे के निर्माण के साथ उसके क्षेत्र पर अतिक्रमण करने की कोशिश की थी। साथ ही, उन्होंने अफगानी बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करने का भी आरोप लगाया। तालिबान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने उसके सैनिकों पर गोलीबारी की, क्योंकि उन्होंने सीमा के पास एक पुरानी सुरक्षा चौकी को फायरिंग कर दी थी। उन्होंने जमीन से घिरे अफगानिस्तान के लिए एक प्रमुख प्रवेश बिंदु पर सीमा बंद करने की आलोचना की। दोनों पड़ोसियों के बीच के संबंध कई बार तनावपूर्ण हुए हैं, इसमें सीमा विवाद और खासकर पाकिस्तान के आरोपों को लेकर कि आतंकवादी अफगानिस्तान में अपने ठिकानों से उसके क्षेत्र में हमले शुरू कर सकते हैं। हालांकि, अफगान अधिकारी इससे इनकार करते हैं।

निर्माण

पाकिस्तान ने कहा कि तालिबान प्रशासन ने गैरकानूनी ढांचे के निर्माण के साथ उसके क्षेत्र पर अतिक्रमण करने की कोशिश की थी।

सुप्रीम कोट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की याचिका लौटाई, की गई थी 90 दिनों के अंदर राष्ट्रव्यापी चुनाव कराने की मांग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान स्थित जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने गुरुवार को आपत्तियों के साथ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की याचिका लौटा दी है। बता दें कि इस याचिका में 90 दिनों के भीतर देश में राष्ट्रव्यापी चुनाव कराने की मांग की गई थी। बता दें कि ये याचिका वापस कर दी गई क्योंकि पूर्व सत्तारूढ़ गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने से पहले संबंधित मंचों पर संपर्क नहीं किया था। याचिका में PTI ने

प्रतिवादी के रूप में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को भी शामिल किया। हालांकि, रजिस्ट्रार ने कहा कि राज्य के प्रमुख को अनुच्छेद 248 के तहत याचिका का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने आगे कहा, याचिका में यह नहीं बताया गया कि याचिकाकर्ता के किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, याचिका अनुच्छेद 184/3 के तहत अदालत के हस्तक्षेप की मांग करने वाली आवश्यकताओं को पूरा नहीं करती है। अगस्त में, PTI ने नेशनल असेंबली के विघटन के 90 दिनों के भीतर पाकिस्तान में चुनाव कराने के निर्देश देने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ता, जो PTI के महासचिव उमर अय्यूब हैं, ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वह पाकिस्तान के राष्ट्रपति अल्वी को चुनाव की तारीख देने का निर्देश दें और पाकिस्तान चुनाव आयोग को तदनुसार चुनाव कार्यक्रम जारी करने का निर्देश दें।

विश्वेश्वरैया की झलक देखना चाहती हूं, पीयू के विद्यार्थियों में प्रो. वंदना सिंह

- विश्वेश्वरैया जी के अप्रतिम योगदान को नहीं भुलाया जा सकता: प्रो. बीबी तिवारी
- अनुमान पर नहीं, तथ्य के आधार पर चलती हैं इंजीनियरिंग: कुलसचिव
- इंजीनियरिंग संस्थान में मनाया गया इंजीनियर्स डे समारोह

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में इंजीनियर्स डे समारोह का शुक्रवार को आयोजन किया गया। कुलपति समेत संस्थान के शिक्षकों ने विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज में शैलेंद्र प्रताप सिंह और पोस्टर में वात्सल्य प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने इंजीनियर्स डे पर बधाई देते हुए कहा कि एम. विश्वेश्वरैया देश के जाने माने अभियंता थे। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया था। मैं अपने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में विश्वेश्वरैया की झलक देखना चाहती हूं। मेरी यही कामना है कि यहां के छात्र देश-विदेश में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. बीबी तिवारी ने कहा कि विश्वेश्वरैया जी विश्वस्तरीय इंजीनियर थे। आजादी के पहले भी उन्होंने देश के लिए बहुत काम किया। वे हैदराबाद शहर के बाढ़ सुरक्षा प्रणाली के मुख्य डिज़ाइनर थे और मुख्य अभियंता के तौर पर मैसोर के कृष्ण सागर बाँध के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई थी। उनके अप्रतिम योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा की जिंदगी भी इंजीनियरिंग का एक पार्ट है क्योंकि इंजीनियरिंग फैक्ट पर चलता है अगर इसे अनुमान पर चलाने की कोशिश करेंगे तो आशातीत सफलता नहीं मिलेगी। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ और प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने वाले छात्रों को कुलपति ने पुरस्कृत भी किया। क्विज में शैलेंद्र प्रताप सिंह प्रथम, अनुराग प्रिया द्वितीय और आदित्य पांडेय तृतीय स्थान पर रहें। इसी तरह पोस्टर प्रतियोगिता में वात्सल्य प्रथम, आकांक्षा सिंह द्वितीय और काजल यादव तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर संचालन प्रो रजनीश भास्कर ने और धन्यवाद प्रो संदीप सिंह ने किया। समारोह में प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो रवि कुमार, प्रो. नुपुर तिवारी, डॉ. राजकुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ संजीव गंगवार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ विक्रांत भटेजा, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. द्विवेन्दु मिश्र, कृष्णा सिंह, डॉ. दीपक कुमार सिंह, सत्यम उपाध्याय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह और महामंत्री रमेश यादव, रामजी सिंह, श्यामजी त्रिपाठी लालबहादुर उपस्थित थे।

जेसीआई चेतना ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जेसीआई जौनपुर चेतना का जेसीआई सप्ताह के छठे दिन संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में जेसीआई जौनपुर चेतना को बुलंदियों तक पहचाने में अपना विशेष सहयोग देने वाले जेसीआई ऑफिसर सहयोगियों को सम्मानित किया गया, फाउंडर प्रेसिडेंट मेघना रस्तोगी और पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना किया, संस्था अध्यक्ष और जेसीआई सप्ताह चेयरपर्सन/सचिव मीरा अग्रहरि तथा कार्यक्रम संयोजक संगीता सेठ एवं कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी ने सभी ऑफिसर्स को माल्यार्पण करते हुए पौधा लगा हुआ गमला भेट किया, कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष मेघना रस्तोगी, पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष चारू शर्मा, पूर्व अध्यक्ष कल्पना केसरवानी, पूर्व अध्यक्ष रीता कश्यप, बेस्ट सपोर्टर अंजू पाठक एवं इंदिरा जायसवाल, ज़ोन ट्रेनर रिचा गुप्ता को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारी अंजु जायसवाल, संचिता बैंकर, रिंकी जायसवाल, मीना गुप्ता, ममता कश्यप,ज्ञानेश्वरी गुप्ता, ज्योति श्रीवास्तव, अंजना गुप्ता,अनीता गुप्ता, शारदा गुप्ता, ममता केसरवानी निशा गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थित रही कार्यक्रम का संचालन सप्ताह चेयरपर्सन मीरा अग्रहरि ने किया आभार संयोजक संगीता सेठ ने व्यक्त किया।

चौपाल में कैंप ना लगने पर जिलाधिकारी ने बीडीओ तथा सचिव को लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (गौराबादशाहपुर) धर्मपुर ब्लॉक के सोनारी गांव में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान तथा योजनाओं की समीक्षा के लिए चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पहुंचे जिला अधिकारी अनुज कुमार झा ने जब बीडीओ तथा सचिव अरविंद यादव से चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगाए गए कैंप की जानकारी ली तो उन्हें बताया गया कि यहां ऐसा कोई कैंप ही नहीं लगा है। जिस पर जिलाधिकारी ने सचिव अरविंद यादव को जमकर फटकार लगाई। ग्रामीणों से उन्होंने चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा पूछा कि सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं तो अधिकांश ग्रामीणों ने बताया क्यों नहीं योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायतों का संबंधित विभाग को तत्काल निस्तारण करने का उन्होंने निर्देश भी दिया। चौपाल में सीडीओ साई सीलम तेजा, डीडीओ विजय कुमार यादव, बीडीओ कृष्ण कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय, ऋषभ सिंह, एडीओ पंचायत लालजी राम, उमेश सोनकर, रत्नेश श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के पहुंचने के लगभग आधा घंटा बाद अचानक आई तेज बरसात की वजह से चौपाल की बैठक को बीच में ही रोकना पड़ गया। हालाकी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बरसात खत्म होने के बाद वह गांव में शाम तक रहकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करके ही जाएंगे।

अनियमितता के मामले में सचिव निलम्बित, त्रिस्तरीय समिति का हुआ गठन

जौनपुर। बक्सा विकास खण्ड के पिपरी ग्राम पंचायत में जांच में अनियमित उजागर होने पर ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित करने के साथ त्रिस्तरीय समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अनियमितता की शिकायत किया था। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की जांच रिपोर्ट में अनियमित उजागिर होने पर जिला विकास अधिकारी विजय यादव ने ग्राम विकास अधिकारी अरविंद चौहान को निलंबित कर दिया। वहीं बुधवार को ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक में ग्राम पंचायत सदस्य हीरा लाल प्रचेता, बबीता सिंह व किशन खरवार की त्रिस्तरीय समिति का गठन वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यो के संचालन हेतु किया गया है। खंड विकास अधिकारी बक्सा रतन सिंह ने बताया कि पिपरी ग्राम पंचायत के वर्तमान सचिव अरविंद चौहान को निलंबित कर दिया गया है जबकि पूर्व ग्राम पंचायत सचिव अखिलेश चौहान का स्थानांतरण धर्मापुर ब्लॉक में हो चुका है।

पुष्पराज सिंह लगातार तीसरी बार बने जिलाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह पुनः तीसरी बार बनाए गये। जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बताया कि जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने रजिनीतिक सफर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू किये थे। उन्होंने पहले 1996 में अखिल विद्यार्थी प्रदेश सह मंत्री बनाये गये थे वह 2006 तक विद्यार्थी परिषद में काम किये जिसमें प्रदेश सह कोषाध्यक्ष फिर कोषाध्यक्ष बनाए गये उनका सफर विद्यार्थी परिषद में राष्ट्रीय कार्यसमिति तक रहा। उसके उपरान्त 2007 से 2015 तक वो भाजपा युवा मोर्चा के विभिन्न पदों पर विराजमान रहे। जिसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और दो बार प्रदेश मंत्री रहे। उसके उपरान्त 2015 में भाजपा जौनपुर के जिला महामंत्री बनाए गये। जिला मीडिया प्रभारी ने आगे बताया कि 22 जून 2019 में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बनाए गये जो आज लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए गये। उनके आज जिलाध्यक्ष बनते ही भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का बधाई देने का तांता लग गया। लोगो ने माला फूल से लाद दिया। और पटाका फोड़कर खुशियाँ मनाई गई। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्रा पीयूष गुप्ता सुनील तिवारी अमित श्रीवास्तव मनोज दुबे जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह संदीप सरोज जिला मंत्री प्रमोद यादव राजेश सोनकर धनंजय सिंह ओमप्रकाश सिंह धीरू सिंह आमोद सिंह रोहन सिंह सिद्धार्थ राय प्रबुद्ध दुबे विनीत शुक्ला नीरज मौर्या सभी मण्डल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

महिला वॉलीबाल ट्रायल 19 सितंबर को

प्रयागराज। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आगामी दिनांक 26 से 28 सितंबर 2023 के मध्य आयोजित की जाने वाली प्रदेशीय राज्य स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता 2023 हेतु जिला स्तरीय वॉलीबाल टीम का चयन (खेल प्रदर्शन के आधार पर) ट्रायल दिनांक 19 सितंबर 2023 को होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने उपरोक्त चयन/ट्रायल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिले की इच्छुक महिला खिलाड़ियों से अपील की है कि वे आगामी दिनांक 19 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक स्थानीय मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के वॉलीबाल कोर्ट पर पहुंचकर विजया सिंह अथवा प्रशिक्षक आशीष यादव से संपर्क करके अपनी सहभागिता सुनिश्चित करा लें।

कविता नियुक्त की गई भाजपा जिला अध्यक्ष गंगा पार

प्रयागराज। भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा गंगा पार जिले की कमान कविता पटेल को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया इस अवसर पर सभी गंगा पार के कार्यकर्ताओं ने उनके आवास बहरिया फूलपुर पहुंचकर बधाई दी। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी बताया कि 1993 में कविता पटेल ने भाजपा की सदस्यता ली और मंडल मंत्री बहरिया ,महिला मोर्चा महामंत्री प्रयागराज, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रयागराज, जिला मंत्री प्रयागराज, जिला उपाध्यक्ष गंगा पार एवं 2019 से वर्तमान तक जिला महामंत्री गंगा पार रहते हुए पार्टी का दायित्व निभा रही थीं। बधाई देने वालों में गंगा पार पूर्व जिला अध्यक्ष अश्वनी दुबे, मीडिया प्रभारी गंगा पार बृजेश त्रिपाठी, मनोज निषाद, योगेश मिश्रा, सनी दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, पंकज ओझा, प्रभाकर दुबे सूरज कुमार, संगीता पटेल, अंकित पासी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

सौ पढा न एक प्रतापगढ़ा का हुआ गठन

प्रयागराज। प्रतापगढ़ से संबंधित प्रदेश ही नहीं पूरे देश में निवास करने वाले राजनेता, व्यापारी एवं समाजसेवियों के द्वारा एक समाजसेवी संस्था का गठन किया। प्रयागराज के एक रिसोर्ट में उन लोगों का एक सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें 100 पढा न एक प्रतापगढा नाम से एक सामाजिक संगठन का गठन किया गया। यह सामाजिक संगठन पूरे देश में सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करेगा। इस अवसर पर संगठन के स्वरूप पर भी चर्चा की गई। जिसमें पदाधिकारी का चयन किया गया। चयनित अधिकारी में प्रमुख रूप से संस्थापक राजीव शुक्ला, महासचिव हर्ष मल्होत्रा, उपाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, सचिव बसंत मिश्रा, संगठन मंत्री इंदुधर पुनीत, कोषाध्यक्ष सुशील खंडेलवाल, सूचना मंत्री रूपक जैन, व्यवस्था मंत्री रतन कपूर रहे।

आतंकवाद के खिलाफ भारत का कदम रुकने वाला नहीं: राजेश केसरवानी

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी मुट्ठीगंज मंडल के तत्वाधान में मुट्ठी गंज छोटे चौराहे पर अनंतनाग में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाक पोषित आतंकवाद एवं के खिलाफ पुतला दहन किया पुतला दहन करते हुए भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी अनंतनाग में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देश की सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आतंकवादियों के द्वारा कार्यतापूर्ण हमले किए जाने की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा की धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में विकास की धारा बह रही है और आतंकवाद और आतंकवादी अंतिम सांस ले रहा है। कहा कि इस हमले से भारत का पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ बढ़ाया गया कदम रुकने वाला नहीं है और ना ही भारत झुकने वाला है और हर हमले का जवाब मुंह तोड़ दिया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक पारस केसरवानी रहे। पुतला फूंकने वालों में मंडल अध्यक्ष अजय अग्रहरि, कन्हैयालाल गुप्ता, सरदार पतिविंदर सिंह, नीरज केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, सुनील जायसवाल, विनय जायसवाल, राजू केसरवानी, ज्ञान प्रकाश आदि मौजूद रहे।

मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा निकली

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज की उपस्थिति में आज ग्राम पंचायत उकरौड़ा, पल्हनी में किया गया।

प्रत्येक ग्राम के महिला मंगलदल, युवक मंगल दल व ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम पंचायत के सदस्य आदि अन्य उत्साही स्वयंसेवी ग्रामीणजन के साथ जुलूस निकालकर गाँव के प्रत्येक घर से मुट्ठीभर व चुटकी भर मिट्टी इकट्ठा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इन जूलूस व टोलियाँ के माध्यम से ग्राम पंचायत उकरौड़ा पल्हनी के प्रत्येक घर से मिट्ठी का संग्रहण कराया गया एवं शासकीय प्रा0वि0 द्वितीय उकरौड़ा, पल्हनी में अमृत कलश में इसका संग्रहण कराया गया। इसके पश्चात प्रा0वि0 द्वितीय उकरौड़ा में अमृत शिलापट्ट (शिलाफ्लकम) पर एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, कोटेदार, ग्राम स्तरीय समस्त कर्मी तथा अन्य समस्त स्थानीयजन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के वीर शहीदों के परिवारजनों का सम्मान एवं पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी।

'आप' ने जवानों की याद में किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। आम आदमी पार्टी द्वारा भारतीय शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि, दिनांक 15 सितंबर को दोपहर 12 बजे आम आदमी पार्टी जौनपुर के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी द्वारा जम्मू कश्मीर में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से शामिल हुए जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना, जिला सचिव शैलेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, महिला प्रकोष्ठ जिला सचिव रंभा सिंह, आशुतोष मौर्या, केपी गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरि, खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सनी पाल, प्रमोद पाल, नीरज पाल, विशाल यादव, रोहित यादव, यूथ विंग जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिया लाल यादव, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनिल धर, अरविंद मिश्रा, शिवजी मिश्रा, अब्बुसाद, ष्4ह्यह्य जिलाध्यक्ष अमित विश्वकर्मा, अजीत, दिलीप कुमार, रमाकांत चौबे,इंद्रजीत यादव, प प्रमोद सिंह धीरज कुमार महेश यादव गोविंद रविंद्र कुमार, अमित सिंह, शुभम पाल, प्रमोद, उमेश, विशाल कुमार, नीरज कुमार, महेश यादव, वीरेंद्र कुमार, राहुल रोहित, शामू यादव, सूरज गुप्ता, मनजीत, एडवोकेट कुलदीप यादव इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम कि सूचना जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी द्वारा दिया गया। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से बुधवार को एक ऐसी खबर आई, जिसने अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 भारतीय सपूत जवान शहीद हो गए. आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे. इस हमले में वह घायल हो गए. उन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में एयरलिफ्ट किया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका. सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, बटालियन कमांडिंग मेजर आशीष धोनैक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के ष्ठस्क्क हुमायूं भट, राइफल मैन रवि कुमार की शहादत से पूरा पूरा देश स्तब्ध है। आज हम सभी भारतीय नागरिक सभी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

राजेंद्र फिर नियुक्त किए गए प्रयागराज महानगर भाजपा जिला अध्यक्ष

भाजपाइयों ने दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के द्वारा राजेंद्र मिश्रा को फिर एक बार प्रयागराज महानगर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजेंद्र मिश्रा को दोबारा जिला अध्यक्ष प्रयागराज महानगर बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन कार्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिया गया मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को लेकर आगे आने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रयागराज जिले के दोनों संसदीय क्षेत्र में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाएंगे और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि राजेंद्र मिश्रा जी 1979 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे। 1997 से लेकर 2001 तक भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष और 2010 में भाजपा प्रयागराज महानगर के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष पहली बार बनाए गए जो 2012 तक रहे। 2012 में प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रहे। 2019 में एडवोकेट हाई कोर्ट हुए और 2020 में पार्टी के द्वारा उन्हें का प्रयागराज विकास प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि राजेंद्र मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं उनके नेतृत्व में प्रयागराज महानगर का संगठन और मजबूत होगा और आने वाले लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरेगा।

बधाई देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, शशि वार्ष्णेय, पदुम जायसवाल, वरुण केसरवानी, रमेश पासी, राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह कुशवाहा, सचिन जायसवाल, अभिषेक ठाकुर, श्याम चंद्र हेला, विक्रम सिंह भदौरिया, सरोज गुप्ता, गौरव गुप्ता, अजय अग्रहरि, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, विजय गुप्ता,मनोज मिश्रा, दिनेश विश्वकर्मा, रोहित पप्पू पांडे, पवन राष्ट्रवादी, शिखा खन्ना एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

महोत्सव के क्रम में स्केटिंग बालक व बालिका का प्रतियोगिता का आयोजन

आजमगढ़। महोत्सव के क्रम में स्केटिंग बालक व बालिका का प्रतियोगिता का आयोजन 24. को प्रातः 09:00 बजे से इग्रसेन चौराहे से कलेक्ट्रेट रोड पर आयोजित की जायेगी। इसमें दो वर्गा में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, प्रत्येक वर्ग में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को आजमगढ़ महोत्सव समिति द्वारा पुरस्कार एवं द्रोणाचार्य से सम्मानित किया जायेगा। स्केटिंग प्रतियोगिता भाग लेने वाले जिले के इच्छुक खिलाडी क्षेत्रीय खेल कार्यालय, आजमगढ़ से सम्पर्क स्थापित कर सकते है, इसके अतिरिक्त स्केटिंग के जिला सचिव, श्री मंगल प्रसाद से भी सम्पर्क स्थापित कर अपनी प्रविष्टि दे सकते है।

मिनी मैराथन बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन

आजमगढ़। 15 सितम्बर को आजमगढ़ खेल महोत्सव के उपलक्ष्य में आजमगढ़ प्रशासन एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय, आजमगढ़ द्वारा दिनांक 24.09.2023 को प्रातः 08:00 बजे सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ के मुख्य द्वार से पाण्डेय बाजार चौराहा से हो कर पहाडपुर तीराहा से होते हुये चौक के रास्ते पुरानी कोतवाली से होते हुये कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार तक मिनी मैराथन बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान से दस स्थान तक प्राप्त करने वाले खिलाडियां आजमगढ़ महोत्सव समिति द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इस मिनी मैराथन दौड में भाग लेने हेतु जिले के इच्छुक धावक 22.09.2023 तक किसी भी कार्यदिवस में में क्षेत्रीय खेल कार्यालय, आजमगढ़ से सम्पर्क स्थापित कर सकते है। यह दौड केवल बालक वर्ग में आयोजि की जायेगी।

सपा प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल थाना रौनापार के अंतर्गत ग्राम पांडे का पूरा (लखमीपुर रोहुआर) के शीला देवी पत्नी अभिमन्यु मौर्य की दिन दहाड़े नृशंस हत्या की घटना को लेकर जिलाधिकारी से मिलकर मृतक परिवार को आर्थिक मदद व जमीन, तथा नौकरी देने का एस.डी.एम व अन्य अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन को अमल कराया जाने के लिए आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि मुलजिम ग्राम समाज की बहुत जमीनों पर कब्जा कर मकान बना लिए हैं, तथा बहुत सारी सरकारी जमीनों को कब्जा कर लिए हैं। प्रशासन व पुलिस उनके दबाव में रहती है। जिससे मनबढई के कारण हत्या हुई है।मृतिका का परिवार बहुत ही गरीब है, मकान बनाने के लिए जमीन केवल 12 कड़ी है,मात्र 3 विस्वा खेती की जमीन है। प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता के कारण यह घटना हुई है। उनके साथ नया नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी आंदोलन को बात होगी प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष हवलदार यादव, विधायक गोपालपुर नफीस अहमद,विधायक सगड़ी डॉक्टर एच एन पटेल,विधायक मुबारकपुर अखिलेश यादव, व सपा के वरिष्ठ नेता कमलाकांत मौर्य और मृतका का बेटा गौरव मौर्य मौजूद थे।

मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा निकालने की सठियांव में रही धूम

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। आजादी का अमृत महोत्सव योजना के तहत मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा निकालने की धूम बृहस्पतिवार को विकास खण्ड सठियांव क्षेत्र की लगभग दर्जन भर गावों से निकाली गई। ग्राम पंचायत इब्राहीमपुर में आज, नाजिरपुर सरयां, मो ईनाबाद, चकतगे, बसौंधा, आदमपुर, जमुड़ी, नीबी बुजुर्ग, चिवटहीं , अबाड़ी, रघुनाथपुर खुझियां से कलश यात्रा निकाली गयी। शासन प्रशासन के आदेश पर विकास खण्ड सठियांव में आजादी का अमृत महोत्सव योजना के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के पहला दिन विभिन्न दर्जन भर गांव से कलश यात्रा का आयोजन हुआ। यह आगामी 21सितम्बर तक कार्यक्रम चलेगा। इस कार्यक्रम गांव के स्कूल के बच्चो के साथ गांव के प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, अध्यापक, आंगनबाड़ी, स्वय सहायता समूह, हर से मिट्टी व चावल कलश मे धारण कर विकास खण्ड सठियांव मुख्यालय पर पहुंच कर अपना कलश जमा कर दिए । इस प्रकार ग्राम पंचायत इब्राहीमपुर से ग्राम प्रधान हाजी जमाल अहमद, ग्राम पंचायत सचिव राम सिंह के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाल मुख्यालय पर कलश जमा किए। इस प्रकार सभी सठियांव क्षेत्र के अंतर्गत उपरोक्त दर्जनो गांव से कलश यात्रा गांव से मुख्यालय पर कर सम्पन्न हो गयी।

'शक्ति दीदी' महिलाओं को दिलाएगी अधिकार

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सेंट पीटर्स एकेडमी गोविंदपुर, शिवकुटी के प्रांगण में आज उत्तर प्रदेश सरकार सहित विभिन्न सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानों जूही सेवा संस्थान, आयुषी फाउण्डेशन (आयुषेफ) एवं एंटी क्राइम एंटी करप्शन के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत शक्ति दीदी अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो छात्राओं ने पांच से अधिक महत्वपूर्ण नंबरों के प्रयोग के संबंध में बताकर शक्ति दीदी उपाधि प्राप्त किया जिसमें क्रमशः प्रिंसेज आर्या व सारा परवीन रहीं। राधा कश्यप, जूही श्रीवास्तव, डॉ श्याम देव एवं आकाश जायसवाल के द्वारा मिशन शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत छात्राओं सहित महिला शिक्षिकाओं को महिला अपराध, भ्रष्टाचार व विभिन्न सामाजिक अपराधों के रोक-थाम व महिला हेल्प लाइन के संबंध में विस्तार से बताते हुए जागरूक किया गया। थाना शिवकुटी पुलिस कमिश्नरेट, जनपद प्रयागराज से महिला पुलिस राखी परमार एवं कांस्टेबल दीनानाथ ने विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों के प्रयोग के संबंध में तथा आपराधिक प्रवृत्तियों के लोगो से कैसे सुरक्षा करें जिसके संबंध में छात्राओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप राधा कश्यप, डॉ श्याम देव, आशीष कुमार, जूही श्रीवास्तव, आकाश जायसवाल, मो.अतहर कलाम, अंजना अग्निहोत्री, प्रियंका सिंह व शिक्षिकाएं, एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रही।

प्रीमियम ग्राहकों के लिए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की नई पेशकश

मुम्बई। अग्रणी लघु वित्त बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन स्स्न्नक्र) ने प्रीमियम ग्राहक वर्ग के लाभार्थ मैक्सिमा बचत खाता और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता आरंभ करने की घोषणा की है। इन नई पेशकशों के माध्यम से उज्जीवन ने विभिन्न प्रकार की सेवाएँ और लाभ प्रदान करके अपने नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को शानदार और और बेहतर बनाने का लक्ष्य बनाया है। इन उत्पादों को ग्राहकों को उनकी अलग-अलग वित्तीय और बैंकिंग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न लाभ, बेहतर सुविधाएँ और एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ श्री इत्तिरा डेविस ने कहा, ÷हम अपने मैक्सिमा सेविंग्स अकाउंट और बिजनेस मैक्सिमा करंट अकाउंट को पेश करते हुए खुशी का अनुभव कर रहे हैं, जिन्हें नए और मौजूदा दोनों तरह के मंझोले और बड़े व्यावसायिक संस्थाओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। सच तो यह है कि यहाँ उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में, हम असाधारण बैंकिंग अनुभव प्रदान करने में विश्वास करते हैं जो हमारे समझदार ग्राहकों की अनूठी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करता है। अपनी नवीनतम पेशकशों के साथ, हम प्रीमियम लाभ, वैयक्तिकृत सेवाओं और विशेष सौदों का एक सेट प्रदान करके बैंकिंग उत्कृष्टता के मानक को ऊपर उठाने का प्रयास कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि हमारे समाधान हमारे प्रीमियम ग्राहकों के लिए अत्यंत मूल्यवान साबित होंगे, और हम उनके साथ मज़बूत साझेदारी बनाने और उनकी वित्तीय सफलता का पोषण करने के लिए हर तरह से तैयार हैं।÷

मैक्सिमा बचत खाते पर वार्षिक ब्याज दर 7.5त्न तक है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है, और ग्राहक 1 लाख रुपयेके साथ खाता खोल सकते हैं। ग्राहकों को मैक्सिमा बचत खाते की शेष राशि पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए सावधि जमा में 15 लाख रुपयेया उससे अधिक राशि बनाए रखने की सुविधा भी दी गई है, एक ऐसा विकल्प, जो दूसरे मानक बचत खातों में नहीं मिलता। मैक्सिमा बचत खाते द्वारा दी जाने वाली अन्य रोमांचक सेवाओं में शामिल हैं उच्च लेनदेन सीमा, मुफ़्त चेक और डीडी जारी करना, सभी चैनलों पर मुफ़्त लेनदेन और किसी भी शाखा में असीमित नक़द जमा और निकासी। मैक्सिमा बचत खाते के साथ उपयुक्त ग्राहकों को एक मानार्थ हेल्थ प्राइम बेनेफिट (स्वास्थ्य प्रधान लाभ) प्रदान करने की भी सुविधा

अनएकेडमी ने आपके मेडिकल और इंजीनियरिंग के सपने को साकार करने के लिए लॉन्च किया युएनएसऐटी 2023

लखनऊ भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने आईआईटी, जेईई और नीट यूजी लर्नर्स को सहयोग प्रदान करने के लिए अपने सबसे बड़े स्कॉलरशिप टेस्ट अनएकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट के तीसरे एडीशन की घोषणा की है।

जिसका लॉन्च 8 सितंबर को लखनऊ में हुआ, जो कि छात्रों को नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने और अपनी पसंद के क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर देता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री धर्म राज मिश्र, सेवानिवृत्त जज लखनऊ कोर्ट मौजूद रहे। परीक्षा की तारीखः 1, 8 और 15 अक्टूबर (दो स्लॉट्सः दोपहर 1-2 बजे और शाम 6-7 बजे) परीक्षा का मोडः ऑनलाइन और ऑफलाइन वैद्यता के मानदण्डः कक्षा 9 से 12, 12वीं पास छात्र जो आईआईटी और नीट परीक्षा देना चाहते हैंपरीक्षा का शुल्कः ऑनलाइनः निःशुल्क, ऑफलाईन - 100 परिणामों की घोषणाः 2 नवम्बर 2023 को घोषित किए ज़ायेगे।

न्युवोको ने परिवर्तनकारी फाइबर रिइंफोर्सड सीमेंट कम्पोजीशन के लिए पेटेंट हासिल किया

लखनऊ। न्युवोको विस्टास कॉप. 'लिमिटेड, जिसे योग्यता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह कहा जाता है, गर्व से घोषणा करता है कि उसके प्रायोजक उत्पाद, फाइबर रिइंफोर्सड सीमेंट कम्पोजीशन जिसे बाजार में ÷ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट÷ के नाम से ब्रांडेड किया गया है, के लिए एक पेटेंट प्राप्त किया है। यह पेटेंट, आवेदन की तारीख, 4 अप्रैल, 2018 से प्रभावी है और इसे अगले 20 वर्षों के लिए विशेष अधिकार मिले है।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर, न्युवोको विस्टास के प्रबंध निदेशक, मिस्टर जयकुमार कृष्णस्वामी, ने अपनी खुशी व्यक्त की और बताया, ÷ न्युवोको में हमारी सफलता के लिए ग्राहक अनुभव मुख्य है, इसलिए हम नवाचार को प्राथमिकता देते हैं।हमारा कंस्ट्रक्शन डेवलपमेंट और इनोवेशन सेंटर (सीडीआईसी) उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले सतत और नवाचारी उत्पाद बनाने के लिए समर्पित है। प्राप्त पेटेंट हमारे नवाचार में हमारे अटूट समर्पण की पुष्टि करता है और हमें सीमेंट उद्योग में प्रगतिशील उन्नतियों के स्थानीय मानकों में हमेशा प्रमुख स्थान पर

रखता है, जो असाधारण गुणवत्ता और जिम्मेदार व्यवसायिक पद्धतियाँ प्रदान करता है।÷ कंक्रीट सुदृढीकरण के लिए फाइबर को उपयोग करने की अवधारणा 1960 के दशक में में उत्पन्न हुई थी। ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट ने इस ऐतिहासिक विकास का उपयोग करके भारतीय सीमेंट बाजार में क्रांतिकारी बदलाव लाने का प्रयास किया है। इस फाइबर-आधारित सीमेंट ने सीमेंट की बॉन्डिंग प्रक्रिया को महत्वपूर्ण रूप से बेहतर बनाया है, दरार प्रतिरोध में सुधार किया है, पारगम्यता को कम किया है, प्रभाव शक्ति और दीर्घकालिता में सुधार करने के साथ एक सुगम सतह स्वरूप प्रदान किया है।

ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट की एक ख़ास विशेषता है कि इस उत्पाद में फाइबर्स की दृष्टिगत उपस्थिति होती है, जो माइक्रो सुदृढ़न एजेंट के रूप में काम करती हैं, जिससे सीमेंट वर्षों तक रिसाव, नमी, दरारें, सुक्षण और थर्मल तनावों का सामना कर सकता है। यह सीमेंट उच्च गुणवत्ता वाले क्लिंकर से निर्मित है, जिसमें 48-52त्न ट्राइकैल्शियम सिलिकेट और लो ट्राइकैल्शियम एल्यूमिनेट होता है, और यह सीमेंट उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रोस्टैटिकली अवक्षेपित सूखे फ्लाई ऐश का उपयोग करता है, जो सर्वोच्च गुणवत्ता मानकों को पूरा करता है।

ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाने की अनूठी पहल

महराजगंज। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने मिलकर महराजगंज में स्वयं सहायता समूहों की महिला उद्यमियों के जीवन में बदलाव लाने का बीड़ा उठाया है। एक साझेदारी के माध्यम से ये प्रतिभाशाली महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को फ्लिपकार्ट के ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर प्रदर्शित करने और बेचने का कार्य करेंगे। दोनों मिलकर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को देश भर में ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करेंगे। डिजिटल माध्यम को अपनाते हुए यह संयुक्त प्रयास ग्रामीण सशक्तीकरण और सदियों पुरानी परंपराओं को संरक्षित करने के प्रति एनआरएलएम की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। यह पहल इन महिलाओं को अपना कौशल प्रदर्शित करने, बाजार तक पहुंच बढ़ाने और अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। फ्लिपकार्ट के साथ इस साझेदारी से वित्तीय समावेशन और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। इससे एनआरएलएम के गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण विकास के मिशन में मदद मिलेगी। इस साझेदारी को गति देने के लिए एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जो इन महिलाओं को ई-कॉमर्स की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक बुनियादी कौशल सिखाने पर आधारित थी। कार्यशाला ने इन छोटी महिला उद्यमियों को ऑनलाइन माध्यम से व्यवसाय में सफल होने के लिए समर्थ बनाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, उपकरण और अंतर्दृष्टि प्रदान किया। सांसद और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने कहा, ÷एनआरएलएम और फ्लिपकार्ट के बीच यह सहयोग ग्रामीण समुदायों के उत्थान की दिशा में एक शक्तिशाली कदम का प्रतिनिधित्व करता है। स्थानीय कारीगरों के लिए एक मंच प्रदान करके, हम न केवल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में योगदान भी दे रहे हैं। फ्लिपकार्ट समूह के मुख्य कॉर्पोरेट मामलों के अधिकारी, रजनीश कुमार ने कहा, ÷फ्लिपकार्ट में, हम देश भर में स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण कारीगरों और बुनकरों का तहे दिल से समर्थन करते हैं।

आज की कार्यशाला से हमें उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। फ्लिपकार्ट के माध्यम से हमारा लक्ष्य है महिला उद्यमियों को विशेषज्ञता, संसाधनों और उनकी उद्यमशीलता की सफलता को बढ़ावा देने के माध्यम से राष्ट्रव्यापी बाजार तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना। हमारा दृढ़ विश्वास है कि इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन करके, हम उनकी पूरी क्षमता को साकार करने की दिशा में उनकी यात्रा को सुविधाजनक बना सकते हैं। इससे वे पूरे भारत में अपने विविध उत्पादों को ग्राहकों के सामने पेश कर सकेंगी। महराजगंज के जिलाधिकारी श्री सतेंद्र कुमार ने कहा, ÷इन महिला उद्यमियों का सशक्तिकरण हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद क्षमता का एक प्रमाण है। हमें विश्वास है कि इस साझेदारी से हमारे क्षेत्र में सतत विकास और समृद्धि आएगी। ÷

वास्तव में, एनआरएलएम और फ्लिपकार्ट के बीच यह साझेदारी सिर्फ एक सहयोग नहीं है। यह ग्रामीण समुदायों के जीवन में बदलाव लाने का एक मिशन है। इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ ही परंपराओं को संरक्षित करना और महिलाओं को सशक्त बनाने में ई-कॉमर्स की भूमिका को मजबूती देना है।

टाटा मोटर्स ने प्रीमियम डिजाइन एवं बेहतरीन तकनीकी फीचर्स के साथ न्यू जेन नेक्सॉन लॉन्च की

मुंबई। देश की सबसे प्रमुख आटोमोटिव निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी ऑल-न्यू नेक्सॉन लॉन्च की है। यह बहुपयोगिता, महत्वाकांक्षा और इनोवेशन का प्रतीक है। नई जेनरेशन की नेक्सॉन वाहन की सभी विशेषताओं को संपूर्ण रूप से अपग्रेड करती है। यह एसयूवी मार्केट में पूरी तरह उल्लेखनीय और प्रगतिशील तरीके से अपग्रेड की गई एसयूवी है। यह एक्शन के साथ इमोशन का भी प्रतीक है। नेक्सॉन को सच्ची प्रेरणा उन लोगों से मिलती है, जो समय से आगे सोचते हैं और अपनी क्षमता से आगे बढ़कर काम करने के लिए तैयार रहते हैं। नई नेक्सॉन ने अपनी डिजिटल डिजाइन, श्रेणी में बेहतरीन सुरक्षा, समकालीन तकनीक और बेहतरीन परफॉर्मेंस के चलते पूरे देश में अलग-अलग पीढ़ी के लोगों को आकर्षित किया है। यह पेट्रोल और डीजल पावरट्रेन्स में चार अलग-अलग मॉडलों- फियरलेस, क्रिएटिव, प्योर और स्मार्ट पर्सोना में मिलती है। नई नेक्सॉन की बिक्री आज से. 8.09 के दाम से शुरू हुई है। टाटा मोटर्स पैसेंजर्स व्हीकल्स भारतीय सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसकी सभी वर्गों में आकर्षक अपील और महत्वाकांक्षी टोन असाधारण है। न्यू जेन नेक्सॉन उपभोक्ताओं की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सकने की कंपनी की साहसिक

लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने न्यू जेन नेक्सॉन को लॉन्च करते हुए कहा,÷नेक्सॉन ब्रैंड ने नए नेतृत्व की विरासत बनाई है। यह अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ है। टाटा ने अन्य कंपनियों के लिए नए प्रतिमान तय किए हैं। नेक्सॉन की नेमप्लेट के साथ 5 लाख से ज्यादा वाहन क्षमता का प्रतीक है। इस वाहन का हरेक पहलू, डिजाइन से लेकर परफॉर्मेंस तक, सुरक्षा से लेकर तकनीक, फीचर्स और आराम को नए स्तर तक ले गया है। यह न्यू फॉरएवर के प्रति हमारे सिद्धांत और हमारी प्रतिबद्धता के आत्मविश्वास का प्रमाण है।

फिल्म इंडस्ट्री में एक साथ काम करना हमारा सपना हैः दिव्यम और दर्शन

मुम्बई। अमेज़ॅन मिनी टीवी, अमेज़ॅन की एक मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा है। अमेज़ॅन मिनी टीवी पर देश का पहला अंडरग्राउंड डांस रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया का ग्रैंड

फिनाले संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में देश भर के प्रतिभाशाली हिपहॉप डान्सर्स ने भाग लिया। एक से बढकर एक डान्स परफॉर्मन्स देखनेवाले दर्शकों को इस शो मे कुछ मज़ेदार क्षण भी देखने मिले। उदाहरण के लिए, रैप गायक विकेड सनी और इस हिप हॉप प्रतियोगिता के अंतिम 6 कंटेस्टंट में जगह बनानेवाले दिव्यम और दर्शन की जुगलबंदी। यह मुकाबला देखने लायक था। हमने हाल ही में दिव्यम और दर्शन की जोड़ी से बातचीत की। दर्शन: मुझे डांस हमेशा से पसंद रहा है। और जब मैंने दिग्गज डांसर धर्मेश सर और राघव सर को देखा तो डांस के प्रति मेरा जुनून और भी बढ़ गया। धर्मेश सर और राघव सर ने आज जो हासिल किया है वह नृत्य के प्रति उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने मुझे प्रेरित किया. इन दोनों को देखने के बाद हमें पता चलता है कि आप चाहे किसी भी पृष्ठभूमि से हों, आप कड़ी मेहनत से अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। दिव्यम- मुझे बचपन से ही डांस का बहुत शौक था. एक घटना मुझे आज भी याद है. मेरे घर के सामने से एक बारात गुजर रही थी और मैं उस बारात में नाचने के लिए निकल गया. जब मैं काफी देर तक घर नहीं आया तो मेरे घर वाले मेरी तलाश में निकले. उन्होंने मुझे करीब डेढ़ किमी दूर इसी बारात में पाया। मैं घर से लेकर वहां तक डांस करते हुए गया था। दर्शन: प्रसिद्ध कोरियोग्राफर हैनसन केओहाने हमेशा मेरे लिए एक आदर्श रहे हैं। मैं उनकी शैली का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और किसी दिन उनसे सीखने का सपना देखता हूं।

सिट्रोएन इंडिया ने 9.99 लाख रु. के शुरुआती मूल्य में सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की प्रि बुकिंग शुरू की

चेन्नई। फ्रेंच कार निर्माता सिट्रोएन ने आज से अपनी आगामी सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की बुकिंग शुरू करने की घोषणा कर दी। ऑल-न्यू सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी का शुरुआती मूल्य 9.99 लाख रु. है। इसकी डिलीवरी 15 अक्टूबर, 2023 से की जाएंगी। ग्राहक इसकी बुकिंग पूरे देश में स्थित ला मेज़ों सिट्रोएन शोरूम्स पर या फिर सिट्रोएन इंडिया की आधिकारिक वेबसाईट ;ब्पजतवमदण्पदद्ध पर 25,000 रु. की टोकन राशि देकर कर सकते हैं। नई सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोकलाईज़ेशन किया गया है, और यह मिड साईज़ एसयूवी भारतीय ग्राहकों की विशेष जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन की गई है। नई सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी के बारे में रोलैंड बूशारा, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेलैंटिस इंडिया ने कहा, ''सी3 एयरक्रॉस एसयूवी को अप्रैल 2023 में अपनी शुरुआत से ही बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हमें सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की प्रि-लॉन्च बुकिंग शुरू करने की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है, और मुझे यह भी खुशी है कि हम यह 9.99 लाख रु. के शुरुआती मूल्य में पेश कर रहे हैं। इससे भारत

में अत्यधिक लोकलाईज़ेशन के साथ बेहतरीन पेशकश देने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह हमारे ग्राहकों से प्राप्त की गई बहुमूल्य जानकारी और विस्तृत शोध का प्रमाण है। सी3 एयरक्रॉस एसयूवी को उन भारतीय ग्राहकों की विकसित होती जरूरतों और इच्छाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया है, जो ड्राईविंग का बेहतरीन अनुभव पसंद करते हैं। हमें विश्वास है कि यह वाहन उनके दिलों व घरों में अपनी एक अद्वितीय जगह बना लेगा।'' नई सी3 एयरक्रॉस एसयूवी, सबसे ज्यादा डिज़ायरेबल 4,323 मिमी. लंबी मिडसाईज़ एसयूवी है, जिसका मजबूत और एक्सप्रेसिव डिज़ाईन आत्मविश्वास प्रदर्शित करता है। 200 मिमी की ग्राउंड क्लियरेंस, बड़े व्हील एवं टायरों के साथ मस्कुलर व्हील आर्च, और टिकाऊ प्रोटेक्टिव क्लैडिंग के साथ यह सबसे आकर्षक लगती है। इसके मजबूत बंपर और हाई ग्राउंड क्लियरेंस के कारण यह ऊबड़-खाबड़ जमीन पर भी आसानी से चलती है, और इसकी बॉडी की टॉर्शनल स्टिफनेस कम से कम वाईब्रेशन के लिए इंजीनियर की गई है, जिससे सवारियों का आराम बढ़ जाता है। इसमें व्हील-आर्च क्लैडिंग, साईड सिल क्लैडिंग, और फ्रंट एवं रियर रियर स्किड प्लेट जैसे प्रोटेक्टिव एलिमेंट्स इस एसयूवी के मुख्य आकर्षण हैं। इसके अलावा, इसमें रूफ रेल्स और एक रियल स्पॉयलर हैं, जो न केवल इसकी एयरोडायनामिक परफॉर्मेंस बेहतर बनाते हैं, बल्कि इसे ज्यादा स्टाईलिश भी बनाते हैं।

इनोवेटिव डिज़ाईन और ऑनबोर्ड कम्फर्ट के लिए सिट्रोएन की प्रतिबद्धता सी3 एयरक्रॉस एसयूवी के हर पहलू में दिखाई देती है। कम्फर्ट के ब्रांड के सिद्धांत के अनुरूप इस एसयूवी में फ्लाईंग कारपेट इफेक्ट के साथ सिट्रोएन एडवांस्ड कम्फर्ट सस्पेंशन दिया गया है। इसके सावधानी से डिज़ाईन किए गए अंडरबॉडी और एप्रोच एंगल सी3 एयरक्रॉस एसयूवी को मुश्किल रास्तों और गहरे स्लोप्स पर भी आत्मविश्वास के साथ चलने में समर्थ बनाते हैं। इसमें सिट्रोएन का विश्वप्रसिद्ध 1.2ली. जेन 3 टर्बो प्योरटेक 110 इंजन लगा है, जिसकी मदद से यह एसयूवी ड्राईविंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करती है।

आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के ऑफिशियल बेवरेज पार्टनर थम्स अप ने डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ मिलकर 'थम्स अप फैन पल्स' को लॉन्च किया

नई दिल्ली।द कोका-कोला कंपनी के भारत के घरेलू बेवरेज ब्राण्ड ने 'थम्स अप फैन पल्स' के लॉन्च की घोषणा की है। यह डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ मिलकर दिया जा रहा क्रिकेट का एक अभिनव एवं रोचक अनुभव है। 'थम्स अप फैन पल्स' में क्रिकेट से जुड़ाव बनाने के एक नये जमाने की पेशकश हो रही है, जहाँ हर आवाज बुलंद होगी, गर्मागर्म बातचीत को

बढ़ावा मिलेगा, विशेषज्ञ जानकारियाँ देंगे और प्रशंसकों की भागीदारी बेजोड़ रहेगी। अपने तरह की यह पहली कोशिश क्रिकेट के कंटेन्ट का परिदृश्य बदलने के लिये तैयार है और थम्स अप के असली जोश से मेल खाती है। 'थम्स अप फैन पल्स' सिर्फ एक प्लेटफॉर्म नहीं है, यह प्रशंसकों के लिये राय साझा करने, विशेषज्ञों से बात करने और एक महत्वपूर्ण सवाल उठाने की एक उत्साही जगह है कि ÷क्या भारत जीतेगा'' इस सीरीज के दिग्गज विशेषज्ञों में सौरव गांगुली, युवराज सिंह, गौतम गंभीर, वीरेन्द्र सहवाग, दिनेश कार्तिक शामिल हैं और इसकी मेजबानी ÷वॉइस ऑफ क्रिकेट'', यानि कि हर्षा भोगले करेंगे। इसमें क्रिकेट के हर प्रशंसक की नब्ज पकड़ में आएगी, जब आगामी वर्ल्ड कप के हर पहलू पर अनूठी जानकारियाँ दी जाएंगी। डेटा, टेक्नोलॉजी और सामाजिक बातों को मिलाकर, थम्स अप प्रशंसकों के साथ जुड़ाव बनाने में बड़ा बदलाव ला रहा है। यह सीरीज खिलाड़ियों, भारत की टीम और वर्ल्ड कप पर गहरी जानकारी देकर विभिन्न चैनलों के माध्यम से क्रिकेट के हर प्रेमी के लिये कंटेन्ट का निजी अनुभव लाती है।

अमेज़ॅन मिनीटीवी पेश करता है कैंपस बीट्स - एक नया टीन ड्रामा जिसमें प्यार, दोस्ती, स्पर्धा और बहुत कुछ

मुम्बई। अमेज़ॅन मिनीटीवी - अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा ने अपने आनेवाले टीन ड्रामा कैंपस बीट्स की घोषणा की। यह ड्रामा कॉलेज के पुराने दिनों की याद दिलाता है यह ड्रामा एक नृत्य अकादमी से संबंधित है जो अपने अद्भुत प्रदर्शनों के लिए जानी जाती है ड्रामा की कहानी में रंग तब भरने लगते है जब कुछ बाहरी लोग वेलफ़ेअर कार्यक्रम के बहाने कॉलेज में प्रवेश करते हैं जिससे मौजूदा छात्रों के साथ प्रतिद्वंद्विता, दोस्ती,

प्यार और तीव्र प्रतिस्पर्धा शुरू हो जाती है। इस दिलचस्प शो का प्रीमियर 21 सितंबर से अमेज़ॅन मिनीटीवी पर होगा यह एक लंबी सीरीज होगी,जो दर्शकों को शो से बांधे रखेगी रचनात्मक रूप से बौद्धिकपालकी मल्होत्रा द्वारा निर्देशित इस डांस ड्रामा में शांतनु माहेश्वरी, श्रुति सिन्हा, सहज सिंह चहल, तन्वी गडकरी, हर्ष डिंगवानी, तान्या भूषण, धनश्री यादव, तेरिया मगर, अदनान खान और रोहन पाल जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका अदाकारी करेंगे। यह सीरीज एक प्यारी सी सीधी सादी लड़की नेत्रा पर आधारित है जो हाल ही में वेलफ़ेअर कार्यक्रम के माध्यम से कॉलेज में शामिल हुई थी वह यहाँ पर किसी उद्देश्य से आयी है अपने पिता की मौत के पीछे के रहस्य को उजागर करने के लिए वह प्रयासरत है लेकिन इस खोज में वह कैंपस जीवन की जटिलताओं में फस जाती है वेलफ़ेअर छात्रों के समूह को 'बी.जी'के नाम से जाना जाता है और मौजूदा छात्रके समूह को 'ओ.जी' के नाम से जाना जाता है।

दंगल' और 'छिछोरे' के मेकर्स युवाओं के लिये लेकर आ रहे हैं साल की सबसे प्रासंगिक फिल्म तुमसे ना हो पाएगा''

मुम्बई। हम सभी के जीवन में आलोचना करने वाला एक ऐसा व्यक्ति जरूर होता है, जो लगातार हमारी कोशिशों पर शक करता है और हमें सोचने पर मजबूर करता है कि लोग क्या कहेंगे डिज़्नी+ हॉटस्टार की आगामी फिल्म तुमसे ना हो पाएगा आज के युवाओं के सामने मौजूद आधुनिक चुनौतियों का हल्के-फुल्के अंदाज में मजेदार ढंग से झलक देती है। इसमें हमारे समाज के द्वारा बनाये गये 'नियमों' के खिलाफ युवाओं की यह दुविधा भी दिखाई देती है कि अपना रास्ता बनाकर अपने सपने पूरे कैसे करें। यह फिल्म 29 सितंबर को सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। तुमसे ना हो पाएगा भारत के युवाओं को दिया जा रहा एक तरोताजा और मजाकिया संदेश है- अपने दिल की बात मानने के लिये हिम्मत जुटाओ और अपनी सफलता को खुद तय करो''। इश्वाक सिंह, महिमा मकवाना, गौरव पांडे, अमाला अक्किनेनी, गुरप्रीत सैनी, परमीत सेठी और मेघना मलिक जैसे प्रतिभाशाली कलाकार इस कहानी में जान डाल रहे हैं। निर्माता एवं लेखक नीतेश तिवारी ने कहा, ÷तुमसे ना हो पाएगा' को हर एक मध्यम-वर्गीय युवा की कहानी पर्दे पर दिखाने के लिए लिखा गया है। चाहे कॉर्पोरेट जॉब की उलझनें हों या अपने बचपन के प्यार की खोज या खुद से अपना कुछ शुरू करने का जिन्दगी भर देखा सपना, तुमसे ना हो पाएगा ऐसी प्रासंगिक कहानी है! हम सभी डिज़्नी+ हॉटस्टार पर दुनियाभर के दर्शकों के साथ यह कहानी साझा करने के लिये बड़े ही रोमांचित हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि यह हमारे दर्शकों को प्रेरित करेगी और उनका मनोरंजन भी करेगी। निर्देशक अभिषेक सिन्हा ने कहा, ऐसे समाज में, जहाँ हमें यह मानने पर मजबूर किया जाता है कि हाथ की रेखाएं हमारा भविष्य तय करती हैं, तुमसे ना हो पाएगा यह संदेश देने का एक गंभीर प्रयास है कि केवल आप ही अपनी सफलता को तय कर सकते हैं। कभी-कभी इसका मतलब समाज के निर्धारित नियमों को तोड़ने, आप पर यकीन न करने वालों पर ध्यान ना देने और अपने भीतर की उस आवाज को सुनने से हो सकता है, जो कहती है कि 'करके दिखाओ!'',

मर्सिडीज़-बेंज ने अपना बीईवी पोर्टफोलियो मजबूत किया

नई दिल्ली। पुणे में अपने नए लग्ज़ुरियस 'कस्टमर एक्सपीरिएंस सेंटर' में टॉप एंड, डायनामिक ईक्यूई 500 4मैटिक एसयूवी लॉन्च की

''हम भारतीय ग्राहकों के लिए सर्वोच्च ईक्विपमेंट लेवल के साथ ईक्यूई 500 4मैटिक एसयूवी लॉन्च करके अपना बीईवी पोर्टफोलियो मजबूत कर रहे हैं, और उन्हें इस सेगमेंट में अत्यधिक डिज़ायरेबल ईवी दे रहे हैं। ईक्यूई 500 एसयूवी हमारे बीईवी पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण पेशकश है, जो प्रबुद्ध ग्राहकों को सेगमेंट के अग्रणी लग्ज़री एप्वाईंटमेंट्स, टेक्नॉलॉजी, कनेक्टिविटी एवं कम्फर्ट फीचर्स प्रदान करेगी। मर्सिडीज़-बेंज भारत में अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार कर ईवी की ओर परिवर्तन में भी सहयोग कर रही है। अब भारत में विभिन्न ब्रांड के सभी ईवी ग्राहकों को हमारे चार्जिंग नेटवर्क का उपयोग करते हुए लग्ज़ुरियस मर्सिडीज़-बेंज अनुभव मिल सकेगा।'' ''हम यहाँ मर्सिडीज़-बेंज इंडिया के होम में अपने ग्राहकों के लिए नया 'कस्टमर एक्सपीरिएंस सेंटर' का उद्घाटन करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। एमएआर 20एक्स के लग्ज़ुरियस तत्वों को



लेकर इस आधुनिक लग्ज़री सुविधा का उद्देश्य हमारे ग्राहकों को एक इमर्सिव और क्योरेटेड मर्सिडीज़-बेंज का अनुभव प्रदान करना है। देश में यह अपनी तरह का विशेष कस्टमर एक्सपीरिएंस सेंटर क्योरेटेड प्राईवेट कंसल्टेशन, कारों की पर्सनलाईज़्ड डिलीवरी से लेकर ग्राहकों की अपनी कॉर्पोरेट ईवेंट्स की मेजबानी तक अनेक उद्देश्य पूरे करेगा। संतोष अईयर, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, मर्सिडीज़-बेंज इंडिया ईक्यूई 500 4मैटिक एसयूवी में भारतीय ग्राहकों के लिए ग्लोबल पोर्टफोलियो से सर्वश्रेष्ठ ईक्विपमेंट लगे हैं। उत्पाद का मुख्य आकर्षणः एमबक्स हाईपरस्क्रीन, 15 स्पीकर के साथ बर्मेस्टर 3डी सराउंड साउंड, हेपा फिल्टर, डिजिटल लाईट, एयर बैलेंस पैकेज, हेड अप डिस्प्ले, एयरमेटिक सस्पेंशन, एडीएएस लेवन 2, फ्रंट मसाज़ सीट्स, ब्राउन ओपन-पोर मैग्नोलिया वुड में सेंटर कंसोल। शक्तिशाली और एफिशियंट ड्राईव सिस्टमः बैटरीः 90.56 किलोवॉटअवर, 300 किलोवॉट का रेटेड आउटपुट, 858 न्यूटनमीटर का टॉर्क, 210 किलोमीटर प्रतिघंटा की टॉप स्पीड, 4.9 सैकंड में 0 से 100। मन की शांति के लिए सिंगल चार्ज में 550 किलोमीटर (डब्लूएलटीपी) की लॉन्ग ड्राईव रेंज। मर्सिडीज़-बेंज के पास 140 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन हैं, जिनमें एसी, 60किलोवॉट डीसी फास्ट चार्जर, और 180 किलोवॉट के डीसी अल्ट्रा-फास्ट चार्जर हैं।

मर्सिडीज़-बेंज के चार्जिंग स्टेशनों का उपयोग हर ब्रांड के ईवी ग्राहक कर सकेंगे, और अपने वाहन के चार्ज होने के दौरान मर्सिडीज़-बेंज की लग्ज़री का अनुभव ले सकेंगे। मर्सिडीज़-बेंज का नया आधुनिक लग्ज़री 'कस्टमर एक्सपीरिएंस सेंटर' ग्राहकों को पहली बार नई कार की डिलीवरी, व्यक्तिगत परामर्श प्रदान कर रहा है, और टीईवी ग्राहक अपनी कॉर्पोरेट ईवेंट भी आयोजित कर सकेंगे।

आधा दर्जन मुकदमों के बाद भी नहीं खुली हिस्ट्रीशीट

मनव्वर रिज़वी

गोरखपुर। एक तरफ गुंडों माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ योगी सरकार एक्शन मोड़ में है तो वही दूसरी तरफ अपराधी भी सुरक्षित ठिकाना ढूंढने में लगे हैं। कुछ ऐसा ही हाल गोरखपुर जिले का है जहां अपराधियों ने या तो अपराध करना बंद कर दिया है या फिर वो जेल में हैं और जो सक्रिय है वो सुरक्षित ठिकाने की तलाश में हैं।

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में भी एक अपराधी सक्रिय है जिसको रईस चिड़ीमार के नाम लोग जानते हैं जुर्म की दुनिया में नशे का समान, प्रतिबंधित वन्य जीवों की तस्करी और अवैध हथियारों के अवैध कारोबार में लिप्त इस अपराधी के खिलाफ विभिन्न थानों में आधा दर्जन से भी ज़्यादा मुकदमा दर्ज है। इस अपराधी की हिस्ट्रीशीट खुलती इससे पहले मौके को भांप कर रईस ने समाजवादी पार्टी को अलविदा कह दिया है। रईस के आपराधिक इतिहास की बात करें तो गैंगेस्टर समेत चार मुकदमें सिर्फ राजघाट थाने में दर्ज हैं जबकि कोतवाली थाने में दो मुकदमा और वन विभाग गोरखपुर द्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत एक मुकदमा दर्ज है। कुल मिलाकर आधा दर्जन मुकदमों के बाद भी रईस की हिस्ट्रीशीट नही खुल पायी। जिससे इस अपराधी के हौसले बुलंद हैं। रईस चिड़ीमार की दबंगई का आलम ये था कि तमाम गैरकानूनी कामों में लिप्त रहने के बावजूद पूर्व की समाजवादी पार्टी सरकार में ये खुलेआम घूमता और पुलिस या तोहलकी फुल्की कार्यवाही करती या मूकदर्शक बनी रहती। कभी पुलिस से लुकाछिपी का खेल खेलने वाला ये अपराधी अब पुलिस की आंखों में आंखें डालकर दूसरों की शिकायत कर रहा है ताकि उसकी काली करतूतों पर पर्दा पड़ा रहे। वहीं दूसरी ओर पुलिस विभाग जिसके पास तमाम आधुनिक संसाधन और अभिसूचना जैसा विभाग मौजूद हैं जो किसी भी अपराधी की कुंडली तैयार कर सकता है लेकिन फिर भी रईस जैसे अपराधी समाज में पल बढ़ रहे हैं।

निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों को दे पौष्टिक आहारः आशुतोष

प्रति माह 15 तारीख को मनाया जाता है निक्षय दिवस

अवधनामा संवाददाता

- निक्षय दिवस पर बच्चों को किया जागरूक एवं टीबी रोगियों में वितरण किया पोषण पोटली

हाटा, कुशीनगर। सरकार की मंशा के अनुरूप प्रतिमाह के 15 तारीख को मनाया जाने वाला निक्षय दिवस के क्रम में शुक्रवार को टीबी यूनिट हाटा के टीबी रोग पर्यवेक्षकों द्वारा स्थानीय नगरपालिका परिषद में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ रही छात्राओं को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया गया।

बच्चों को सम्बोधित करते हुए एसटीएलएस आशुतोष मिश्र ने कहा कि प्रधामनंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए हमें समाज के सभी व्यक्तियों को जागरूक करने की आवश्यकता है तथा उनके सहयोग से ही हम इस मिशन को सफल बना सकते है। उन्होंने बच्चों को लक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि आप के आसपास कोई भी व्यक्ति ऐसा दिखे तो उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजे। एसटीएस राजीव कुमार राय ने टीबी कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि जांच, उपचार निःशुल्क है साथ ही जो रोगी पाया जाता है उसे निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज चलने तक प्रतिमाह पांच सौ रुपए भत्ता भी दिया जा रहा है। बच्चों से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी किया गया। वार्डेन नीतू शर्मा द्वारा आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस दौरान शिक्षिका रत्ना, वंदना, प्रतिभा वर्मा एवं रसोइया निर्मला, इंद्रावती, पूनम उपस्थित रही। निक्षय दिवस के अवसर पर सीएचसी परिसर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अमित कुमार एवं एमोटीसी डॉ अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में निक्षय मित्र कपड़ा व्यवसायी अजित यादव, बीएसडब्ल्यू हरिश्चन्द गौंड एवं पीयूष सिंह द्वारा टीबी रोगियों को रोग लेकर उन्हें प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी गई। निक्षय दिवस पर 30 सम्भावित व्यक्तियों के बलगम की जांच की गई तथा दो नए रोगियों की दवा भी शुरू की गई। वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोग शाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने समाज के सम्भ्रांत व्यक्तियो से अपील किया कि अधिक से अधिक व्यक्ति निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार देकर उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने में मदद करे।

गीडा में 110 करोड़ से बनी प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का सीएम करेंगे उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

- सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में 96 उद्यमियों को सौंपेंगे भूमि आवंटन पत्र

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार (18 सितंबर) को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 110 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित तत्वा प्लास्टिक पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में वह गीडा की औद्योगिक प्रगति को और ऊंचाई देने के लिए 96 उद्यमियों को यूनिट लगाने के लिए 101 औद्योगिक भूमि के आवंटन का प्रमाण पत्र सौंपेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को जिस प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का औपचारिक उद्घाटन करेंगे वह भूमि आवंटन के दो साल से भी कम समय में बनकर तैयार हुई है। साथ ही उत्पादन भी शुरू हो चुका है। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल के मुताबिक तत्वा प्लास्टिक पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड को गीडा की तरफ से सेक्टर 26 में भूमि का आवंटन किया गया। इसे नवंबर 2021 में भूमि आवंटन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। भूमि आवंटन के दो साल से भी कम समय में करीब 22000 वर्गमीटर (236000 वर्गफुट) में यूनिट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। तत्वा प्लास्टिक के प्रबंध निदेशक गगन गोयल का कहना है कि कम्पनी की तरफ से अब तक यहां 110 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ ही यूनिट में उत्पादन भी शुरू किया जा चुका है। यूनिट शुरू होने से 200 लोग प्रत्यक्ष तथा 300 लोग परोक्ष (कुल 500) रोजगार से जुड़ चुके हैं। तत्वा प्लास्टिक के गीडा स्थित प्लांट की उत्पादन क्षमता 32000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है।

पीएम के नेतृत्व में विश्व में बढ़ रहा है भारत का गौरव

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ रहा है। वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए अब विश्व के देशों की आंखें भारत की ओर टकटकी लगाने लगी हैं। यह बातें उत्तर प्रदेश ग्राम्य सहकारी बैंक के सभापति संतराज यादव ने एकल नंबर दो में आयोजित मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। आगे संबोधन मे उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां देश में अभूतपूर्व चतुर्दिक विकास हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ मुगलों एवं अंग्रेजों के शासनकाल में हमारी विरासत के साथ हुई छेड़छाड़ को भी ठीक किया जा रहा है। मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव गांव से एकत्र की गई मिट्टी का प्रयोग कर दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। यह वाटिका देश के नौजवानों को मातृभूमि के गर्व की अनुभूति कराएगी। इस दौरान चरगावां के बीडीओ सत्य प्रकाश सिंह, ग्राम सचिव राजेश गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री रामानंद यादव, डीसीएफ के डायरेक्टर अजय प्रकाश यादव, एडीओ सहकारिता बृजेश कुमार राय, ग्राम प्रधान मीना देवी, रामधनी पासवान, राम सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस कमेटी ने आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। जिला कांग्रेस कमेटी कुशीनगर ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में बुधवार को हुए आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वही सरकार से इस हमले के जिम्मेदारों पर कठोर कार्यवाही करने के लिए मांग किया। जिला कांग्रेस कमेटी कुशीनगर के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह के नेतृत्व में शहीद हुए सैनिकों एवं पुलिसकर्मी के आत्मा को शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा रखी गई। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकियों के साथ एक एनकाउंटर में देश ने एक पुलिस अधिकारी एवं सेना के तीन जाबांज अफसर शहीद हो गए। पडरौना के कठकुईया मोड़ स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि देश के वीर सैनिकों को नमन करता हु। इस आतंकी घटना पर हम सब मे आक्रोश व्याप्त है। कड़े शब्दों में इस आतंकी घटना की निंदा करते हुए सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग करता हूं। इस तरह की आतंकी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के हर संभव प्रयास होना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनन्द मणि त्रिपाठी, एसएन त्रिपाठी, देशदीपक मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस दौरान अब्दुल हमीद, पूर्व सैनिक अनिल सिंह, वसिउल्लाह, अनिल यादव, शिवकुमार शर्मा, आरिफ, राहुल सिंह, अर्जुन, संतोष, मुर्तजा, फिरोज, प्रेम शर्मा, मोनू, अमीर, अजहर आदि लोग मौजूद रहे।

भूपेन्द्र के जिलाध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में खुशी

अवधनामा संवाददाता

- संघ और विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं भूपेन्द्र सिंह
- फर्श से अर्श तक पहुंचना भाजपा में ही संभवः डा रमापति राम त्रिपाठी

देवरिया। भूपेंद्र सिंह के जिला अध्यक्ष बनने पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद देवरिया डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने बधाई देते हुए कहा कि यह भाजपा में ही संभव है कि साधारण सा कार्यकर्ता फर्श से अर्श तक पहुंच सकता है। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के निर्णय की सराहना किया। इससे अन्य कार्यकर्ताओं में भी पार्टी के प्रति विश्वास और निष्ठा जागृत होगी।

भारतीय जनता पार्टी ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए आखिरकार शुक्रवार को गोरखपुर क्षेत्र के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी। देवरिया में दल के पुराने कार्यकर्ता भूपेन्द्र सिंह को पार्टी ने जिलाध्यक्ष बनाया है। विधानसभा क्षेत्र बरहज के विकास खण्ड बरहज के ग्राम भदीला दोयम निवासी भूपेंद्र सिंह छात्र जीवन से ही बहुत ही संघर्षशील और तेज तर्रार विद्यार्थी रहे। भूपेंद्र सिंह साधारण परिवार से आते हैं। छात्र जीवन से ही वह राष्टीय स्वयंसेवक संघ एवं विद्यार्थी परिषद से जुड़कर राष्ट्र सेवा में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए समाज में अपना एक स्थान बनाया। बचपन से ही उनके अंदर लोगों की मदद करना, सुख दुख में साथ खड़ा होना उनके व्यक्तित्व में शामिल रहा। विद्यार्थी परिषद में जिला संयोजक व विभाग संगठन मंत्री के रूप में कार्य करने के साथ ही साथ बीआरडीपीजी कॉलेज देवरिया के छात्र संघ के महामंत्री बने। छात्र राजनीति में अपनी एक अलग पहचान बनाई, छात्र जीवन से ही अपनी तेज तर्रार गतिविधियों के चलते बहुत ही कम समय में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में स्थान बना लिया। भाजपा के युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, मुख्य शाखा में जिला मंत्री, जिला उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। नगरपालिका में मनोनीत सभासद भी रहे। जिला योजना समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। साथ ही साथ चुनाव में पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारियां का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते रहे हैं। भाजपा में बड़े नेताओं में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद देवरिया डा.रमापतिराम त्रिपाठी, नितिन गडकरी से भूपेन्द्र सिंह के करीबी संबंध हैं। **भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहरः** देवरिया में भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने एक दूसरे से मिलकर बधाई दिया। सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने नई कॉलोनी स्थित पं. दीनदयाल पार्क में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, तथा उनके विचारों को याद किया। इस दौरान पूर्ण आत्मविश्वास से लबरेज भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मैं सदैव पंडित जी के विचारों पर चलूंगा एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक मजबूत संगठन बनाकर पार्टी के दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरसहः पालन करूंगा।

माननीयों ने जताई प्रसन्नता

कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सांसद कमलेश पासवान, रविंद्र कुशवाहा, विधायक गण क्रमशः जयप्रकाश निषाद, दीपक मिश्र शाका, सुरेंद्र चौरसिया, शलभ मणि त्रिपाठी, सभाकुंवर कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी, एमएलसी रतनपाल सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, सभी सम्मानित जिला पंचायत सदस्य गण एवं सभासद गण ने भी भूपेंद्र सिंह के जिलाध्यक्ष बनने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

आप कार्यकर्ताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अमेठी अवधनामा संवाददाता। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नगर स्थित पार्टी कार्यालय से मार्च निकालकर गांधी चौक में अनंतनाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। गत दिनों अनंतनाग के कोकेर नाग इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार जवान शहीद हुए थे। जिनमें करनल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनेक, डीएसपी हुमायूं भट, राइफलमैन रवि कुमार शहीद हुए थे। उनकी शहादत को नमन करते हुए शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सगरा तिराहे स्थित पार्टी कार्यालय से निकलकर गांधी चौक पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इनमें पार्टी नेता रत्नेश पांडे, मुनव्वर अली सैफी, धर्मेंद्र नाथ शुक्ला, पवन सरोज, हृदय नारायण, राज बहादुर पांडे, बृजेश तिवारी, सुनील विश्वकर्मा, जिलाजीत पांडे, केशव यादव आदि शामिल रहे।

नवागत सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने संभाला कार्यभार

देवरिया अवधनामा संवाददाता। नवागत सीडीओ एवं 2020 बैच के आईएएस अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे बरेली जनपद में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थे। नवागत सीडीओ ने आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग और आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए की पढ़ाई की है। इस अवसर पर सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि शासन द्वारा संचालित विकासपरक योजनाओं को जनहित में शासन की मंशानुरूप लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सीडीओ ने विकास भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

आयुष्मान भवः अभियान से संचारी व गैर संचारी रोगों पर होगा प्रहार

अवधनामा संवाददाता

- जिले के 260 सक्रिय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रत्येक शनिवार को लगेंगे आयुष्मान मेले

देवरिया। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आयुष्मान भवः अभियान के तहत संचारी और गैर संचारी रोग, मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाएं सम्बंधित कार्यों पर चर्चा की गई। इसके साथ अभियान को सफल बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई।

अभियान के संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा यह स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्यक्रमों का समावेशी अभियान है जिसके जरिये संचारी व गैर संचारी रोगों पर प्रहार के साथ-साथ मातृ, शिशु स्वास्थ्य व पोषण सेवाएं मजबूत होंगी। इसके अंतर्गत ही जिले के 260 सक्रिय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग थीम पर आयुष्मान मेले लगेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि अभियान की शुरूआत जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह के दिशा निर्देशन में 17 सितम्बर से होगी। इसके पांच घटक सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा और आयुष्मान ग्राम पंचायत या आयुष्मान अर्बन वार्ड हैं। प्रथम घटक सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान, स्वैच्छिक रक्तदान और अंगदान के संकल्प संबंधी आयोजन दो अक्टूबर तक चलेंगे। दूसरे घटक आयुष्मान आपके द्वार के तहत विभिन्न विभागों और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से आयुष्मान भारत योजना के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाया जाएगा ताकि ऐसे प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख तक के इलाज की सुविधा सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती होने के बाद मिल सके। डॉ झा ने बताया कि अभियान के तीसरे घटक आयुष्मान मेलों का स्वास्थ्य और पोषण की दृष्टि से काफी महत्व है। इसमें शनिवारीय मेले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लगाए जाएंगे। प्रथम शनिवार को उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

हरिकेवल प्रसाद सदन से लेकर सड़क तक गरीबों के हक के लिए संघर्ष किया: शाही

अवधनामा संवाददाता

सलेमपुर। सलेमपुर के बापू इण्टर कालेज के मैदान में पूर्व सांसद स्व0 हरिकेवल प्रसाद की 11वी पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त श्रद्धांजलि सभा मे कृषि उत्पादन वृद्धि के लिए कृषि प्रसार कृषि निवेश तथा तकनीकी प्रबंधन योजनांतर्गत विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी / मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न उपकरण का स्टाल लगाया गया।

सुनील यादव स्नेही ने कार्यक्रम का शुभारंभ लोकगीत से किया। कार्यक्रम के आयोजक सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा एवम भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवम शाल भेंटकर स्वागत किया। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि हरिकेवल प्रसाद का सपना था कि किसानों की आमदनी बढ़े। आज भाजपा सरकार में किसानों की आमदनी में कई गुने की बढ़ोतरी हो रही है। पिछली सरकारों में बस अल्पसंख्यक एवम एक विशेष समुदाय के लिए खजाना होता था।आज किसानों को किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के खातों में धन जाता है। श्री शाही ने कहा कि हरिकेवल प्रसाद का पूरा जीवन गांव, गरीब, किसान, दलित और वंचितों के लिए समर्पित रहा। सदन से लेकर सड़क तक गरीबों के हक के लिए संघर्ष किया। हरिकेवल प्रसाद के विचार,कार्य और संघर्षों का एक लंबी श्रृंखला है, जो लोगों में आज भी रचा बसा है। देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि हरिकेवल प्रसाद व्यक्ति नही विचार थे और लोगो की प्रेरणा थे। उन्होंने पूर्व सांसद के जीवन को संघर्षपूर्ण बताते हुए उससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्का मकान, बेहतर इलाज, अच्छी सड़कें हरिकेवल प्रसाद का सपना था, जिसे आज पीएम मोदी और सीएम योगी की सरकार साकार कर रही है।

विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों का डीएम ने किया समीक्षा, अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

अवधनामा ब्यूरो

- स्पष्ट रूप से जवाब न देने वालों के खिलाफ दिखे नाराज
- तैयारी करके ही बैठक में आने का दिया निर्देश

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में, जल निगम, बाढ़ खंड, सिंचाई खंड, आदि के कार्यों की समीक्षा की गई।

बाढ़ खण्ड की समीक्षा दौरान अधि0 अभि0 द्वारा 12 परियोजनाओं में 11 पूर्ण होने तथा एक परियोजना जो नौतार में रेगुलेटर के फाउंडेशन का कार्य पानी होने के कारण बंद बताई गई। इसके अलावे जिलाधिकारी द्वारा जनपद में बाढ़ की संभावना, कटान की स्थिति की जानकारी लेने सहित नारायणी नदी के सम्बन्ध में पूरी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने पूर्ण हुए कार्यों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गई। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में हो रहे कार्यों की जानकारी अधि0 अभि0 जल निगम ने देते हुए बताया कि कुल 453 परियोजनाओं में 904 ग्राम पंचायतों को आच्छादित किया जाना है। समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा ये पूछे जाने पर की उक्त योजना अंतर्गत क्या पूरा जनपद कवर हो जाएगा, जिसके क्रम में स्पष्ट उत्तर नही देने तथा जल जीवन मिशन हेतु कितने स्थानों पर भूमि की समस्या/विवाद है/कितने मामले कोर्ट में हैं सभी की जानकारी सम्बन्धित द्वारा स्पष्ट रूप से नही दिया गया, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने बैठक में तैयारी कर के आने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जनपदों में उक्त योजना अंतर्गत हो रहे कार्य समापन की ओर है, जबकि यहां 115 स्थानों के भूमि पर विवाद के कारण कार्य शुरू नही हो सका जो विभाग द्वारा लापरवाही प्रदर्शित हो रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यदायी संस्था, सहित सभी एई/जेई से भी कार्यों के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता से नहरों की सफाई, नहरों में टेल तक पानी व नहरों की कटान आदि की जानकारी ली गई।

जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित विभागाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रकार के लंबित कार्यों का यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए। सभी प्रकार की प्रगति संबंधी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाए। बैठक दौरान जिलाधिकारी द्वारा अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए।

दिसंबर 2024 तक पूरा होगा मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह और प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने शुक्रवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा के साथ तहसील तिलोई अंतर्गत निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं 200 शैय्या रेफरल चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चले की मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग अयोध्या द्वारा 301.1244 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता देवेंद्र सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण दिसंबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र सिंह ने मेडिकल कॉलेज का मॉडल दिखाया। उन्होंने बताया कि यहां कॉलेज के साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल बनाए जाएंगे इसके साथ ही यहां 300 बेड का अस्पताल भी बनाया जाएगा।

व्यापारियों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

फाजिलनगर, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। अघोषित बिजली कटौती और जर्जर तार बदलने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार मण्डल चौराखास के व्यापारियों ने अध्यक्ष विकास पाण्डेय के नेतृत्व में अधिशासी विद्युत का ज्ञापन सौंपते हुए मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दिया। अधिशासी अभियंता को दिए पत्रक में व्यापारियों ने बताया है कि बाजार सहित अगल बगल के गांवो में दशकों पूर्व लगे तार जर्जर हो जाने से आए दिन कहीं ना कहीं तार गिर जाते है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसके अलावे तार टूटने के वजह से कई कई दिन बिजली आपूर्ति भी बाधित हो जाती है इसके लिए बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता से कई बार शिकायत करते हुए तार बदलवाने की मांग किया जा चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। इसके अलावे कई गांवो में ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर भी जल जा रहे है जिसका क्षमता बुद्धि आवश्यक है। व्यापारियों के मांगो पर अधिशासी अभियंता राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सुधार का आश्वासन देते हुए आपूर्ति रोस्टर के अनुसार करने भरोसा दिलाया। इस दौरान अवनीश सिंह, प्रदीप राव, मनीष चंद कौशिक, रत्नेश प्रताप आदि मौजूद रहे।

महिला हेड कांस्टेबल के साथ रेप की पुष्टि नहीं: एसटीएफ

हाईकोर्ट में हाजिर एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि महिला के बयानों में बलात्कार की कोई बात नहीं

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर,प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में कोर्ट के आदेश से हाजिर एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि महिला हेड कांस्टेबल के साथ सरजू एक्सप्रेस ट्रेन में घटी घटना को लेकर शासन स्तर पर शख्स निर्देश जारी है। बताया गया की 7 सितंबर को समूचे घटना की जांच एसटीएफ को सौंप दी गई है और एसटीएफ ने विवेचना करते हुए घायल महिला कांस्टेबल का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान भी दर्ज कराया है। कोर्ट में उपस्थित एसटीएफ के सीओ ने बताया की महिला द्वारा दिए गए धारा 161 व 164 के बयानों में भिन्नता है। कहा गया कि महिला ने भी अपने बयानों में रेप की बात नहीं कही है।

एसटीएफ के अधिकारी ने कहा की घायल महिला की मानसिक स्थिति अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं है। इस कारण उसके बयानों में भिन्नता हो रही है। कोर्ट को बताया गया की महिला हेड कांस्टेबल के साथ सरयू एक्सप्रेस ट्रेन के जिस बोगी में घटना घटी है, वहां पर अंधेरा था और सीसीटीवी में कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा है। बताया गया की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह बात उभर

एसटीएफ में 26 लोगों की टीम कर रही है घटना की गंभीरता से जांच

कर आ रही है कि उसका प्रॉपर्टी को लेकर भी विवाद चल रहा है। कहा यह भी गया की घायल महिला ने घटना को लेकर अपने किसी भी बयान में किसी को इंगित नहीं किया है। घटना को लेकर अधिवक्ता राम कौशिक की याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर एवं जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने एसटीएफ के अधिकारी से पूछा की विवेचना में कितने लोगों को लगाया गया है तो इस पर बताया गया की कुल 26 लोग इस घटना का खुलासा करने के लिए एसटीएफ की तरफ से लगे हैं। कहा गया की शीघ्र ही हम लोग इस घटना का खुलासा कर लेंगे। बताया यह भी गया कि मेडिकल बोर्ड का भी गठन किया गया है और मेडिकल जांच में भी हेड कांस्टेबल घायल महिला के साथ रेप की पुष्टि नहीं हुई है। कोर्ट से जांच पूरी करने के लिए 3 सप्ताह के और समय की मांग की गई। अदालत ने इस केस की सुनवाई के लिए 3 सप्ताह बाद 9 अक्टूबर 2023 की तिथि निर्धारित की है। अदालत ने कोर्ट में कहा कि उसे जांच टीम पर पूरा भरोसा है। मालूम हो 30 अगस्त 2023 को प्रयागराज फाफामऊ से सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में बैठकर महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा पटेल ड्यूटी पर अयोध्या जा रही थी। वह अयोध्या हनुमानगढ़ी में ड्यूटी पर थी। रास्ते में ट्रेन में मनकापुर से अयोध्या के बीच रात्रि में घटना घटी थी जिसमें उसके चेहरे पर बुरी तरीके से वार कर मरणासन्न स्थिति में ट्रेन की सीट के नीचे छोड़ दिया गया था। इस घटना को लेकर मीडिया में काफी चर्चा थी जिस पर कोर्ट ने याचिका पर सरकार से जवाब तलब किया था।

पुलिस अधीक्षक ने परेड का किया निरीक्षण

ललितपुर। शुक्रवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा परेड की सलामी ली गयी। एसपी ने शस्त्र अभ्यास के दौरान शस्त्रों को खोलने ,जोड़ने व चलाने के दौरान बरतने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी का निरीक्षण किया गया। शस्त्रों की साफ- सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा परेड में शामिल पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

कश्मीर में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि अर्पित

ललितपुर। आम आदमी पार्टी ललितपुर जनपद शाखा ने आज पार्टी कार्यालय में हाल में ही कश्मीर में शहीद हुए मनप्रीत सिंह मेजर आशीष डीएसपी हुमायूं भट्ट और राइफल मैन रवि कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि को पार्टी की पदाधिकारी है और कार्यकर्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि देश जब बहुत कठिन समय से गुजर रहा है समय आतंकवादियों द्वारा जवान की हत्या कर देश देश को बहुत बड़ी छटी दी है दिया है अब इस तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी। श्रद्धांजलि सभा में बुंदेलखंड के अध्यक्ष विवेक जैन हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट बताइए आर रहमान रमेश शाह मीणा राजा सचिन यादव अक्षय यादव किसान मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष बुद्ध सिंह बुंदेला और आने को आदिवासी क्षेत्र की महिलाएं और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा कार्यक्रम का संचालन महासचिव अनूप ताम्रकार ने किया।

लाबारिस बालिका के सम्बंध में दें जानकारी

ललितपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि एक बालिका ''पायल'' (काल्पनिक नाम) आयु लगभग 06 वर्ष रंग गेहुआ है जो सड़क किनारे लावारिस हालात में थाना-बानपुर के पास मिली थी। उक्त बालिका के माता-पिता की काफी खोजबीन की गई परन्तु बालिका के बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिली। तत्पश्चात बालिका को दिनांक 10.05.2023 को किशोर न्याय देख-रेख एवं संरक्षण अधिनियम 2000 के अंतर्गत राजकीय बालगृह (शिशु)/दत्तक ग्रहण इकाई आगरा में दाखिला करा दिया गया है। उक्त बालिका के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी जिला प्रोबेशन कार्यालय, ललितपुर को अवगत कराए, ताकि बालिका के माता-पिता को ढूंढा जा सके।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के लिए चला हर घर मिट्टी हल्दी अक्षत अभियान

बहराइच। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के लिए घर-घर और गांव गांव की मिट्टी इकट्ठा करने का अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान के द्वारा क्षेत्र पंचायत तेजवापुर के ग्राम पंचायत बिज्जौवापुर में प्रधान व पांचों द्वार अमृत कलश में हर घर की मिट्टी व हल्दी अक्षत को इकट्ठा किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की उत्तराधिकारी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस इस पर निर्मल शुक्ला, सूरज शुक्ला, रोहित मौर्या, चांद बाबू, मंगल प्रसाद फूलन देवी, नूरजहां व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

बच्चों का भविष्य उज्वल करने के लिये शासन से मिलेगा सहयोग: पूजा

अवधनामा संवाददाता

निपुण आकलन परीक्षा का स्थलीय निरीक्षण करने अशोका पहुंची एडीएम

बहराइच। जनपद में आज निपुण आकलन परीक्षा सकुशल संपन्न हुई जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा इस परीक्षा को सकुशल और पारदर्शी बनाए जाने के उद्देश्य से बनाई गई अधिकारीयों कर्मचारियों की लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए सभी ने अपना अपना पूरा सहयोग दिया वही जिले के शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस परीक्षा में अपनी पूरी लगन और मेहनत के साथ शत प्रतिशत बच्चों को परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए लगातार अभिभावकों से संपर्क करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी कड़ी में आज निपुण आकलन परीक्षा के दौरान विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत अशोका के प्राथमिक विद्यालय में उप जिलाधिकारी सदर पूजा यादव खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर ने पहुंच कर चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम ने बच्चों से परीक्षा शिक्षा का स्तर तथा स्कूल से मिलने वाली योजनाओं प्रशासन द्वारा दी जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल करते हुए बच्चो की कापियों को देखा गया।इसके बाद बच्चो के लिए बनाए गए मध्यान भोजन को बच्चो के पास बैठकर खाते हुए उन्होंने इस विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए श्री राजकिशोर ने अमीनपुर नगरौर डीहा अहिरौरा चिलवरिया सहित विकास खण्ड के अनेकों स्कूलों का निरीक्षण करते हुए चल रही परीक्षा की लगातार निगरानी करते रहे।

हिंदी दिवस पर न्यायालय में आयोजित हुई संगोष्ठी

गोण्डा। जनपद न्यायालय गोण्डा के वीडियो कान्फ्रेन्सिंग हाल में समस्त न्यायिक अधिकारी के मध्य राजभाषा हिन्दी की महत्ता नामक विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गोण्डा रीता गुप्ता एवं जनपद न्यायालय तथा परिवार न्यायालय गोण्डा के समस्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज/एफटीसी द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि हिन्दी हमारी राजभाषा है, हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी को राजभाषा बनाने का भी निर्णय लिया गया। इस संगोष्ठी में जनपद न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारीगण को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी न्यायिक अधिकारीगण अपने आदेशों को हिन्दी में लिखें, जिससे वादकारीगण आपके द्वारा पारित निर्णय को पढ़कर समझ सकें कि आप के द्वारा वाद में क्या निर्णय पारित किया गया है।

श्री नरसिंह मंदिर प्रांगण में 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक होगा श्री रामलीला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। श्री नरसिंह मंदिर परिसर में ललितपुर नगर के गणमान्य नागरिकों की एक बैठक श्री नरसिंह मंदिर के पूज्य महंत गंगादास जी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्री नरसिंह रामलीला मंच पर विगत 53 वर्ष से आयोजित होने वाली श्री रामलीला आयोजन के विषय में निर्णय लिया गया। तदानुसार दिनांक 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक 54 में रामलीला महोत्सव का आयोजन श्री नरसिंह मंदिर के तत्वावधान में परम पूज्य जगद्गुरु मलूक पीठाधीश्वर महाराज जी की अध्यक्षता में करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महंत श्री गंगा दास जी महाराज ने कहा कि ललितपुर नगर में पिछले 53 वर्ष से जो श्री रामलीला का आयोजन होता आ रहा है इस वर्ष पुनः भव्यता के साथ 13 अक्टूबर से प्रारंभ होगा उन्होंने कहा कि श्री रामलीला का आयोजन संपूर्ण ललितपुर नगर वासियों का है तथा सभी नगरवासी इसके व्यवस्थापक हैं सभी श्री रामलीला महोत्सव को अपना आयोजन समझकर सहयोग करें एवं सफलतापूर्वक संपन्न करायें, उन्होंने कहा कि नगर के उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन किया जायेगा, बैठक में श्री रामलीला महोत्सव के आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु व्यवस्थापक मंडल एवं विशेष सहयोगी मंडल का गठन किया गया। बैठक में 25 सितंबर को होने वाले जल विहार महोत्सव की रूपरेखा भी तय की गई तदनंतर 25 सितंबर को नगर के सभी मंदिरों देवालयों के दिव्यतम भगवद् विग्रहों का एक साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री नरसिंह मंदिर परिसर में सुमेरा तालाब पर जल विहार कराया जाएगा एवं आरती पूजन सम्पन्न होगी। इस अवसर पर नगरपालिका का अध्यक्ष के प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन ने कहा कि जलविहार पर्व पर सुमेरा तालाब सहित नगर में भव्यतम तैयारी कराई जाएगी, बैठक में उपस्थित सदर विधायक राम रतन कुशवाहा एडवोकेट ने कहा कि ललितपुर नगर में सबसे प्राचीन जो रामलीला के आयोजन की परंपरा चली आ रही है इस वर्ष और भी भव्यता के साथ सभी नगरवासी मिलकर श्री रामलीला के आयोजन को सफल बनाएंगे।

सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर विद्युत कनेक्शन किसी भी दशा में होना चाहिए: डॉ. अग्रवाल

अवधनामा संवाददाता

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की फिजिकल एवं फाइनेंशियल रिव्यू की मंडलीय बैठक सम्पन्न

बहराइच। जनपद में आज अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉक्टर एचडी अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडलीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की फिजिकल एवं फाइनेंशियल रिव्यू बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच के सभागार में किया गया। बैठक में मंडल स्तर पर वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियां की समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को प्रगति में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में मंडल स्तर पर गर्भवती पंजीकरण, ई कवच पोर्टल, आरसीएच पोर्टल, आयुष्मान भव अभियान, डीवीडीएमएस पोर्टल, जन आरोग्य समिति, परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, आरबीएसके वाहन अनुबंध, पर्यवेक्षक चेकलिस्ट, स्नत्र की क्रियाशीलता HWC पोर्टल पर दावों की उपलब्धता एवं ई संजीवनी पर टेली कंसल्टेशन आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। डॉ अग्रवाल ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर विद्युत कनेक्शन शत प्रतिशत सुनिश्चित करना है एवं सभी सी एच ओ को लैपटॉप जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर जन आरोग्य समिति का खाता जल्द से जल्द खुलवाया जाए एवं ई संजीवनी पर टेली कंसल्टेशन अधिक से अधिक किया जाए सभी मंडलीय पर जिला स्तरीय अधिकारी सपोर्टिंग सुपरवीजन की चेकलिस्ट भरना सुनिश्चित करें एवं साथ ही सभी प्रथम संदर्भ इकाइयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए।उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रावस्ती सभी जिलों के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक, मंडलीय लेखा प्रबंधक, मंडलीय अर्बन हेल्थ कंसलटेंट, मंडलीय फैमिली मैनेजर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस, प्रबंधक जिला अकाउंट मैनेजर समेत सभी कार्यक्रमो के कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

रिश्वतखोरी में फार्मासिस्ट अटैच, हटाए गए अधीक्षक

अवधनामा संवाददाता

सीएमओ ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई

सुल्तानपुर,मोतिगरपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रैबीज के इंजेक्शजन का पैसा लेते हुए एक फार्मासिस्ट का वीडियो वायरल हो गया। इस पर सीएमओ ने फार्मासिस्ट को अपने कार्यालय से अटैच करते हुए जांच शुरू करा दी जबकि सीएचसी अधीक्षक को वहां से हटाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया गया है।मोतिगरपुर में रैबीज के इंजेक्शन का 50-50 रुपये लिए जाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एक युवक से 500 रुपये लेते हुए फार्मासिस्ट का वीडियो वायरल हो गया। पैसा देने वाले ने आरोप लगाया है कि हर बार इंजेक्शन के पचास रुपये यहां लिए जाते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर सीएमओ डॉ. ओम प्रकाश चौधरी ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच शुरू करा दी है। सीएमओ ने बताया कि जांच कमेटी में एसीएमओ डॉ. राधा वल्लभ,डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी और एओ योगेंद्र सिंह शामिल हैं। वीडियो में दिख रहे फार्मासिस्ट कमलेश्वर प्रसाद पांडेय को कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ.शैलेश को हटाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमऊ जासरपुर में तैनात कर दिया गया है। उनके स्थान पर वहां तैनात डॉ. गिरीशचंद्र को अधीक्षक बनाया गया है।

अस्पताल में बांटा निशुल्क भोजन

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के सदस्यों में हर गुरुवार की शाम जरुरतमंदों की सेवा- भाव का गजब का उत्साह दिखाई पड़ता है । स्वशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के सामने निशुल्क भोजन मरीज और तीमारदारों उपलब्ध कराया। स्वाशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज में साप्ताहिक निशुल्क रसोईया का संचालन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में 9 माह से संचालित हो रहा है परिस्थितियों चाहे जो हो संस्था के सदस्य अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। गुरुवार की शाम सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज आजाद सेवा समिति अध्यक्ष अशोक सिंह ने भोजन वितरण का शुभारंभ किया ।उन्होंने कहा भूखे को मुफ्त खाना उपलब्ध कराना जिंदगी और मौत से जूझ रहे मरीजो को खून उपलब्ध कराने पर राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की प्रसंशा और सराहना किया। निःशुल्क भोजन वितरण और रक्तदान के क्षेत्र में सगठन सराहनीय एव पुनीत कार्य कर रहा है। कार्यकर्ताओं में सेवा- भाव को लेकर गजब का उत्साह रहा। लगभग चार सौ लोगों को निशुल्क रसोईया से रोटी , चावल, सब्जी,दाल थाली में भोजन परोसकर जरूरत मंदों को वितरित किया। संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने कहा कि सीधे जरुतमन्दों को निःशुल्क भोजन परोसकर आत्मसन्तुष्टि प्राप्त होती है। दानी सज्जनों प्रकट किया जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उक्त मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, रिजवान खान , सुहेल सिद्दीकी, मोहम्मद मुजतबा अंसारी, डॉक्टर शादाब खान, सिकंदर वर्मा, जितेंद्र मौर्य, विनय पांडेय, रमन तिवारी, राशिद खान,राशिद वर्दी टेलर्स,इस्लाम खान पप्पू, माता प्रसाद, बैजनाथ प्रजापति ,अता हुसैन, मुहम्मद सरफराज मेराज अहमद आदि शामिल रहे।

विश्व को बाजार मानने से व्यापार व परिवार मानने से प्यार बढ़ेगा

सुलतानपुर। भारतीय संस्कृति पूरी पृथ्वी को अपना परिवार इसलिए मानती है क्योंकि जब हम विश्व को बाजार के रुप में देखेंगे तो व्यापार बढ़ेगा और परिवार के रुप में देखेंगे तो प्यार बढ़ेगा । यह बातें प्रख्यात चिकित्सक डॉ.जे.पी.सिंह ने कहीं। वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यशाला को भारतीय परिवार एवं संस्कार विषय पर बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केवल रक्त सम्बन्ध ही परिवार नहीं है । परिवार एक आत्मीय भाव है जो भारतीय संस्कृति की विशेषता है। भूत, वर्तमान और भविष्य में सामंजस्य बिठाकर ही परिवार को सुदृढ़ किया जा सकता है। विषय प्रवर्तन करते हुए कुटुम्ब प्रबोधन के विभाग संयोजक शिव नरायण तिवारी ने कहा कि युवा पीढ़ी के भटकाव के लिए बुजुर्ग पीढ़ी जिम्मेदार है। सनातन परम्परा से जुड़कर ही हम देश को विकसित बना सकते हैं। संचालन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ.अमित तिवारी, स्वागत पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर एम पी सिंह व आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर निशा सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विशेष सचिव को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद के दौरे पर आए विशेष सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा उत्तर प्रदेश को आशा एवं आशा संगिनी के बकाया भुगतान एवं अत्यधिक कार्य लिये जाने से संबंधित एक ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष किरन शुक्ला ने सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आशा एवं आशा संगिनियां का कोई भी भुगतान समय से नहीं कराया जाता है। इस विषय में जब वे अपने उच्चाधिकारियों से बात करते है तो उन्हे यह बताया जाता है कि आपका पैसा अभी शासन से ही नही आया है। उन लोगों से उनके मुख्य कार्य जननी सुरक्षा एवं शिशु देखभाल के अलावा भी अनेक कार्य लिये जाते है, जिससे उनका मुख्य कार्य प्रभावित होता है। किसी भी राष्ट्रीय कार्यकम का भुगतान भी उन्हें समय से नहीं मिलता है। जिससे उन्हें दैनिक जीवन यापन में भी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूरे जनपद में हम महिलाओ के लिए किसी भी सी0एच0सी0 या पी0एच0सी0 पर कोई भी कक्ष नही है जहां वे कुछ देर के लिए बैठ सके। उन्हे मिलने वाली छोटी छोटी धनराशि को एक साथ व एक मुश्त दिलाये जाए। आशा संगिनियों को 24,000 / एवं आशा बहुओं को 18,000 मानदेय दिलाये जाए। पूरे जनपद का लंबित एवं वर्तमान सी0एच0ओ0 का भुगतान भी कराये जाए। उक्त मौके पर अध्यक्ष भदैयाँ सुमन शुक्ला, उमा सिंह ,अर्चना तिवारी,मीरा सिंह, लता सिंह,अंजली पान्डे, संगीता पान्डे, कुसुम यादवा ,उर्मिला पांडे, शशिसिंह ,संतोष तिवारी, सुमा सिंह,कुमकुम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

हर इंसान हुसैनी बने इंसानियत की खिदमत करें: मौलाना मंज़र

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। वक़्फ़ इमामबाड़ा हयातनगर मे मजलिस को सम्बोधित करते हुये मौलाना डॉ मंज़र अली ने कहा ये वो ज़माना हैं की तमाम मुसलमानो को असहाबे इमामे हुसैन अलैहिसालाम के जैसा बनने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा की मुसलमान की पहचान रही है की वह हमेशा मज़लूमो की मदद करता रहा है और कर रहा है। आपसी भाईचारा गैर मुस्लिमो के सुख, दुख मे शामिल होकर भाईचारे को और मज़बूत करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा की अपने पड़ोसी को देखे की कही वह भूखा तो नहीं है,वह चाहे किसी भी धर्म, ज़ात मज़हब का हो उसकी मदद करना हर एक इंसान का फर्ज़ है। मौलाना ने अली अकबर का दर्दनाक मसायब पढ़ा जिसे सुनकर सभी की आँखे नम हो गयी। मजलिस के बाद अंजुमन असगरिया रजिस्टर्ड ने नौहा मातम किया मजलिस मे बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहें यह जानकारी कमेटी तमन्ना ए मूसा के अध्यक्ष कायम मेंहदी चाँद ने दी।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु (दोहरी पैकेट प्रणाली) ई–निविदा, जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **06.10.2023** को **11:30 बजे** तक है, आमंत्रित की जाती है।

1	**निविदा संख्या :** 14-CPM-GSU-LKO-2023-24
2	**कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में जंघई – फाफामऊ के मध्य सरायचन्डी यार्ड में समपार संख्या 34-सी के स्थान पर (एंड टू एंड एप्रोच सहित) 2 लेन रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य।
3	**अनुमानित लागत :** रु. 4657.31 लाख
4	**धरोहर राशि :** रु. 24,78,700/-
5	**कार्य समापन की अवधि :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से पंद्रह माह।
6	**निविदा डालने का प्रारंभ :** 22.09.2023
7	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 06.10.2023, 11:30 बजे
8	**वेबसाईट :** www.ireps.gov.in

नोट:- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **2865/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	**19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.09.2023 at 12.00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.09.2023 at 12:30 hrs.
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	**20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3(Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.09.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.09.2023 at 12:40 hrs.
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	**14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.09.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.09.2023 at 12:50 hrs.
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	**14262-SLR-R1-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.09.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.09.2023 at 13:00 hrs.
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	**22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.09.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.09.2023 at 13:10 hrs.
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	**22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1(Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.09.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.09.2023 at 13:20 hrs.
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	**14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.09.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.09.2023 at 13:30 hrs.
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders	E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **2839/23**

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे०
नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:	**1.** ADVT-LKO-KHNM-OH-476-23-1; **2.** ADVT-LKO-PRG-OH-472-23-1; **3.** ADVT-LKO-PRG-OH-471-23-1; **4.** ADVT-LKO-PRG-OH-113-23-2; **5.** ADVT-LKO-PRG-OH-469-23-1; **6.** ADVT-LKO-PRG-OH-111-23-1; **7.** ADVT-LKO-KHNM-OH-475-23-1; **8.** ADVT-LKO-LGO-OH-473-23-1; **9.** ADVT-LKO-PRG-OH-110-23-1; **10.** ADVT-LKO-GRMR-OH-477-23-1; **11.** ADVT-LKO-KHNM-OH-474-23-1
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.09.2023 at 13:00 hrs.
नीलामी बंद करने की तिथि व समय	**1.** 28.09.2023 at 13:30 hrs. **2.** 28.09.2023 at 13:40 hrs. **3.** 28.09.2023 at 13:50 hrs. **4.** 28.09.2023 at 14:00 hrs. **5.** 28.09.2023 at 14:10 hrs. **6.** 28.09.2023 at 14:20 hrs. **7.** 28.09.2023 at 14:30 hrs. **8.** 28.09.2023 at 14:40 hrs. **9.** 28.09.2023 at 14:50 hrs. **10.** 28.09.2023 at 15:00 hrs. **11.** 28.09.2023 at 15:10 hrs.
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

2857/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सरकार की योजनाओं पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लगा रही पलीता

बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र पर इंतजार करते मासूम बच्चे

अवधनामा संवाददाता

राठ-हमीरपुर। गोहाण्ड ब्लॉक के ग्राम मंगरौठ में संचालित तीन आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकत्रियों के न पहुंचने पर मासूमों को बेरंग वहां से लौटना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। बताते चलें कि शासन ने तीन वर्ष तक के मासूम बच्चों को घरेलू शिक्षा व पोषाहार उपलब्ध कराने सहित उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु गांव, कस्बा व मोहल्ले में आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कराया जा रहा है। जिनमें मासूम को उक्त सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गोहांड ब्लाक के मंगरौठ गांव में संचालित तीन आंगनबाड़ी केंद्रों में अधिकांशत कार्यकत्रियों व उनकी सहायिकाओं के न पहुंचने पर ताला लटका रहता है। सुबह जब छोटे-छोटे मासूम बच्चे उन आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचे तो वहां काफी देर तक जब कोई नहीं पहुंचा तो मासूमों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में जब जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया है।

विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों से ली मिट्टी व चावल

अवधनामा संवाददाता

राठ-हमीरपुर। बीती शाम नगर की अतरौलिया मोहल्ला में क्षेत्रीय विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों से एक मुट्ठी चावल व एक मुट्ठी मिट्टी घड़े में ली। इस दौरान भारी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। भाजपा के जिला महामंत्री उमाकांत राजपूत के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती संतराम राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया व राठ ब्लॉक प्रमुख रामदुलारी अनुरागी ने नगर के मोहल्ला अतरौलिया में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत गलियों में घूम-घूम कर मोहल्ले वासियों से एक मुट्ठी मिट्टी व एक मुट्ठी चावल लिया। क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि इस एक मुट्ठी मिट्टी व एक मुट्ठी चावल को प्रत्येक घर से लेने के पीछे पार्टी की मंशा है कि इस मिट्टी व चावल से शहीदों के लिए बहुत बड़ा स्मारक बनाया जाएगा। जिसमें देश के सभी लोगों का मिट्टी व चावल के द्वारा सहयोग होगा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, भाजपा के जिला मंत्री देवी सिंह, स्वर्णकार धर्मशाला अध्यक्ष बृजभूषण दाऊ, नगर अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, महामन्त्री दीपू मुंशी, नगर उपाध्यक्ष महेंद्र गांधी, भाजयुमो जिला महामंत्री राजीव आर्य, उदित नारायण त्रिपाठी सहित अनेकों भाजपाई मौजूद रहे।

जन जन की है यहीं पुकार कुपोषण मुक्त हो चोपन हमार

चोपन/सोनभद्र अवधनामा संवाददाता। स्थानीय ब्लॉक में नवागत बाल विकास परियोजना अधिकारी हरिमोहन द्वारा पोषण माह के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु आंगनवाड़ी बहनो की क्षमता वर्धन के लिए एक बैठक किया गया। साथ ही पोषण रैली का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना हरिमोहन ने पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार पाण्डेय यूनिसेफ से रोहित द्वारा सभी आंगनबाड़ी बहनों को पुरे माह भर पोषण माह के अंतर्गत सभी लाभार्थी गर्भवती, किशोरी, धात्री एवं 6 वर्ष तक के सभी बच्चों को घर-घर जाकर कुपोषण दूर करने हेतु सही खान पान देखभाल सहित टीकाकरण के लिए जागरूक करना है एवं ग्राम सभा स्तर पर स्वास्थ्य विभाग एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से व्यापक स्तर पर जन जागरूकता का आयोजन करने हेतु प्रोत्साहित किया उक्त कार्यक्रम मे यूपीटीएसयू से सुजीत ब्लॉक कोर्डिनेटर हरिओम, मुख्य सेविका विनीता देवी, शिला देवी समेत सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थीं।

एनटीपीसी रिहंद में स्लोगन प्रतियोगिता



सोनभद्र/बीजपुर अवधनामा संवाददाता। एनटीपीसी रिहंद में राजभाषा अनुभाग द्वारा हिन्दी के संवर्धन हेतु मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े के दौरान हिन्दी से हमारी पहचान विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित कर्मचारी विकास केंद्र में किया गया। कार्यक्रम एनटीपीसी कर्मचारियों, सहयोगी संस्थाओं के कर्मचारियों तथा टाउनशिप की महिलाओं ने हिस्सा लेकर अपने भाव रखे। प्रतियोगिता का आयोजन मानव संसाधन विभाग के राजभाषा अनुभाग के दिशा-निर्देशों में हुआ। प्रतिभागियों ने नारा लिख कर बतया की भाषाओं में हिन्दी भाषा ही सर्वश्रेष्ठ है। कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में किया गया। प्रथम चरण एनटीपीसी कर्मचारियों के लिए था जिसमें पहले कर्मचारियों का पंजीकरण कराया गया। द्वितीय चरण में कार्यक्रम का आयोजन सहयोगी संस्थाओं के कर्मचारियों हेतु किया गया तथा तीसरे चरण में टाउनशिप की महिलाओं के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सबसे पहले उन्हे पंजीकृत होना पड़ा उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

हार्ट और लंग रोग पर ओपीडी आज

बांदा अवधनामा संवाददाता। देश में बढ़ते हार्ट रोगियों व लंग रोगियों के समय रहते उपचार के लिये आगामी 16 सितंबर को आगरा में इन्स्टीट्यूट आफ़ हार्ट लंग डिसीज रिसर्च सेंटर (आईएचएलडी) के लांन्चिग के अवसर पर सुबह ओपीडी की जायेगी। यह जानकारी आईएचएलडी के चेयरमैन डाक्टर राहुल चंदोला ने दी। उन्होंने बताया कि हार्ट एवं लंग रोगियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए और समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए। ताकि समय रहते बेहतरीन उपचार हो सके। डाक्टर राहुल चंदोला ने बताया कि आईएचएलडी का मुख्य उद्देश्य गरीबों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में जागरुकता के अभाव में हार्ट और लंग जैसी बीमारी तेजी से फैल रही है। जिसमें बच्चे ,युवा और बुजुर्ग भी शामिल है।

हिन्दी भाषा का अपना विशेष महत्व

जिला न्यायालय में आयोजित किया गया हिंदी दिवस समारोह

अवधनामा संवाददाता

बांदा। जनपद न्यायाधीश डा. बब्बू सारंग की अध्यक्षता में अखिल भारतीय हिन्दी विधि प्रतिष्ठान के तत्वावधान में हिन्दी दिवस समारोह का जिला न्यायालय भवन में आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि हिन्दी भाषा का अपना विशेष महत्व है एवं यह भाषा अधिकतम लोंगो द्वारा प्रयोग की जाती है। हिन्दी भाषा का विस्तार हो रहा है और न्यायालयों के कार्यो में भी हिन्दी भाषा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

हिन्दी हमारी मातृ भाषा है, जो कि सरल एवं आसानी से लोंगो को समझ आने वाली भाषा है। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने हिन्दी भाषा में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोंगो जिसमें अपर जिला न्यायाधीश निरंजन कुमार, अखिलेश प्रकाश, शमीम अहमद, मनोज कुमार द्वितीय को सारस्वत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश मोहम्मद कमरूज्जमा खान ने कहा कि इस

आयोजन का उद्देश्य राजभाषा हिन्दी को अग्रणी भाषा के रूप में विकसित करने के साथ इसका यथोचित सम्मान मिलना चाहिए, इसलिए सभी के द्वारा अपने कार्यों में इस भाषा को अपनाया जाए। हिन्दी भाषा का विश्व पटल पर प्रभाव व उपयोग बढता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि हिन्दी भाषा कई देशों में जानी व समझी जाती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा को और आगे बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करें। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार निर्णयों को हिन्दी में अनुवाद किया जा रहा है, इससे स्पष्ट है कि न्यायालय हिन्दी भाषा के उपयोग हेतु संवेदनशील हैं। अपर जिला जज गुणेंद्र प्रकाश ने संपूर्ण विश्व में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता, 14 सितंबर 1949 से अद्यतन हिंदी के भारत में उत्तरोत्तर विकास और उसे राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराए जाने के प्रयास बताएं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट भगवान दास गुप्ता ने हिन्दी दिवस के अवसर पर लोंगो को बधाई देते हुए कहा कि हिन्दी भाषा दुनिया के कई बडे विश्व विद्यालयों में पढाई जाती है। उन्होंने हिन्दी भाषा के शब्दकोष बढ़ाये जाने पर एवं हिन्दी भाषा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। उन्होंने हिन्दी भाषा को और समृद्धशील बनाने के लिए इसका अधिक से अधिक लोंगो द्वारा उपयोग करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वरूणा वशिष्ठ सिविल जज जूनियर डिवीजन ने कहा कि हिन्दी भाषा सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत को बढाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा के महत्व को समझें और अधिक से अधिक लोग हिन्दी सीखें और अन्य लोंगो को भी हिन्दी भाषा का ज्ञान कराएं। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश दुबे ने कहा कि हिंदी भाषा सरल, संस्कार युक्त व समृद्धसल भाषा है। इस अवसर पर डा. रामगोपाल गुप्ता, डा. चन्द्रिका प्रसाद ललित, जवाहरलाल जलज, जगन्नाथ पाठक ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवं इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये। जनपद न्यायालय के समस्त न्यायाधीशों सहित अधिवक्तागण सुशील कुमार तिवारी, बीपी पाण्डेय, प्रमोद कुमार द्विवेदी एवं साहित्यकार, कवि एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

नंदलाल गुप्ता बने भाजपा जिलाध्यक्ष

सोनभद्र/ दुद्धी अवधनामा संवाददाता। काशी क्षेत्र से भाजपा जिला अध्यक्षों की सूची जारी होते ही कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखा जा रहा था कि जनपद सोनभद्र के जिला अध्यक्ष की घोषणा दुद्धी विधानसभा 403 म्योरपुर ब्लॉक कुदरी निवासी नंदलाल गुप्ता का नाम जिलाध्यक्ष के रूप में जारी होने पर सभी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में दुद्धी तहसील तिराहे पर दुद्धी मंडल सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया और हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि कई वर्षों के बाद दुद्धी दक्षिणांचल क्षेत्र पिछड़े वर्ग के कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिससे शीर्ष नेतृत्व को लोगो सराहा है। इस मौके पर मनोज मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, दिलीप पांडे जिला मंत्री, संजू तिवारी, सुमित सोनी, आनंद अग्रहरि, राहुल अग्रहरि, मनीष जायसवाल, अजय चंद्रवंशी, रवि सिंह, अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य कार्यकर्ता व लोग उपस्थित रहे।

आदित्य बिरला इंटर कॉलेज डाला ने मारी बाजी

चोपन/सोनभद्र अवधनामा संवाददाता। शुक्रवार को जनपदीय माध्यमिक विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रेल कर्मचारी इंटर कॉलेज के तत्वाधान में रेलवे फुटबाल मैदान में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज रावटसगंज, गुरुद्वारा इंटर कॉलेज चोपन, ओबरा इंटरमीडिएट कॉलेज, आदित्य बिरला इंटर कॉलेज रेणुकूट तथा आदित्य बिरला इंटर कॉलेज डाला की टीम ने प्रतिभा किया। मेजबान विद्यालय रेल कर्मचारी इंटर कॉलेज चोपन ने भी उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभा किया। आज के मैच का शुभारंभ मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अरविंद कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

उदित की मौत को हादसा मान रही थी पुलिस पीएम रिपोर्ट में हुआ हत्या का खुलासा

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में खेत की रखवाली करने गया युवक रेलवे ट्रैक पर मरणासन्न हालात में मिलने से सनसनी फैल गयी।गॉव वालो की सूचना पर परिजन मौके पर पहुँचे और उसे आनन फानन में मेडिकल कॉलेज लेकर गए जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजन शव को लेकर वापस घर लौट आये।इसके बाद सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।तो वहीं पुलिस प्रथम दृष्ट्या मामले को हत्या नही महज हादसा मांन रही थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक के सिर पर जोरदार प्रहार किया गया जिससे उसके सिर की हड्डी चकनाचूर हो गयी और उसकी मौत हो गयी। मामले में करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है

और पांच लोगों को नामजद किया है। पूरा मामला शाहजहांपुर के थाना निगोही के ग्राम अरेली इस्माईलपुर का है जहाँ के रहने वाले अरविंद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा उदित प्रकाश सिंह 03 सितंबर की रात घर से खेत की रखवाली करने गया था।

सुबह पांच बजे गॉव के लोगो ने बताया कि वह घायल अवस्था मे रेलवे लाईन पर पड़ा है। परिजन जब वहाँ पहुँचे तो उदित की सांसे चल रही

खेत की रखवाली करने गया था सुबह रेलवे लाईन पर पड़ा मिला था उदित

थी। उदित के सिर, कंधे, पीठ पर गहरे घाव थे।मेडिकल कॉलेज में उसे मृत घोषित कर दिया गया। लेकिन पुलिस इस मामले को हत्या नही बल्कि हादसा मांन रही थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी भारी चीज से उसके सिर पर वार किया गया जिससे उसकी मौत हुई।अब इस मामले में मृतक के पिता अरविंद सिंह ने बब्लू सिंह,रंजीत सिंह,अरुण सिंह, रतिभान सिंह व रजनीश सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।लेकिन हत्या में नामजद होने के बाद भी सभी आरोपी खुलेआम गॉव में घूम रहे हैं। इस पूरे मामले में एएसपी सिटी सुधीर जयसवाल ने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है जो तथ्य सामने आएंगे कार्यवाही की जाएगी।

कीटनाशी लाइसेन्स के लिए करे आवेदन

हमीरपुर। जिला कृषि अधिकारी डॉ इन्द्रेषु कुमार गौतम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कीटनाशक विक्रय करने हेतु कीटनाशक विक्रेता को कृषि विज्ञान, जैव रसायनख जैव प्राद्योगिकी जीवन विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान या प्राणी विज्ञान में स्नातक डिग्री या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से कृषि या बागवानी में एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम के रूप में न्यूनतम अर्हता नही रखते है, उन्हे शैक्षिक अर्हता प्रदान करने हेतु दो वर्ष का समय दिया गया था, जिसके उपरान्त भी समय-समय पर शैक्षिक योग्यता पूर्ण करने हेतु समय दिया जाता रहा है। जिसकी अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित कर दी गई है। उक्त के संदर्भ में सभी को निर्देशित किया जाता है, जो भी कीटनाशक विक्रेता उक्त शैक्षिक योग्यता की अर्हता नही रखते है, वे हैदराबाद द्वारा संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इन मैनेजमेंट फॉर इनसेक्टीसाइड डीलर्स/डिस्ट्रीब्यूटर्स का 12 सप्ताह 12 दिवसीय का कोर्स करने हेतु दिनांक-15.09.2023 तक कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर प्रार्थना पत्र जमा कर दें।

युवा व बेदाग सुनील पाठक बने बीजेपी के जिलाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। उप चुनाव आमातौर से सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशी का ही माना जाता है ऐसा बहुत कम होता जब सत्ताधारी पार्टी का प्रत्याशी उप चुनाव में पराजित हो जाए लेकिन हाल ही मे हुए घोसी उपचुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को मिली करारी हार से सबक लेते हुए उत्तर प्रदेश के संगठन मे बड़ा बदलाव किया है। यह सब 2024 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है। संगठन को नए सिरे से मजबूत करने बीजेपी जुट चुकी है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को यूपी की कमान संभाले एक साल से अधिक का समय हो गया है, लेकिन अभी तक 2024 के लिए जिलों की टीम तैयार नहीं हो पाई थीं । लगभग एक महीनो से चल रही चर्चा पर आज विराम लग गया जब उत्तर प्रदेश के सभी नए जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी गयी। बता दें उत्तर प्रदेश में 33 से

अधिक जिलों के अध्यक्षों के बदले जानें की उम्मीद थी जिन की घोषणा शुक्रवार को हो गयी। भारतीय जनता पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव को मद्देनजर दखते हुए संगठन में विशेष कर जिलों में नई टीम तैयार कर रही है।और ऐसे सभी जिला अध्यक्ष को बदलनें की योजना है जो लम्बे समय से कार्यभार संभाल रहे है। जो लोग जिला अध्यक्ष के तौर पर दो टर्म से ज्यादा समय पूरा कर चुके हैं, ऐसे लोगों को भी इस बार बदला तै था। उनकी जगह नए, युवा और बेदाग चेहरों को पार्टी मौका देना चाहती है इसी का परिणाम है कि हमीरपुर जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी युवा व बेदाग छवि के धनि सुनील पाठक को दी गयी।

लगातार बढ़ता जा रहा डायरिया

अवधनामा संवाददाता

बांदा। अस्पताल खुलने से लेकर बंद होने तक मरीजों की भीड़ कम नहीं हो रही है। ज्यादातर मरीज बुखार से पीड़ित नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को जिला अस्पताल में डेंगू की जांच करने के लिए 15 ब्लड सेंपल लिए गए। इनकी जांच के दौरान एक व्यक्ति डेंगू पाजिटिव पाया गया। प्रतिदिन डेंगू पीड़ितों की संख्या बढ़ती ही जा रही हैं। डेगू पाजिटिव मिले मरीज को तत्काल अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है, वहां उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। कहा है कि बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या फिर जिला अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार कराएं। डेंगू ने एकबारगी अपने पैर पसार लिए हैं। प्रतिदिन एक-दो मरीज पाजिटिव मिल रहे हैं। शुक्रवार की सुबह से ही जिला अस्पताल मे बुखार पीड़ित मरीजों की भीड़ जमा हो गई। लक्षणों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों ने 15 मरीजों को डेंगू की जांच कराने के लिए पैथालाजी भेजा। पैथालाजी विभाग ने ब्लड का सेंपल लेते हुए डेंगू की जांच की। जांच के दौरान शहर के सर्वोदय नगर मुहल्ला निवासी अरविंद (50) पुत्र भगत सिंह डेंगू पाजिटिव पाया गया। जांच रिपोर्ट देखने के बाद मरीज को जिला अस्पताल में भर्ती करते हुए उसका उपचार शुरू कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अब तक 35 डेंगू पाजिटिव मरीज जिले में मिल चुके हैं। मालुम हो कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तमाम उपाय भी किए हैं। इलाकों मे फागिंग कराने के साथ ही दवा का छिड़काव भी हो रहा है, लेकिन यह सब बेअसर साबित हो रहा है। प्रतिदिन मरीज डेंगू पाजिटिव मिल रहे हैं। इधर, गिरवां क्षेत्र के छिबांव गांव निवासी रामप्रकाश (44) कई दिनों से बुखार से पीड़ित है। परिजनों ने उसका गांव के ही चिकित्सकों से उपचार कराया। हालत बिगड़ने पर शुक्रवार को जिला अस्पताल लाए, वहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि युवक डेंगू के लक्षणों से पीड़ित है।

संयोजक के बाद अब भाजपा जिलाध्यक्ष बने संजय सिंह

अवधनामा संवाददाता

बांदा। भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक रहे संजय सिंह को अब पार्टी ने भाजपा जिलाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया है। इससे भाजपाइयों में खुशी की लहर है। 1984 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जुड़ने के बाद 1988 से 1994 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रहे अतर्रा निवासी संजय सिंह भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बनाए गए। पंचायत प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक तथा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष रहने के बाद श्री सिंह सिंह 20 वर्ष तक भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य रहे। 2012 से लेकर तीन बार लगातार भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे। इसके बाद भाजपा के जिला महामंत्री रहे और फरवरी 2022 से लेकर अभी तक भाजपा के जिला संयोजक का दायित्व निभाते रहे। पूर्वजों से मिली राजनीतिक

विरासत के फलस्वरुप 1995 से 2012 तक नगर पालिका में सभासद रहते हुए 2002 में उप चेयरमैन रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा संजय सिंह को भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जनपद के भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

खेलों से जुड़ें एनसीएल के युवाकर्मी: मनीष

एनसीएल में अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2023 हुई सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। गुरुवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2023 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रतियोगिता एनसीएल मुख्यालय स्थित सीईटीआई परिसर में आयोजित किया गया था। इस चार दिवसीय अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुल 149 मैच खेले गए जिसमें एनसीएल की 13 इकाइयों/परियोजनाओं से महिला प्रतिभागियों सहित 149 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इसके साथ ही महाप्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) श्री शफदर खान, कम्पनी जेसीसी सदस्य सीएमएस से श्री अजय कुमार, बीएमएस से श्री राकेश कुमार पांडेय, आरसीएसएस से श्री बी एस बिष्ट, एचएमएस से श्री अशोक कुमार पाण्डेय, सीएम ओएआई के महासचिव श्री सर्वेश सिंह, एनसीएल खेल प्रमोशन बोर्ड के सदस्य एवं मुख्यालय के श्रमिक संघ प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें। बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में निदेशक कार्मिक श्री मनीष कुमार ने कहा कि युवा एनसीएल कर्मियों को खेलों से जुड़ना चाहिए। साथ ही कर्मियों के समग्र विकास के प्रति एनसीएल प्रबंधन की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रतियोगिता के दौरान 8 श्रेणियों में एकल ओपेन पुरुष वर्ग , डबल ओपेन पुरुष वर्ग, एकल ओपेन महिला वर्ग, डबल ओपेन महिला वर्ग, एकल ओपेन वरिष्ठ पुरुष वर्ग, डबल ओपेन वरिष्ठ पुरुष वर्ग, एकल ओपेन अति वरिष्ठ पुरुष वर्ग एवं टीम चैंपियनशिप में मैच खेले गए। इस दौरान एकल ओपेन पुरुष वर्ग में जयंत क्षेत्र से श्री मनीष विश्वकर्मा विजेता बने और दूधीचुआ से श्री सूरज थापा उपविजेता बने। डबल ओपेन पुरुष वर्ग में जयंत से श्री मनीष विश्वकर्मा और दूधीचुआ से श्री सूरज थापा ने विजेता का खिताब अपने नाम किया।

गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए करें आवेदन

हमीरपुर। जनपद के मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अपर मुख्य सचिव, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग, उप्र शासन के पत्र संख्या 344 / चालीस-2023- 18-1-2021 टीसी-1 दिनांक 23.08.2023 में निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में वर्ष 2023-24 के लिये गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु प्रस्ताव आमन्त्रित किये जाते हैं। शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित रहे हों, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस (5 जनवरी) पर गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किये जाने व रूपये एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। उक्त पुरस्कार हेतु ऐसे व्यक्ति जो भारत का मूल नागरिक हो।

पीएम आवास की दूसरी किस्त न मिलने से लोग चिन्तित

हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। मुख्यालय में स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त के अभी तक न मिलने से ग्रामीणों में जहाँ चिन्ता की लकीरे दिखीं तो वहीं नाराजगी भी देनें को मिली। ग्रामीणों नें बताया कि हमारे सपनों का घर बनाने के लिए पहली किस्त सात माह पहले आई थी तब से दूसरी किस्त का इन्तजार करते करते आंखे थक गई परन्तु अभी दूसरी किस्त का इन्तजार नही खत्म हुआ इस लिए धैर्य का दामन हाथ से छूट गया। सभी लोगों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रर्दशन करते हुए जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा जिस में बताया कि पहली किस्त 16 फरवरी को आयी थी जिस से जितना मकान का काम हो सका वह करा लिया दूसरी किस्त न आने से घर अधूरा पड़ा है इस स्तिथि में बारिश के समय किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा शब्दों में बयान कर पाना असम्भव है। ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से विजय पाल, शिवराम, राममिलन तथा लालाराम शामिल रहे।

एएसपी ने साईबर अपराध के बारें में दिया ज्ञान

सुमेरपुर अवधनामा संवाददाता। अपर पुलिस अध्यक्ष माया राय वर्मा नें हरिहर महाविद्यालय सुमेरपुर में छात्र-छात्राओं/आमजन के साथ संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराध में डेविड कार्ड एटीएम फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी इनाम इत्यादि संबंधित लिंक भेजने संबंधित फ्रॉड और ओलेक्स, शॉपिंग प्लस संबंधित अपराध, एनीडेस्क क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड संबंधित, गूगल पर गलत कस्टमर केयर नंबर खोजने एवं फेसबुक व व्हाट्सएप संबंधित अपराधों के बारे में विस्तृत ढंग से बताया गया एवं कैसे इन अपराधों से बचा जाए उन तरीकों को बताया गया साथ ही इस संबंध में उनसे अपील की गई कि अपने पारिवारिक जनों व आस-पड़ोस के लोगों को भी साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरूक करें।

रोडवेज के संविदाकर्मी पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय

बाँदा अवधनामा संवाददाता। रोडवेज के संविदा ड्राइवरों का आरोप एआरएम की घूसखोरी से परेशान होकर साथी संविदा ड्राइवर ने विगत 11 तारीख को प्रयागराज में बस में ही फांसी लगाकर की थी आत्महत्या संविदा कर्मियों ने जिलाधिकारी को सौंप गए शिकायती पत्र में घटना की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की रोडवेज संविदा कर्मियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची मृतक संविदा ड्राइवर वेद प्रकाश की पत्नी वंदना ने भी रोडवेज के एआरएम लक्ष्मण सिंह पर घूसखोर का आरोप लगाया। मामला बांदा रोडवेज के एआरएम लक्ष्मण सिंह द्वारा संविदा कर्मियों के उत्पीड़न और घूसखोरी से जुड़ा हुआ है। इस मामले में सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाया जा रहा है वह सब असत्य व निराधार है, प्रयागराज में जो परिचालक के साथ घटना हुई है उसकी हम निष्पक्ष जांच करवाने के पत्र लिखकर भेज दिया और मृतक परिचालक के परिवार को जो भी सरकारी सहायता होगी दी जायेगी। इस मौके पर वंदना मृतक संविदा ड्राइवर वेद प्रकाश की पत्नी संतोष, राहुल, मुकेश सिंह सहित अन्य रोडवेज चालक व परिचालक मौजूद रहे।

निर्वाचन आयोग ने की मतदाता सूची संबंधी कार्यों की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश का भ्रमण करते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण संबंधी कार्यो की समीक्षा प्रारम्भ कर दी गयी है।

प्रदेश में जनपद कानपुर नगर, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा एवं मेरठ में 75 जनपदों के जिलाधिकारियों/जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस क्रम में आज दिनांक-15.09.2023 को जनपद कानपुर नगर में 17 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

17 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन

भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेन्द्र शर्मा एवं नितेश व्यास की अध्यक्षता में दिनांक 15.09.2023 को जनपद कानपुर नगर के कानपुर विकास प्राधिकरण के सभागार में 17 जनपदों यथा बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, खीरी, ललितपुर, लखनऊ, महोबा, रायबरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर तथा उन्नाव के जिलाधिकारियों/जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आगामी लोक सभा निर्वाचन की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में मतदाता सूची की तैयारियो के संबंध में चर्चा की गयी। उपर्युक्त बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धमेन्द्र शर्मा एवं नितेश व्यास के अतिरिक्त निदेशक दीपाली मासिरकर, सचिव, पवन दीवान एवं अवर सचिव, प्रफुल्ल अवस्थी द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा के साथ अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारीगण चन्द्रशेखर, निधि श्रीवास्तव, कुमार विनीत तथा रत्नेश सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में मतदाता सूची को शुद्ध बनाने हेतु अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने, मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने, ई0पी0 एवं जेण्डर रेशियो सुधारने के संबंध में निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारियों/जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह निर्देश दिये गये कि यह प्रयास किया जाए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित न रह जाए। बैठक में 18-19 वर्ग के युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु विश्वविद्यालयों, तकनीकी एवं मेडिकल कालेजों, आई0टी0आई0, पालीटेक्निक आदि शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में जिलाधिकारियों/जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि राजनैतिक दलों के साथ निरन्तर बैठकें आयोजित कर मतदाता सूची को शुद्ध बनाने में उनके भी सुझाव ले लिये जाएं तथा उनके सुझावों का गुण-दोष के आधार पर परीक्षण कर कार्यान्वित करने के संबंध में भी कदम उठाये जाए।

सैनिकों की आए दिन हो रही शहादत चिंता का विषय

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के ऊंचाई वाले इलाके में हुए आतंकी हमले में भारतीय सेना के एक मेजर आशीष धोंकच, सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह और जम्मू-कश्मीर के डीएसपी हुमायूं भट की शहादत से पूरा देश स्तब्ध है। कांग्रेस ने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा देश के सैनिकों की आए दिन हो रही शहादत चिंता का विषय है। पार्टी प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने बताया कि अनंतनाग में हुए आतंकी हमले में शहीद सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शुक्रवार को कांग्रेसियों ने शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर शहीद जवानों के चित्र के सामने मोमबत्ती जला कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से महासचिव प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, नरेन्द्र गौतम, शमीम खान, साबरा खातून, परवीन खान, प्रभाकर मिश्रा, सम्पूर्णानंद मिश्रा, सुभाष मिश्र, नितान्त सिंह, दीपक भट्ट, हम्माम वहीद, डॉ. शाहनवाज आलम, अंकित सक्सेना, डॉ. अजय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष का भाजपा महानगर कार्यालय पर स्वागत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर का अध्यक्ष घोषित होने के उपरांत आनंद द्विवेदी ने हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और हनुमान जी व सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके पश्चात आनंद द्विवेदी भाजपा महानगर कार्यालय कैसरबाग पहुंचे इस दौरान युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह,यशवेंद्र सिंह व बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का काफिला उनके साथ था। कार्यालय पहुंचने पर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग और कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़े व पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया।

जबरदस्त आतिशबाजी के साथ नए अध्यक्ष का कैसरबाग कार्यालय पर स्वागत हुआ। महानगर पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठों विभागों के संयोजकों, मण्डल अध्यक्षों तथा पार्षदो द्वारा अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ और मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष/सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने आनंद द्विवेदी को अंग वस्त्र व पुष्प कुछ भेंट कर बधाई दी। महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी ने नए अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने लखनऊ महानगर संगठन में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। लगातार 7 वर्ष 8 महीने लखनऊ अध्यक्ष के रूप में संगठन में अपने दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन किया है।

अनुप्रिया पटेल पत्रकार की भाभी के निधन पर दुखी

लखनऊ। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व

उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वरिष्ठ पत्रकार हेमंत श्रीवास्तव की भाभी एवं देवरिया नगर पालिका परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष बसंत कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी नीलिमा श्रीवास्तव के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

क्या तुम नही चाहते अल्लाह तुम्हे माफ करदे: मौलाना अकबर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। क्या तुम नही चाहते हो की अल्लाह तुम्हे माफ करदे,अगर तुम चाहते हो की अल्लाह तुम्हे माफ करदे तो तुम लोगों को माफ कर दो ताकि अल्लाह तुम्हे माफ कर दे।यह बयान मौलाना अकबर अली खान ने मुफ्तीगंज में अजाखानाए शायर अनवर बरेलबी के अज़ाखाने की सालाना मजलिस में बयान किया। मौलाना ने कहा की इमाम हुसैन अलैहिस सलाम ने नेज़े पर कुरआन की तिलावत करके बता दिया की देखो शहीद कभी मरता नहीं है, ता कयामत कुरआन ज़िंदा रहेगा और कर्बला के शहीद ज़िंदा रहेंगे। मौलाना ने मसायब बयान करते हुए कहा की अमर बिन मारूफ नही अनिल मुनकर के लिए इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने कुनबे दोस्त व रिश्तेदारों के साथ कर्बला पहुंचें, जिसमे महिलाएं व छोटे छोटे बच्चे भी थे,मौलाना ने अली असगर की शहादत मार्मिक रूप से बयान किया जिसे सुन कर अजादार बिलख बिलख कर रो दिए।

अंजुमन नासिरुल इस्लाम को नजरुल इस्लाम ने नीं पढ़वाया

लखनऊ। अज़ादारी ही एक ऐसा मर्कज़ है जहां सभी विचार के लोग एक साथ मिलते हैं लेकिन कुरआ अंदाज़ी के दिन एक नया मामला सामने आया है पुराने लखनऊ के हातामिर्ज़ा अली खां की अंजुमन नैयरुल इस्लाम की शब्बेदारी के लिए बुलाई गयी कुरा अंदाज़ी में हुसैनाबाद की अंजुमन नासिरुल इस्लाम को बुलाकर भी शामिल न किये जाने से लोगों में नाराज़गी है नासिरुल इस्लाम के एक ज़िम्मेदर ने नाम न छपने की शर्त पर इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा की नैयरुल इस्लाम की तरफ से दावत नामा भेज कर बुलाया गया था और मिसराह तरह भी बताया गया था जिस पर हमारी अंजुमन के शायर ने कलाम भी लिखा था जिसकी तयारी की थी लेकिन कुरा अंदाज़ी में न शामिल किया जाना मिशन इमाम हुसैनअस की अनदेखी है जहां पर सभी मज़हब के लोग अपने अपने अंदाज़ में खिराजे अक़ीदत पेश करते हैं वहाँ ऐसी हरकत से अज़ादारों को ठेस पहुंची हैं।

सैन्य डॉक्टरों ने जबड़े को पुनर्स्थापित करने में पायी सफलता

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पोस्ट कोविड ब्लैक फंगस से ऊपरी जबड़े के गायब होने की दशा में लखनऊ के सैन्य डॉक्टरों की टीम ने 3डी प्रिंटेड मेक इन इंडिया इम्प्लांट प्रोस्थेसिस के साथ जबड़े को पुनर्स्थापित करने में सफलता हासिल की है।

देश में कोरोना वायरस की विनाशकारी दूसरी लहर देखी गई और बड़ी संख्या में ब्लैक फंगस या नाक और ऊपरी जबड़े के म्यूकोर्मिकोसिस संक्रमण सहित पोस्ट,कोविड केस देखे गए। इस जीवन घातक फंगल संक्रमण का उपचार आक्रामक सर्जिकल क्षत, विक्षतीकरण है जिसके परिणामस्वरूप अक्सर ऊपरी जबड़ा आंशिक या पूर्ण रूप से हटा दिया जाता है।

एक 37 वर्षीय महिला को पोस्ट कोविड-19 ब्लैक फंगस संक्रमण के प्रबंधन के लिए 15 जून 2021 को वायु सेना अस्पताल गोरखपुर से कमान अस्पताल लखनऊ में स्थानांतरित किया गया था। मरीज के ऊपरी जबड़े के दाहिने आधे हिस्से को सर्जिकल रूप से हटाने और आक्रामक एंटीफंगल थेरेपी के लिए ईएनटी और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग की विशेषज्ञ टीम की ओर से उसका प्रबंधन किया गया था। इसके परिणामस्वरूप नाक गुहा और मौखिक गुहा के बीच संचार में सर्जिकल अवशिष्ट दोष हो गया और ऊपरी जबड़े के दाहिनी ओर के सभी दांत नष्ट हो गए। फलस्वरूप उसकी वाणी, चबाने और सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी।

इस दौरान मरीज को एक पारंपरिक ऐक्रेलिक ऑबट्यूरेटर डेन्चर प्रदान किया गया। परन्तु मरीज संतुष्ट नहीं थी क्योंकि यह डेन्चर टिक नहीं पा रही थी और पकड़ की कमी के कारण ढीली पड़ गई थी। डॉक्टरों ने उसे वर्चुअल 3डी मॉडल और नवीनतम ब्लू स्काई सॉफ्टवेयर का उपयोग करके योजना के आधार पर 3डी प्रिंटेड टाइटेनियम इम्प्लांट के साथ अंतिम पुनर्वास के लिए लाया गया।

मरीज के जबड़े के पुनर्वास सर्जरी 9 अगस्त 2023 को ब्रिगेडियर मुक्तिकांत रथ के नेतृत्व में सीएमडीसी की सर्जिकल टीम ने की गई थी। अंतर अनुशासनात्मक दृष्टिकोण में कर्नल मुनीश कुमार, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, लेफ्टिनेंट कर्नल आजाद खान चौधरी, मैक्सिलोफेशियल सर्जन, लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव शेट्टी प्रोस्थोडॉन्टिस्ट और सब मैथ्यू अनीश लैब तकनीशियनों की एक टीम शामिल थी।

महिला कांग्रेस के 40 पूरे, फहराया झण्डा

लखनऊ। महिला कांग्रेस के 40 साल पूरे होने पर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने महिला कांग्रेस का झण्डा फहराया। ममता चौधरी ने बताया कि महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने देश में फैल रही साम्प्रदायिक नफरत, हिंसा और ध्रुवीकरण के खिलाफ लडने, समाज में जाति-धर्म-लिंग और वर्ग के आधार पर हो रहे भेदभाव को हर स्तर पर मिटाने, देश में बढ़ती महंगाई और महिला असुरक्षा को मिटाने के लिए आवाज उठाने की प्रतिज्ञा ली। उन्होंने बताया कि इस मौके पर प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह भी मौजूद थे। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस महिला अधिकारों के प्रति बहुत संवेदनशील है और उन्हें उनका हक दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है।

रक्षा मंत्री की प्रेरणा से हज़ारों लोगों की जिंदगी में चमत्कार ला रहा है अंबर फाउंडेशन

अवधनामा ब्यूरो

आज 3 बजे चौक स्टेडियम समीप स्थित जेबीपी गार्डन में जनमानस को संबोधित करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

लखनऊ। बच्चा जब पढ़ने बैठता, तो अपने सिर में दर्द बताता। माता पिता और टीचर इसको बहाना बता कर बच्चे को ढांटते, परन्तु सिर का दर्द था कि समाप्त ही नहीं होता था। ग़रीब घर के बच्चे के माता पिता को पता भी चल जाता कि सिर दर्द आंखों की कमज़ोरी के कारण है तो चश्मा बनवाना उनके लिए बड़ा खर्चा था।

पुराने लखनऊ का एक व्यस्क व्यक्ति दिन भर चिकनकारी के अड्डे पर बैठ अपनी आंखें गड़ाए सुई धागे से काम करता था। उसकी आंखों से पानी बहता, आंखें पोंछकर फिर काम में जुट जाता। दिन भर की नफरी पर दिन में देढ़ दो सो रूप्ये मिलना थे।

उसको नहीं पता था कि सुई की नोक पर आंखें गड़ाए गड़ाए बीते वर्षो में उसकी निगाहें कमज़ोर हो गई हैं। पता भी चल जाता तो चश्मा बनवाना एक बड़ा खर्चा प्रतीत होता था।

लखनऊ और आसपास के ऐसे असंख्य ग़रीब परिवारों के लिए अंबर फाउंडेशन के संस्थापक वफा अब्बास मसीहा बन कर सामने आए हैं। असंख्य बच्चों की मुफत आंखों की जांच के बाद पता चला कि चश्मा लगना है तो अंबर फाउंडेशन ने मुफत में ही उनका चश्मा बनवा डाला। अब ऐसे बच्चे बेहतर तौर पर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकते हैं। जिन ग़रीबों की आंखे कमज़ोर थीं, उनका चश्मा बना तो उनकी न केवल जिंदगी बदल गई बल्कि उनकी आमदनी भी 20 प्रतिशत तक बढ़ गई। अंबर फाउंडेशन का मिशन है एक वर्ष में 25000 लोगों की मुफत में आंखों की जांच करके चश्मा देने का, 3000 मोतिया बिन आदि का आप्रेशन करवाना और 1000 ग़रीब घर के बच्चों की स्कूल की फीस देना।

बच्चे के जीवन के शुरुवाती वर्ष ही उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं

बच्चों के विकास हेतु किया गया प्रत्येक निवेश महत्वपूर्ण: यूनिसेफ प्रमुख

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। बच्चे के जीवन के शुरुवाती वर्ष ही उसके उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं। किन्तु कुछ बच्चों को इन वर्षों में उचित देखभाल और विकास के अवसर नहीं मिल पाते। अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट में निवेश कर प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने में सहयोग मिल सकता है। यूनिसेफ द्वारा लखनऊ में अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कराया गया जिसका समापन आज हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश में अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट पर काम करने वाले अन्य संगठनों ने कार्यशाला में भाग लिया और प्रदेश में ईसीडी मॉडल को बेहतर बनाने के लिए अपनाए जाने वाले महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उत्तर प्रदेश सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव अनामिका सिंह ने कहा, कार्यशाला ने निश्चित रूप से विभाग के अधिकारियों को उत्तर प्रदेश में ईसीडी हस्तक्षेप को बेहतर बनाने के तरीकों के बारे में सोचने का अवसर दिया है। हमें बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए पोषण के साथ ही ईसीडी के अन्य पहलुओं पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। सुश्री सिंह ने बच्चों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अंतर-विभागीय समन्वय की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

एलआईसी जन-जन तक सेवायें पहुंचाने के लिये हिन्दी भाषा का करता है प्रयोग: गुप्ता

अवधनामा ब्यूरो

जन मानस से जुड़ाव के लिए राजभाषा हिन्दी एक सबल माध्यम

कानपुर/लखनऊ। भारतीय जीवन बीमा निगम, उत्तर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी दिवस का उदघाटन प्रादेशिक प्रबन्धक (ग्राहक संबंध प्रबंधन/दावा) देवू कुमार चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर दिनांक 14 सितम्बर 2023 को प्रातः 10:30 बजे क्षेत्रीय कार्यालय भवन के मुख्य द्वार पर किया गया। इस अवसर पर कविता मनमोहन प्रादेशिक प्रबन्धक (कार्मिक एवं औ.सं.), राजीव शर्मा, मुख्य अभियंता, नीरज जैयसवाल, प्रादेशिक प्रबन्धक (बीमांकन) शरद त्रिपाठी, सचिव (अंकेक्षण) सहित सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने संदेश दिया कि व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के युग में अपने उत्पाद एवं सेवायें जन सामान्य तक सम्प्रेषण हेतु हिन्दी भाषा का महत्व सर्वविदित हैं। हम पॉलिसी सेवा के विभिन्न आयामों को हिन्दी के प्रयोग द्वारा जनता के सभी वर्गो तक सफलतापूर्वक पहुँचाने में न केवल सक्षम हो सके है बल्कि ग्राहक संतुष्टि के उच्चतम कीर्तिमान भी हिन्दी संवाद के माध्यम से स्थापित किए गए हैं। हमारा निगम उत्पादों एवं सेवायें जन जन तक पहुँचाने हेतु हिन्दी भाषा का प्रयोग करता हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्तरोत्तर विकास में हिन्दी का अनुकरणीय योगदान रहा है। निगम के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विकास अधिकारियों एवं अभिकर्ताओं से आह्वान करता हूँ कि

वे संकल्प लें कि न केवल वे अपना समस्त काम काज हिन्दी में करेंगे बल्कि राजभाषा हिन्दी की प्रगति में भी सक्रिय योगदान प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर प्रादेशिक प्रबन्धक (ग्राहक संबंध प्रबंधन / दावा) देबू कुमार चौधरी जी ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम एक विशाल संगठन है जो कि बीमा उत्पादों के माध्यम से यह जनमानस के साथ साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता है। जन मानस से जुड़ाव के लिए राजभाषा हिन्दी एक सबल माध्यम हैं एवं यह निगम व्यवसाय के सर्वांगीण विकास में सहायक है। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता हेतु कहा। प्रादेशिक प्रबन्धक (का. एवं औ. सं.) कविता मनमोहन ने हिन्दी का प्रयोग पखवाड़े तक सीमित न रखकर पूरे वर्ष के दौरान अधिक से अधिक कार्य हिन्दी करना चाहिए। उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय राजभाषा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों सहित समस्त उपस्थित जन समूह का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा हिन्दी हमारी संस्कृति और संस्कारों कि भाषा है। हमारे महत्वपूर्ण ग्रंथ देवनागरी लिपि में ही लिखे गए है। राजभाषा हिन्दी हम सभी को एक साथ जोड़कर रखने का कार्य करती है। हम सभी अपना कार्य अधिक से अधिक राजभाषा हिन्दी में करें। सहायक सचिव (मानव संसाधन विकास) अनिल कुमार बाजपेई द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलायी गयी। सुरेश चन्द्र गौतम, प्रादेशिक प्रबन्धक (मानव संसाधन विकास)/ क्षेत्रीय राजभाषा संपर्क अधिकारी ने राजभाषा हिन्दी के शत प्रतिशत प्रगामी प्रयोग की प्रगति पर जोर देते हुये कहा अधिक से अधिक संख्या में हिन्दी पखवाड़ा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में सहभागिता करें।

जी20 शिखर सम्मलेन का सफल आयोजन देश के लिए रहा गौरवमय

रेलटेल द्वारा एकीकृत दूरसंचार समाधान और कैरियर क्लास साइबर सुरक्षा समाधान की सेवाएं सफलतापूर्वक प्रदान की गई

अवधनामा ब्यूरो

नई दिल्ली/लखनऊ। हाल ही में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मलेन का सफल आयोजन देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गौरवमय रहा है। इस सम्मलेन में विश्व के अनेक नेता, वैश्विक समस्याओं के समाधान करने के लिए एक छत के नीचे एकत्र हुए। इस अवसर पर रेलटेल को प्रगति मैदान में , विशेष रूप से उद्घाटन किए गए नए भारत मंडपम और प्रदर्शनी हॉल में एकीकृत दूरसंचार समाधान की सेवाएँ प्रदान करने का काम सौंपा गया था। अत्याधुनिक मोबाइल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और एक न्यूट्रल इन बिल्डिंग टेलिकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए रेलटेल और उसके साझेदारों द्वारा 3600 से अधिक मानव- दिवसों का निवेश किया गया , जिससे 122 एकड़ के विशाल आईटीपीओ परिसर में मोबाइल कवरेज में काफी वृद्धि हुई। इस दूरसंचार बुनियादी ढांचे में 1675 इंडोर एंटेना ,300 एक्सेस प्वाइंट, 35 किमी से अधिक आरएफ केबल और 25 किमी फाइबर केबल शामिल है।परियोजना के हिस्से के रूप में वाईफाई बुनियादी ढांचे को रणनीतिक रूप से बाहरी गलियारो में रखा गया था , जिसमे जी20 कार्यक्रमों के लिए निर्धारित विभिन्न हॉलों का शामिल किया गया था और वाईफाई पहुंच के लिए बैंक क्लएंड आईटी बुनियादी ढांचे को इनडोर वाई-फाई बुनियादी ढांचे के साथ सहजता से एकीकृत किया गया

122 एकड़ के आईटीपीओ परिसर में वैश्विक मानक की निर्बाध दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए 1675 इनडोर एंटेना. 35 किलोमीटर से अधिक आरएफ केबल और 25 किलोमीटर फाइबर केबल के साथ एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार किया गया।

था। रेलटेल ने ऑन क्लडिमांड वायर्ड इंटरनेट सुनिश्चित करते हुए एक सुरक्षित और मजबूत टेलिकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया। इसके अतिरिक्त रेलटेल ने दूरसंचार कंपनियों को पेसिव इंफ्रा की सुविधा भी उपलब्ध करायी। रेलटेल ने 5 अलग-अलग भौतिक पथों के माध्यम से दो इंटरनेट अप स्ट्रीम से इंटरनेट बैंडविड्थ का प्रावधान किया। इसने पूरे आयोजन के नेटवर्क वातावरण के भीतर अनधिकृत पहुंच और अनधिकृत गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षित कॉन्फ़िगरेशन प्रबंधन, फ़ायरवॉल परिनियोजन और घुसपैठ रोकथाम प्रणालियों सहित नेटवर्क बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक साइबर सुरक्षा समाधान भी लगाए गए। जी20 के लिए सुरक्षित और लचीला दूरसंचार समाधान प्रदान करने के लिए रेलटेल ने विदेश मंत्रालय के मार्गदर्शन में सीडीएसी, सीईआरटी-आईएन, एनआईसी और एमएचए के साथ समन्वय किया। दूरसंचार, आईटी और रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन में मोबाइल सेवा प्रदाताओं के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा परियोजना में सहयोग दिया गया। रेलटेल ने भारत मंडपम, राजघाट क्षेत्र ,नई दिल्ली ससंद मार्ग से जय सिंह मार्ग स्थित दिल्ली पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) तक कैमरा फ़ील्ड को एकीकृत करने के लिए एंड टू एंड बैंडविड्थ भी प्रदान किया है। इस निर्बाध कनेक्टिविटी ने दिल्ली पुलिस और अन्य प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों को जी -20 कार्यक्रम की सुरक्षा और दिल्ली भर में समर्पित मार्गों पर जी-20 प्रतिनिधिमंडल की आवाजाही की बारीकी से नज़र रखने और सक्रिय रूप से निगरानी करने में सक्षम बनाया।

जीआरपी के गस्त की खुली पोल

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात जीआरपी के गस्त की पोल खुल गई। शुक्रवार को चारबाग रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर एक व्यक्ति का शव करीब चार घंटे पड़ा रहा। जिसकी जानकारी जीआरपी को भी नहीं हो सकी। सफाई कर्मी की सूचना के बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया है। जिसकी पहचान अधेड़ उम्र के एक मानसिक मंदित व्यक्ति के रूप में हुई, जो अक्सर स्टेशन के आसपास रहता था। जीआरपी उसका पंचनामा कराकर अंतिम संस्कार करायेगी। जीआरपी 72 घंटे तक पहचान के लिए शव कब्जे में रखने के बाद अंतिम संस्कार करायेगा।

राजनीतिक द्वेष के कारण कराया गया था मुकदमा: मारूफ

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व चेयरमैन मारूफ खान ने उनके और उनकी पत्नी के खिलाफ बीती 16 जुलाई को चौक कोतवाली में दर्ज मुकदमा उच्च न्यायालय से खारिज होने के बाद कहा कि झूठे तथ्यों पर आधारित मुकदमा राजनीतिक द्वेष और सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए दर्ज कराया गया था। उन्होंने कहा कि दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति के बिल्डर मोहम्मद नियाज गाजी और गुलफाम सिराज तमाम अवैध कब्जे कर अवैध निर्माण करा चुके हैं। इन पर समाजवादी पार्टी नेताओं व सपा सरकार में प्रमुख पदों पर रहे शासन के अधिकारियों का हाथ है। मारूफ खान ने कहा कि मोहम्मद नियाज गाजी और गुलफाम सिराज ने उनके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा को चोट पहुंचायी है। उनका सामाजिक व राजनतिक तौर पर जो नुकसान हुआ है उसके खिलाफ वे न्यायालय में मानहानि का दावा करेंगे।